दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अक्षय तृतीया

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, बुधवार, 30 अप्रैल 2025 शुक्ल पक्ष-द्वितीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 20 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

पहलगाम में आतंकी हमला कराने के बाद खुद पाकिस्तान आतंकित हो गया है। भारत के कठोर रूख अख्तियार करने से पाकिस्तान के हुक्मरानों और पाकिस्तानी आर्मी की नींद हराम है। वे अपने परिवार को विदेश भेज रहे हैं। पाकिस्तान सेना से अफसरों और सैनिकों के धड़ाधड़ इस्तीफे हो रहे हैं। इसके बावजूद वो हेकड़ी दिखाने से बाज नहीं आ रहे हैं। पाकिस्तान के एक पूर्व मंत्री ने गीदड़ भभकी दी है कि पाकिस्तान भारत पर पहले हमला करेगा और कहां से घुंसेगा यह भारत को पता ही नहीं चलेगा। पाकिस्तान जंग का आगाज तो करे उसे अंजाम तक भारत पहुंचाएगा।

एक मई को भाजपा की बड़ी कार्यशाला, पूर्व केंद्रीय मंत्री, सीएम सहित पूरा मंत्रिमंडल, सांसद, विधायक भी रहेंगे मौजूद

वक्फ संशोधन बिल : देशभर में जनजागरण अभियान चलाने का फैसला

रायपुर/नवप्रदेश । वक्फ संशोधन बिल को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में जनजागरण अभियान चलाने का फैसला किया है। इस अभियान को प्रारंभ करने से पहले सभी राज्यों में राज्य संगठनों की कार्यशाला की जा रही है। छत्तीसगढ़ में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर में पहले 25 अप्रैल को कार्यशाला रखी गई थी, लेकिन इसको स्थगित कर दिया गया था, अब इसको एक मई को करने का फैसला किया गया है। इस कार्यशाला में पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह आएंगे। पहले इसमें भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और जनजागरण अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी दुष्यंत गौतम आने वाले थे।

इस कार्यशाला में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूरा मंत्रिमंडल, सभी विधायक, सांसद और प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधि रहेंगे। वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्यसभा में पास होने तथा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने के बाद अब यह कानून बन गया है, लेकिन यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी चला गया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कार्यशाला में बनेगी रणनीति

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एक मई को सुबह 11 बजे से होने वाली कार्यशाला में पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के सभी मंत्री, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश के सभी पदाधिकारी, कोर कमेटी, सभी सांसद, विधायक, नगर निगमों के महापौर, सभापति, नगरपालिका, नगर पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायतों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, सभी जनप्रतिनिधि, सभी जिला अध्यक्ष, जिले-संभाग के प्रभारी, मोर्चा के अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के संयोजक, जन जागरण अभियान के लिए बनाई गई समिति के सदस्य शामिल होंगे। कार्यशाला में यह रणनीति तय होगी कि किस तरह से मुस्लिम समुदाय के घर-घर जाकर वक्फ बिल के बारे में जानकारी देनी है और बताना है कि यह मुस्लिम समुदाय के लिए कितना फायदेमंद है। पहले जन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आज

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार 30 अप्रैल 2025 को सवेरे 11.30 बजे राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक अटल नगर नवा रायपुर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन)में आयोजित होगी।

मोदी ने कार्नी को प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई दी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा के संसदीय चुनाव में लिबरल पार्टी की जीत और मार्क कार्नी को देश का नया प्रधानमंत्री चुने जाने पर उन्हें बधाई दी है। मोदी ने 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, 'कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में आपके चुने जाने और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं।' श्री मोदी ने कहा, 'मैं हमारी साझीदारी को मजबूत करने और हमारे लोगों के लिए अधिक से अधिक अवसरों का उपयोग करने के लिए आपके साथ काम करने के लिए तत्पर हूं।'

चुनाव में जीत के बाद पीएम मार्क कार्नी ने कनाडाई लोगों को चेताया

टोरंटो (ए.)। कनाडा में हुए आम चुनाव में पीएम मार्क कार्नी के नेतृत्व में लिबरल पार्टी की जीत हुई है। कनाडाई संसद में लिबरल पार्टी ने 343 सीटों में से कंजरवेटिव्स से ज्यादा सीटें हासिल की हैं। चुनाव में जीत के बाद पीएम मार्क कार्नी ने विजय भाषण में कनाडाई लोगों को चेताया। कार्नी ने कहा कि ट्रंप हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए हमें सचेत रहने की जरूरत है। ओटावा में विजयी भाषण के दौरान पीएम मार्क कार्नी ने अमेरिका की धमकियों के जवाब में कनाडा की एकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से कनाडा और अमेरिका ने जिस पारस्परिक रूप से लाभकारी प्रणाली को साझा किया था, वह अब खत्म हो चुकी है।

पाकिस्तानी सेना ने लगातार पांचवीं रात नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी की

श्रीनगर (वार्ता) । जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान और भारत के बीच लगातार पांचवीं रात गोलीबारी हुई। सेना ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम उल्लंघन की खबरें कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामुल्ला जिलों और जम्मू के अखनूर सेक्टर से आई हैं। सेना ने मंगलवार को कहा, 28-29 अप्रैल 2025 की रात को, पाकिस्तानी सेना ने कुपवाड़ा और बारामुल्ला जिलों के साथ-साथ अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना ने उकसावे का जवाब दिया।गोलीबारी के दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सोमवार को कश्मीर में नियंत्रण रेखा के अलावा, पाकिस्तान ने जम्मू के पुंछ क्षेत्र में छोटे हथियारों से गोलीबारी की थी।

नक्सल विरोधी अभियान ऑपरेशन कगार

छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर आठवें दिन 24,000 जवानों ने घेरी पहाड़ी

बीजापुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के पास 800 वर्ग किलोमीटर के बड़े क्षेत्र में आठवें दिन भी नक्सल विरोधी अभियान ऑपरेशन कगार जारी है। इसमें कर्रेगुट्टा की पहाड़ियां भी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ और केंद्रीय बलों के 24,000 से अधिक जवान प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मिशन में भाग ले रहे हैं।

ये माओवादी समूह शामिल

ऑपरेशन कगार का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र को कई नक्सल समूहों के नियंत्रण से मुक्त करना है, जिसमें दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी), तेलंगाना राज्य समिति (टीएससी), पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन नंबर-1, सीआरसी कंपनी और अन्य माओवादी समूह शामिल हैं। ये समूह इस क्षेत्र का उपयोग हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए एक सुरक्षित ठिकाने के रूप में कर रहे हैं, जिसेस निर्दोष स्थानीय लोगों की जान को खतरा है।

जारी रहेगा अभियान

कुछ हफ्ते पहले नक्सली घटना में कई नागरिक घायल हो गए थे और उसर इलाके में एक महिला की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने कहा कि यह सुरक्षाबलों की जिम्मेदारी है कि वे इलाके को खाली करवाएं और सुनिश्चित करें कि यह स्थानीय आबादी के लिए सुरक्षित है। अधिकारियों ने कहा है कि जब तक सभी अवैध माओवादी समूहों को क्षेत्र से हटा नहीं दिया जाता, तब तक ऑपरेशन जारी रहेगा।

अब तक तीन नक्सली ढेर

उन्होंने नक्सल सदस्यों से हिंसा छोड़ने और आत्मसमर्पण करने का भी आग्रह किया, उन्हें सामान्य जीवन में लौटने और समाज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हिड़मा, दामोदर और देवा जैसे मोस्ट वांटेड नक्सली मौजूद

पुलिस सूत्रों के अनुसार, हिड़मा, दामोदर, देवा जैसे मोस्ट वांटेड नक्सली कमांडरों और अन्य नक्सली नक्सली सहित शीर्ष नक्सली नेताओं की मौजूदगी के बारे में सटीक खुफिया जानकारी के मिलने के बाद छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना के सुरक्षाबलों को छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के पास बीजापुर के जंगल और कर्रेगुट्टा पहाड़ी की घेराबंदी करने के लिए भेजा गया। छत्तीसगढ़ के डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ, कोबरा और सीआरपीएफ के सुरक्षाकर्मी अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान में हिस्सा ले रहे हैं।

नक्सलियों के समर्थन में उतरे कई संगठन

सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन के बीच नक्सलियों के समर्थक अनेक संगठन सरकार पर शांतिवार्ता के लिए प्रेशर बनाने में जुट गए हैं। इन्हीं में से नागरिक समाज संगठनों और व्यक्तियों के एक व्यापक गठबंधन ने सरकार को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार करने और अभियान रोकने की बात कही है। दरअसल, नागरिक समाज संगठनों और व्यक्तियों के एक व्यापक गठबंधन ने सरकार और नक्सलियों के बीच तत्काल शांति वार्ता के लिए एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। जिसमें कहा- नक्सलियों ने कई पत्रों और प्रेस साक्षात्कारों के माध्यम से एकतरफा युद्ध विराम की अपनी इच्छा की घोषणा की है। इसलिए भारत सरकार के लिए यह जरूरी है कि वह भी युद्धविराम की घोषणा करे और शांति वार्ता शुरू करे।

इन संगठनों ने की अपील - बैठक को कई प्रमुख हस्तियों ने संबोधित किया, जिनमें जी. हरगोपाल (शांति संवाद समिति, तेलंगाना), बेला भाटिया (छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन), शशिकांत सेंथिल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रतिभा, मिजाज और प्रौद्योगिकी की त्रिमूर्ति ही भारत के भविष्य को बदलेगी : पीएम मोदी

नई दिल्ली(ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में नवाचार तंत्र में निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित युग्म सम्मेलन का मंगलवार को शुभारंभ किया। राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन किया गया। युग्म सम्मेलन अपनी तरह का पहला महत्वपूर्ण नीतिगत सम्मेलन है। इसमें सरकार, शैक्षणिक क्षेत्र, उद्योग जगत और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र से संबंधित दिग्गज शामिल हो रहे हैं।

इस दौरान पीएम मोदी ने गणमान्य अतिथियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने ड्ढत्तरू इनोवेशन कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा, मिजाज और प्रौद्योगिकी की त्रिमूर्ति ही भारत के भविष्य को बदल देगी। इसके लिए हम भारत के बच्चों को बचपन में ही जरूरी एक पोस्टर दे रहे हैं। हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 वर्षों की समयसीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं। इसलिए ये जरुरी है कि हमारे विचार की प्रोटोटाइप से उत्पाद तक की यात्रा भी कम से कम समय में पूरी हो।

एकजुटता को ही युग्म कहते हैं

इससे पहले पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां सरकार, एकेडमी, साइंस और रिसर्च से जुड़े भिन्न भिन्न क्षेत्र के लोग इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। इस एकजुटता को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर

प्रधानमंत्री ने कहा, किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर होता है, इसलिए ये जरूरी है कि हम अपने युवाओं के भविष्य के लिए और उनको भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करें। इसमें बड़ी भूमिका देश के एजुकेशन सिस्टम की भी होती है, इसलिए हम देश के एजुकेशन सिस्टम को 21वीं सदी की जरूरतों के मुताबिक आधुनिक बना रहे हैं। दीक्षा प्लेटफॉर्म के तहत वन नेशन, वन डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया गया है। यह पूरी तरह से एआई पर आधारित है। इसका इस्तेमाल देश की 30 से ज्यादा भाषाओं और 7 विदेशी भाषाओं में टेक्स्टबुक तैयार करने में हो रहा है।

देश के खुफिया चीफ तपन डेका पहुंचे छत्तीसगढ़

■ **आलाधिकारियों के साथ करेंगे गुप्त बैठक**

रायपुर/नवप्रदेश। देश के खुफिया चीफ तपन डेका मंगलवार को छत्तीसगढ़ पहुंचे गए है। उनका छत्तीसगढ़ दौरा ऐसे मौके पर हुआ है, जब देश में आतंकी हमले की गूंज के बीच छत्तीसगढ़ में देश के सबसे बड़े नक्सल ऑपरेशन की चर्चा है। प्रदेश के बीजापुर जिला के कुर्रेगुटा पहाड़ी पर बीते 8 दिनों से नक्सल ऑपरेशन जारी है और इस ऑपरेशन को छत्तीसगढ़ सहित तीन राज्य महाराष्ट्र और तेलंगाना के जवान अंजाम दे रहे हैं। ऑपरेशन में 10 हजार से अधिक जवान शामिल हैं। बताया जा रहा है कि पहाड़ी पर छुपे हुए 1500 नक्सलियों को जवानों ने घेर रखा है। इस ऑपरेशन को लेकर राज्य और केंद्र की सरकार अलर्ट है। इसी बीच खुफिया चीफ का छत्तीसगढ़ दौरा होना ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खड़गे-राहुल ने संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए मोदी को लिखा पत्र

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले के कारण उपजी स्थिति पर विचार विमर्श के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है। कांग्रेस अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को सोमवार को लिखे अलग- अलग पत्र में कहा है कि यह वक्त देश की एकजुटता को प्रदर्शित करने का है इसलिए संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाकर यह कड़ा संदेश देना आवश्यक है कि देश संकट की घड़ी में एकजुट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

साय सरकार का एक और वादा पूरा

यूपीएससी मेंस क्लियर करने वाले छात्रों को मिलेंगे एक लाख रुपए

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को पीएससी मेंस क्लियर करने वाले छात्रों को एक लाख रुपए की सौगात दी। सीएम साय के निर्देश पर नगरीय प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। महापौर सम्मान राशि के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। निकाय चुनाव के घोषणा पत्र में वादा शामिल था।

उल्लेखनीय है कि, यूपीएससी ने सिविल सर्विसेज एग्जाम 2024 का फाइनल रिजल्ट डिक्लेयर हो गया है। छत्तीसगढ़ से फिलहाल पांच लोगों के चयनित होने की सूचना है। रायपुर की पूर्वा अग्रवाल ने यूपीएससी में 65 वीं रैंक हासिल की है। वहीं, जगदलपुर की मानसी जैन को 444 वीं रैंक मिली है। अंबिकापुर के केशव गर्ग को 496 वीं रैंक मिली है। मिली जानकारी के मुताबिक, अंबिकापुर की शची जायसवाल को 654वीं रैंक मिली है। इसी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एक बार और सफल हो चुकी हैं पूर्वा

पूर्वा अग्रवाल यूपीएससी 2023 की परीक्षा में आईपीएस पद के लिए चुनी गई थी। उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर मिला था, तब उन्हें 189वीं रैंक मिली थी। इस बार रैंकिंग में सुधार आया है। पूर्वा ने 2023 का रिजल्ट आने पर कहा था कि अपनी बहन और कई सीनियर्स को यूपीएससी की तैयारी करते देख उन्हें यह प्रेरणा मिली। पूर्वा अग्रवाल ने बताया कि स्कूली शिक्षा बिलासपुर से पूरी की। वह मूलत- रायगढ़ के खरसिया की रहने वाली हैं। उन्होंने मल्टीनेशनल कंपनी की नौकरी छोड़कर पीएससी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

पहलगाम को लेकर कांग्रेस के भीतर 'पार्टी लाइन' पर हमले जारी, अब राहुल गांधी क्या करेंगे?

सियासत...

जबरदस्ती सरपंचों को डराकर कराया जा रहा निर्णय, सरकार जनता का ध्यान भटकाने के लिए यह कदम उठा रही

वन नेशन वन इलेक्शन पर पूर्व सीएम ने बीजेपी सरकार को घेरा

रायपुर /नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर निगमों में प्रस्तावों पर बीजेपी सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय जबरदस्ती सरपंचों को डराकर कराया जा रहा है। बघेल ने आरोप लगाया कि सरकार जनता का ध्यान भटकाने के लिए यह कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि नियमित समय में अगर नगर पालिका चुनाव नहीं करा पाए, तो राष्ट्रीय चुनावों में क्या करेंगे? इसके साथ ही भूपेश बघेल ने यह भी सवाल उठाया कि बीच में लोकसभा चुनाव का समय आया तो क्या बचत समय के लिए चुनाव कराएंगे? इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अन्य मुद्दों पर भी बयान दिया है।

संसद में बुलाना चाहिए विशेष सत्र : राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने विशेष सत्र के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा इसपर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि जब जम्मू कश्मीर में विशेष सत्र हो सकता है, तो राहुल गांधी के कहने पर लोकसभा में क्यों नहीं हो सकता? आपसी लड़ाई का फायदा आतंकवादी उठा रहे हैं. एक जुट होने के लिए पार्लियामेंट में विशेष सत्र होना चाहिए।

हैकिंग घटनाओं पर जताई चिंता : लगातार हैकर्स द्वारा पॉलिटिशियन्स के अकाउंट हैक होने पर भूपेश बघेल ने चिंता जताते हुए कहा कि यह समाज के लिए उचित नहीं है, पहले केवल महादेव था, अब गजानंद और ड्रीम 11 भी है। डबल इंजन और ट्रिपल इंजन की सरकार है, लेकिन बावजूद यह सब चल रहा है।

प्रदेश में चल रहा ट्रांसफर उद्योग : पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में हो रहे ट्रांसफरों को लेकर तंज कसते हुए कहा कि राज्य में ट्रांसफर उद्योग चल रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर करो और बंद करो, डबल इंजन की सरकार है, सब लोग वसूली करने में लगे हुए हैं।

नक्सली ऑपरेशन पर बघेल का बयान: प्रदेश में नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे संयुक्त ऑपरेशन पर भूपेश बघेल ने कहा कि ननक्सली पहले भारत के संविधान में विश्वास व्यक्त करें, फिर चर्चा होनी चाहिए।

आईबी प्रमुख की बैठक पर भूपेश बघेल का बयान

रायपुर में आईबी प्रमुख तपन डेका की हाई लेवल मीटिंग को लेकर भूपेश बघेल ने कहा कि पहलगाम में हुए हमले के बाद गृह मंत्री अमित शाह बैकफुट पर हैं।अब इसमें आगे आ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि वैसे तो यूनिफाइड कमांड मुख्यमंत्री होते हैं, पर केंद्रीय गृहमंत्री के द्वारा मुख्यमंत्री को बैकफुट पर रखा गया है।

बीजेपी पर साधा निशाना

भूपेश बघेल ने पाकिस्तानियों की जांच को लेकर बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी की यह स्थिति है कि केंद्र ने पाकिस्तानियों की जांच के लिए बोला है लेकिन मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के बयानों में एकता नहीं है। बीजेपी पहले बताए कि कितने लोगों की जांच की गई? क्या कुछ कार्रवाई की गई है। इस मामले पर मौन क्यों साधे हैं ? आल पार्टी मीटिंग में झूठ भी बोल रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर सरकार ने खुफिया सूचना के बाद लिया फैसला, पहलगाम हमले के बाद 48 पर्यटक स्थल बंद

जम्मू। जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद बड़ा फैसला लिया है। जम्मू-कश्मीर में खुफिया सूचना के बाद 87 में से 48 पर्यटन स्थल बंद कर दिए हैं। सुरक्षा एजेंसियों की सिफारिश पर उमर सरकार ने यह फैसला लिया है।

आतंकी हमलों की संभावना के बारे में खुफिया एजेंसियों की चेतावनी के बाद कश्मीर में 87 में से 48 पर्यटक स्थलों को बंद किया गया है। सूत्रों के अनुसार, पहलगाम हमले के बाद घाटी में कुछ स्लीपर सेल सक्रिय हो गए हैं, उन्हें गतिविधि शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी।

सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और फिर हिंदू हो कहकर गोली मार दी। 26 मृतकों में ज्यादातर पर्यटक हैं, जबकि दो विदेशी और दो स्थानीय नागरिक शामिल हैं।

टीआरएफ ने ली हमले की जिम्मेदारी

हमले में करीब 14 लोग घायल हुए हैं। इस कायराना हमले की जिम्मेदारी पहले पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-ताइबा से जुड़े गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। हालांकि बाद में टीआरएफने सफाई दी थी कि हमले से हमारा कोई वास्ता नहीं हैं। इस हमले को अंजाम नहीं दिलाया। फरवरी, 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद से जम्मू-कश्मीर में यह सबसे बड़ा आतंकी हमला है। उस हमले में सीआरपीएफके 47 जवान मारे गए थे।

कश्मीर में पर्यटकों के लिए फिलहाल बंद प्रमुख पर्यटक स्थल

कश्मीर में सुरक्षा कारणों के कारण कई प्रमुख पर्यटक स्थल वर्तमान में पर्यटकों के लिए बंद कर दिए गए हैं। निम्नलिखित स्थलों पर स्थानीय और गैर-स्थानीय पर्यटकों के लिए जाने पर पाबंदी है:

बांदीपोरा जिला 1- गुरेज वैली: (स्थानीय पर्यटकों को छोड़कर बंद)
बडगाम जिला 2-युसमर्ग 3-तोसामैदान 4-दूधपथरी
कुलगाम जिला 5-अहरबाल 6-कौसरनाग
कुपवाड़ा जिला 7-बंगस घाटी 8-करिवान देवर 9-चंडीगाम
हंदवाड़ा जिला 10-बंगस वैली
सोपोर जिला 11-वुलर झील 12-रामपोरा और राजपोरा 13-चेयरहार 14-मुंडजी-हमाम-मारकूट वाटरफॉल 15-खम्पू, बोस्निया, विजीटॉप
अनंतनाग जिला 16-सन टेम्पल, मट्टन 17-वेरीनाग गार्डन 18-सिंथन टॉप 19-मार्गण टॉप 20-अकड़ पार्क
बारामुला जिला 21-हब्बा खातून पॉइंट (कल्नर) 22-बाबा ऋषि 23-रिंगावली 24-गोगलदारा 25-बंदरकोट 26-श्रुन्ज वाटरफॉल 27-कमान पोस्ट 28- नामब्लान वाटरफॉल 29-इको पार्क, खादनियार।
पुलवामा जिला 30-संगरवानी
श्रीनगर जिला 31-जामिया मस्जिद, नौहट्टा 32-बादामवाड़ी 33-राजोरी कदल (होटल काना) 34-आली कदल (जेजे फूड रेस्टोरेंट) 35-आइवरी होटल, गांडताल (थीड) 36-पद्शापल रिजॉर्ट (फकीर गुजरी) 37-चेरी ट्री रिजॉर्ट (फकीर गुजरी) 38-नॉर्थ क्लिफकैफे (अस्तनमार्ग, पैराग्लाइडिंग पॉइंट) 39-फॉरेस्ट हिल कॉटेज 40-इको विलेज रिजॉर्ट 41-अस्तनमार्ग व्यू पॉइंट 42-अस्तनमार्ग पैराग्लाइडिंग स्पॉट 43-मामनेठ और महादेव हिल्स (फकीर गुजरी के रास्ते) 44-बौद्ध मठ, हरवान 45-दाचीगाम (ट्राउट फार्म से आगे) 46-स्तनपाना (कयामगाह रिसॉर्ट)
गांदरबल जिला 47- लछपात्री लेटरल 48-हंग पार्क 49-नरनाग।

बिल्डरों और बैंकों के बीच 'गठजोड़' की जांच जरूरी, सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि बिल्डरों और बैंकों के बीच "गठजोड़" की जांच जरूरी है। कोर्ट ने सीबीआई को सुपरटेक लिमिटेड के एनसीआर (नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम समेत अन्य जगहों पर) में चल रहे प्रोजेक्ट्स की जांच करने का आदेश दिया है।

क्या है पूरा मामला?

सुप्रीम कोर्ट के समक्ष हजारों फ्लैट खरीदने वालों की याचिकाएं आई थीं। जिसमें आरोप लगाया कि, उन्होंने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम जैसे इलाकों मेंसुपरटेक और अन्य बिल्डरों के प्रोजेक्ट्स में फ्लैट बुक कराए थे। बुकिंग सबवेंशन स्कीम के तहत की गई थी, जिसमें बैंक बिल्डर को 60-70% लोन की रकम सीधे दे देते थे। लेकिन फ्लैट समय पर नहीं बने और अब बैंक उनसे ईएमआई वसूल रहे हैं, जबकि उन्हें अभी तक फ्लैट का कब्जा नहीं मिला है।

किन अधिकारियों को सहयोग करने को कहा गया

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कई विभागों को निर्देश दिया है कि वे इस जांच में सहयोग करें। इसमें नोएडा अथॉरिटी, ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी, केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) शामिल हैं। इन सभी को अपने वरिष्ठ अधिकारियों में से एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा गया है जो एसआईटी का सहयोग करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा

मामले में शीर्ष न्यायालय ने इसे अशुद्ध गठजोड़ करार दिया और कहा कि यह आम लोगों को धोखा देने का मामला है। सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने सीबीआई को निर्देश दिया कि- सुपरटेक प्रोजेक्ट्स में हो रही गड़बड़ियों की प्राथमिक जांच की जाए। वहीं इस मामले में यूपी और हरियाणा के डीजीपी को कहा गया कि वे सीबीआई को डीएसपी, इंस्पेक्टर और कॉन्स्टेबल की सूची दें ताकि विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जा सके।

पहलगाम हमला: मृतकों के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा और सरकारी नौकरी मिलेगी

महाराष्ट्र। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले महाराष्ट्र के लोगों के परिजनों के लिए मुआवजे का ऐलान किया गया है। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पहलगाम में जान गंवाने वाले महाराष्ट्र के लोगों के परिजनों को 50 लाख रुपए मिलेंगे। इसके साथ ही हर पीड़ित परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी भी दी जाएगी।

सीएम फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने पीड़ित परिवारों की मदद करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा, 'पहलगाम में जिन लोगों के परिवार के लोगों की मौत हुई है, उनके परिवार को सरकार की तरफ से शिक्षा और रोजगार मुहैया करवाया जाएगा। सरकार इन सभी परिवारों के साथ खड़ी है।

इलेक्ट्रिक वीकल पॉलिसी पर भी सामने आया सीएम का बयान

सीएम ने कहा कि इसके साथ राज्य सरकार ने इलेक्ट्रिक वीकल पॉलिसी मान्य की हैं और शिप बिल्डिंग शिप रेसाइकिलिंग की पॉलिसी को भी मंजूर किया है।

पहलगाम में हुआ क्या था?

कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध फायरिंग की थी। इस आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। आतंकियों ने पर्यटकों से उनका नाम और धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी थी। आतंकियों ने धर्म की पुष्टि करने के लिए कई पुरुषों की पैंट भी उतरवाई थी और उनके प्राइवेट पार्ट चेक किए थे। आतंकी ये कंफर्म कर लेना चाहते थे कि मरने वाला हिंदू ही हो। इस आतंकी हमले के बाद पूरे देश में आक्रोश है और भारत सरकार, पाकिस्तान के खिलाफसख्त रुख अपना रही है।

न्यूज गैलरी

आगरा की अनिका ने 2100 राउंड लगाकर नृत्य में बनाया विश्व रिकॉर्ड



आगरा। उसकी आंखें सपने देखती हैं और उसके कदम उन सपनों को साकार करते हैं। जब वह मंच पर उतरती है तो देखने वाले तालियां बजाते नहीं थकते। यह है आगरा की बेटी अनिका, जो नृत्य के 2100 राउंड लगाकर विश्व रिकॉर्ड बना चुकी है। अनिका के रग-रग में नृत्य समाया हुआ है। अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर अनिका ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानी साझा की। अनिका ने बताया कि जब वह एक साल की थी, तब पिता दुनिया छोड़ गए थे। उनके साथ मां का आशीर्वाद है, मैं अपने हर सपने को साकार करूंगी। कमला नगर निवासी अनिका ने नृत्य को ही अपना जीवन बना लिया है। अपने नृत्य से देश-दुनिया में नाम रोशन किया।

रेल भर्ती बोर्ड परीक्षाओं में इलेक्ट्रोनिक सामान, पेन, पेंसिल, पर्स पर प्रतिबंध

नई दिल्ली(वार्ता)। भारतीय रेलवे ने रेल भर्ती बोर्ड की परीक्षाओं में इलेक्ट्रोनिक सामान के अलावा पेन, पेंसिल, टोपी, पर्स एवं पानी की बोतल लाने को भी प्रतिबंधित कर दिया है और परीक्षार्थियों को हाथों पैरों में मेहंदी लगा कर आने पर भी रोक रहेगी। रेल मंत्रालय ने सभी रेल भर्ती बोर्डों के अध्यक्षों को एक परिपत्र भेजा है जिसमें कॉल लेटर में दिए गए निर्देशों में संशोधन किया गया है। इसमें परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश के लिए प्रतिबंधित वस्तुओं की नयी सूची जारी की गई है। परिपत्र में कहा गया है कि आरआरबी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में कुछ निश्चित नियम होते हैं, जिसके कारण परीक्षा केन्द्रों में कुछ वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। हालांकि किसी भी धार्मिक भावना को ठेस न पहुंचे इसके लिए सक्षम प्राधिकारी ने कॉल लेटर में दिए गए निर्देशों के पैरा 7 को संशोधित करने का निर्णय लिया है।उम्मीदवारों को दिए गए निर्देशों के पैरा 7(1) में कहा गया है कि प्रतिबंधित वस्तुएं/इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे मोबाइल फोन, पेजर, घड़ियां, ईयरफोन, ब्लूटूथ युक्त डिवाइस, माइक्रोफोन, हेल्थ बैंड, कैलकुलेटर, पुस्तक, पेन, कागज, पेंसिल, ई-यूजर, पाउच, स्केल, राइटिंग-पैड, बेल्ट, हैंडबैग, टोपी, पर्स, कैमरा, पानी की बोतल, पैक/खुले खाद्य पदार्थ आदि परीक्षा केन्द्र के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है।

ईरान बंदरगाह विस्फोट में मृतकों की संख्या 65 हुई

तेहरान(वार्ता)। ईरान के दक्षिणी प्रांत होरमुजगान के बंदर अब्बास बंदरगाह पर शनिवार को हुए भीषण विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 65 हो गई और 1200 से अधिक लोग घायल हैं। इरना समाचार एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने प्रांतीय संकट प्रबंधन संगठन के महानिदेशक मेहरदाद हसनज़ादेह के हवाले से बताया कि विस्फोट और उसके बाद लगी आग में 1200 से ज़्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 138 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संगठन (एनडीएमओ) के प्रवक्ता होसेन जाफ़री ने आज बताया कि बंदरगाह पर लगी आग जल्द पूरी तरह पा लिया जायेगा। इससे पहले, रविवार को ईरान की सरकार ने आज राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित किया। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने विस्फोट स्थल का दौरा किया और घायलों से मुलाकात की।

एनडीएमओ के प्रमुख होसेन सजेदिनिया ने रविवार को बताया कि बंदरगाह पर मौजूद कुछ कंटेनरों में ज्वलनशील पदार्थ, जैसे कि तारकोल (पिच), और कुछ में रासायनिक पदार्थ भरे हुए थे।

भारत ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का एक्स अकाउंट किया ब्लॉक

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का एक्स अकाउंट ब्लॉक कर दिया। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। यह कार्रवाई ऐसे समय में की गई है, जब आसिफके सार्वजनिक रूप से स्वीकार किए जाने के बाद पाकिस्तान की भूमिका 'वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले धूर्त देश' के रूप में उजागर हो गई है। पिछले हफ्ते स्काई न्यूज के एक इंटरव्यू में जब आसिफ से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान का आतंकवादी संगठनों को

सपोर्ट, ट्रेनिंग और फंडिंग देने का लंबा इतिहास रहा है, इस पर आसिफने स्पष्ट रूप से इस बात को स्वीकारा था। इंटरव्यू में आसिफ ने कहा था, " हम लगभग तीन दशकों से संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस) और ब्रिटेन सहित पश्चिम के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं।" उनकी टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारत ने संयुक्त राष्ट्र में इस मुद्दे को उठाया।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत योजना पटेल ने इस बयान को आतंकवाद को बढ़ावा देने में पाकिस्तान के संलिप्त होने की स्पष्ट स्वीकृति बताया। आतंकवाद के पीड़ितों से जुड़े संयुक्त राष्ट्र के एक कार्यक्रम में पटेल ने कहा, " इस खुले कबूलनामे से किसी को आश्चर्य नहीं हुआ है और यह पाकिस्तान को एक धूर्त देश के रूप में उजागर करता है, जो वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है।"

लापता भारतीय छात्रा कनाडा में मृत मिली

ओटावा(वार्ता)। कनाडा में अध्ययन के लिए गयी भारतीय छात्रा वंशिका कनाडा के ओटावा में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पायी गयी है। ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने इसकी पुष्टि की है। उच्चायोग ने कहा, ÷हमें ओटावा में भारतीय छात्रा सुश्री वंशिका की मौत की सूचना मिलने पर बहुत दुख हुआ है। मामले को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है और स्थानीय पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। हम शोक संतप्त परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए उनके और स्थानीय सामुदायिक संघों के साथ निकट संपर्क में हैं।

श्रीराम मंदिर के मुख्य शिखर पर विधि विधान से स्थापित हुआ ध्वज

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के लिए मंगलवार का दिन काफी अहम रहा। आज राम मंदिर के इतिहास में एक और नया अध्याय जुड़ गया। वैशाख शुक्ल की द्वितीया के दिन प्रातः 8.00 बजे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर विधि विधान पूर्वक ध्वज दंड स्थापित कर दिया गया।

भगवान परशुराम की जयंती के दिन राम मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वज दंड स्थापित कर दिया गया। यह प्रक्रिया सुबह 6:30 बजे शुरू हुई और 8:00 बजे समाप्त हुई। ध्वज दंड को लगभग डेढ़ घंटे में मुख्य शिखर पर स्थापित कर दिया गया। इसकी ऊंचाई 42 फीट है। विदित हो कि

शिखर कलश समेत मंदिर की ऊंचाई 161 फीट है। अब इसमें 42 फीट का ध्वज दंड भी जुड़ गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि हिंदी महीने के अनुरूप वैशाख शुक्ल द्वितीया परशुराम जयंती दिन मंगलवार 29 अप्रैल 2025 को राम मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वज दंड स्थापित कर दिया गया। ध्वज दंड लगाने की प्रक्रिया प्रातः 6:30 बजे प्रारंभ हुई और 8:00 बजे संपन्न हुई।

मतदाता सूची से डुप्लिकेट नाम हटाने में जुटा चुनाव आयोग, 'आधार' देना पूरी तरह स्वैच्छिक

नई दिल्ली। चुनाव आयोग देशभर में मतदाता सूची से डुप्लिकेट नाम हटाने के अभियान में जुटा है। इस बीच, मंगलवार को सरकारी सूत्रों ने साफ किया कि मतदाताओं के लिए आधार नंबर देना पूरी तरह स्वैच्छिक रहेगा, और इसमें कानून के तहत कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। साथ ही ये भी बताया गया कि चुनाव कानून (संशोधन) अधिनियम, 2021 के तहत, मतदाताओं द्वारा चुनाव अधिकारियों को आधार जानकारी देना जरूरी नहीं है, बल्कि यह उनकी मर्जी पर निर्भर करता है।

यह बयान तब आया जब कुछ लोगों ने पूछा कि क्या आधार साझा करना अनिवार्य किया जा सकता है

और अगर कोई मतदाता जानकारी नहीं देता तो क्या उसे कारण बताना होगा। इस सवाल के जवाब में सूत्रों का कहना है कि अभी तक ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है, और न ही किसी नए नियम को जोड़ने की योजना है। बता दें कि इस मुद्दे पर जारी बहस के बीच चुनाव आयोग पहले ही कह चुका है कि वह जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिकारियों के साथ समन्वय कर मतदाता सूची को नियमित रूप से

आधार अनिवार्य करने का कोई प्रस्ताव नहीं

अपडेट करेगा।

इसके अलावा UIDAI (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) और चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के बीच मतदाता सूची और आधार लिंक करने को लेकर विचार-विमर्श जल्द शुरू होगा। हालांकि, आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि एक मतदाता केवल उसी मतदान केंद्र में वोट डाल सकता है, जहां उसका नाम दर्ज है। मतदाता सूची से डुप्लिकेट नाम हटाने को लेकर चुनाव आयोग का लक्ष्य है कि देशभर में डुप्लिकेट वोटर लिस्ट की समस्या को तीन महीने में खत्म किया जाए।

दिल्ली में अब नहीं चलेगी प्राइवेट स्कूलों की मनमानी: कैबिनेट ने फीस एक्ट को दी मंजूरी

नई दिल्ली। बहुत जल्दी अभिभावकों को स्कूलों के मनमानी तरीके से फीस बढ़ाने के रवैये से निजात मिलेगी। दिल्ली सरकार के कैबिनेट ने फीस बढोतरी के खिलाफकच्चा मसौदा तैयार किया है। जल्द ही विधानसभा की एक अरजेंट बैठक बुलाकर इसे कानून की शक्ल दी जाएगी।

दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह जानकारी दी है। 31 जुलाई को फीस तय करके 15 सितम्बर को

इसे स्कूल लेबल कमेटी में लाना होगा। शिक्षा मंत्री ने कहा, 1973 के एक्ट में फीस बढ़ोतरी के खिलाफ कोई प्रावधान नहीं था, पिछली सरकार ने इस पर कोई निर्णय नहीं लिया। बच्चों का भविष्य भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। किसी बच्चे को फीस नहीं देने पर बाहर बिठाया तो 50 हजार प्रति बच्चे के हिसाब से स्कूल को जुर्माना देना होगा।

निर्णय के हिसाब से फीस न लेने पर लगेगा जुर्माना

30-45 दिन में कमेटी फीस का फैसला करेगी, इसके बाद ये जिला स्तरीय कमेटी और फिर राज्य कमेटी के पास जाएगा। अक्तूबर-नवम्बर तक फीस कितनी होगी, पैरेंट्स को पता चल जाएगा। जो स्कूल कमेटी के निर्णय के हिसाब से फीस नहीं लेगा, उस पर 1-10 लाख तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

कानून-व्यवस्था ...

अहमदाबाद नगर निगम के सर्वेक्षण से पता चला सरकारी जमीन पर फिर से कब्जा किया गया

अहमदाबाद में चंदोला झील के पास अवैध झुग्गी बस्तियों पर चला बुलडोजर

अहमदाबाद। अहमदाबाद नगर निगम और पुलिस ने चंदोला झील क्षेत्र के पास बनी झुग्गी-झोपड़ियों को जमींदोज करने के लिए बुलडोजर अभियान जारी है। इस क्षेत्र से कुछ दिन पहले अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस आयुक्त जी.एस मलिक ने कहा, यह अभियान अहमदाबाद नगर निगम की अगुवाई में चलाया जा रहा है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) शरद सिंघल के नेतृत्व में करीब 2,000 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। अभियान का जायजा लेने पहुंचे मलिक ने

पत्रकारों से बातचीत में कहा कि शहर के सभी थानों को अलर्ट पर रखा गया है, क्योंकि चंदोला झील में तोड़फोड़ अभियान चल रहा है। यह मुस्लिम बहुल इलाका है।

आखिरी बार 2019 में चला था तोड़फोड़ अभियान

वहीं, शरद सिंघल ने बताया कि अहमदाबाद नगर निगम ने सुबह-सुबह अभियान शुरू किया, जिसमें पचास टीमें लगाई गईं और हर टीम के पास जेसीबी है। उन्होंने बताया, चंदोला झील क्षेत्र में आखिरी तोड़फोड़ अभियान 2009 में चला था। हाल ही में अहमदाबाद नगर निगम के सर्वेक्षण से पता चला की सरकारी जमीन पर फिर से कब्जा किया गया है और झील के चारों ओर झोपड़ियां बना दी गई हैं। इन इलाकों में (सियासतनगर और बंगाली वास) में अवैध बांग्लादेशी रह रहे थे।

मास्टर माइंड महमूद पठान पर कार्रवाई की तैयारी

पुलिस आयुक्त मलिक ने बताया कि चंदोला झील के पास सरकारी जमीन पर कब्जा कराने वाले मास्टर माइंड महमूद पठान उर्फ बिल्लू बिहारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। उसने अवैध रूप से प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी प्रवाशियों को किराए के मकान दिलवाने और आधार कार्ड बनवाने में मदद की।

एएमसी की मदद के लिए 2000 पुलिसकर्मी तैनात

उन्होंने कहा, हमने अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) की मदद के लिए 2,000 पुलिसकर्मी और राज्य रिजर्व पुलिस (एसआरएफ) की 20 कंपनियां तैनात की हैं, ताकि चंदोला झील के सियासतनगर और बंगाली वास जैसे इलाकों में अवैध निर्माण हटाया जा सके। पूरे शहर की पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। यदि कोई कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि झील के पास रहने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी चाहते हैं कि अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफकार्रवाई हो। मलिक ने बताया कि अधिकारियों ने पठान के झील किनारे बने अवैध फार्महाउस को भी गिरा दिया है।

करीब 2000 मकान अवैध रूप से बनाए गए: उप नगर आयुक्त

उन्होंने कहा, हम पठान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं। उसने फर्जी रेंट एग्रीमेंट बनवाकर अवैध प्रवासियों को ठिकाना दिलाया और आधार कार्ड भी बनवाए। ऐसा भी शक है कि कुछ लोगों ने पासपोर्ट भी बनवाए हैं।

न्यूज गैलरी

कक्षा 9वीं एवं 11वीं परीक्षा का परिणाम घोषित

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर, विखं नगरी में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं वार्षिकपरीक्षा का परिणाम 27 अप्रैल शनिवार को घोषित किया गया जिसमें कक्षा ग्यारहवीं का परीक्षाफल 78.78 प्रतिशत एवं कक्षा नवी का परीक्षा परिणाम66.66त्नरहा है।कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम स्थान तेजेश्वर कोसरिया77त्न, द्वितीय स्थान कु दुर्गा निषाद 74त्न, तृतीय स्थान कु गीतांजलि ध्रुव71त्नरही है वहीं कक्षा नवमी में प्रथम स्थान विश्वास मानिकपुरी 90त्न द्वितीय स्थान कुमारी पूनम चंद्रवंशी 87त्न और तीसरा स्थान कुआरती ध्रुव 84त्नरही है। अतिथियों ने विद्यालय के सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा असफल छात्रों को निराश नहीं होने की सीख देते हुए फिर से अच्छी मेहनत करने के लिए प्रेरित किए गए।इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष संतोष निषाद सरपंच उत्तम नेताम ,ग्राम पटेल गिरधर सिंह वट्टी,प्राचार्य आरके टंडन, व्याख्याता डोमार सिंह ध्रुव,मोहनलाल निषाद सुनीता कोसरे ,देवलाल कुंजाम,केशव प्रजापति,वरुण कुमार वट्टी ,निर्मला चंद्रवंशी, मधु वट्टी ,पूरंजय भंडारी,उत्तम नेताम सहित कई उपस्थित थे।

बच्चों की देखभाल हम सबकी जिम्मेदारी : केशव टेकाम

नगरी/नवप्रदेश। विगत दिवस विकासखंड के ग्राम फरसिया में लईका घर केंद्र क्रमांक 2 के नए भवन में शिफ्टिंग सह शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में सरपंच केशव टेकाम एवं उपसरपंच त्रिलोक साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम शुभारंभ कर सरपंच टेकाम ने कहा कि लईका घर बच्चों के समग्र विकास का केंद्र है, जहां बच्चों को मिलती है पोषण के साथ-साथ खेल , शैक्षिक, मानसिक गतिविधियां तथा संस्कार । उपसरपंच त्रिलोक साहू ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों की देखभाल हम सबकी जिम्मेदारी है। बच्चों के लिए उचित वातावरण निर्माण के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। गर्मी में बढ़ती उमस से बच्चों को राहत दिलाने सरपंच एवं उपसरपंच व ओमप्रकाश साहू के नेतृत्व में केंद्र को एक कूलर प्रदाय किया गया। उपस्थित जनों ने पंचायत प्रमुखों के निर्णय का तालियां बजाकर स्वागत किया।

विवेकानंद विद्या मंदिर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

- उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर दी गई शुभकामनाएं

नवागढ़/नवप्रदेश। स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल नवागढ़ में वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान केजी वन से लेकर कक्षा चौथी, छठवीं, सातवीं, नवमीं एवं ग्यारहवीं तक के परिणामों की घोषणा की गई। विद्यालय प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों का परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा है, उन्हें निराश नहीं होकर दोगुनी मेहनत के साथ अगली बार की तैयारी करनी चाहिए।

इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम काफी सराहनीय रहा। के.जी.वन में प्रथम स्थान रोमित सोनकर ने 99.99 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान रियांश को 99.34 प्रतिशत के साथ मिला। के.जी.टू में खिलेश्वरी सोनकर ने 100 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और द्वितीय स्थान कुमुद साहू को 96 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त हुआ।

प्रथम कक्षा में ओम यादव एवं हिमांशी रजक ने संयुक्त रूप से 99.33 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं तारकेश्वर घोष ने 98.66 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पाया। द्वितीय कक्षा में रुद्रपुरी गोस्वामी ने 99.33 प्रतिशत और राशि तंबोली ने 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

तृतीय कक्षा में दामिनी साहू 97.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम और चांदनी साहू 94.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय रहीं। चौथी कक्षा में संजना यादव ने 98.7 प्रतिशत अंक अर्जित किए, जबकि द्वितीय स्थान पर 96.5 प्रतिशत के साथ एक छात्रा रहीं, जिनका नाम स्पष्ट नहीं हो पाया। छठवीं कक्षा में लक्ष्मीकांत ने 97.33 प्रतिशत और रोशनी रजक ने 96.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सातवीं कक्षा में प्रीति निषाद ने 96 प्रतिशत और वंशिका साहू ने 92.66 प्रतिशत अंक हासिल किए।

थानापारा सिहावा में अंगना में शिक्षा एवं पढ़ई तिहार का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार प्राथमिक शाला थानापारा सिहावा में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नरसिंग पटेल, मानो बाई वर्मा संयुक्त रूप से थे। अंगना म शिक्षा के बारे में प्रभारी शिक्षिका श्रीमती मोना सिंह परिहार ने 9 काउंटर के माध्यम से बच्चों को घर मे माता किस तरह से बच्चों को गर्मी छुट्टी में पढ़ाई से जोड़े रहेंगे और अवकाश के दिनों में भी सीखना सिखाना जारी रखेंगे, उनके लिए प्रदर्शन के माध्यम से बताया गया। संस्था प्रमुख तोमल सिंह साहू द्वारा पढ़ई तिहार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। माताओं और पालकों का पढ़ई तिहार के प्रति उत्साह देखा गया। इस कार्यक्रम में कक्षा पांचवीं के छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शानदार विदाई दिया गया।

अस्पताल में इलाज के साथ मरीजों को गरिमापूर्ण और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी - रणबीर शर्मा

- कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण
- मरीजों से की सीधी बातचीत, दिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देश

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने शुक्रवार को जिला अस्पताल बेमेतरा का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों से सीधे संवाद किया, उनका हालचाल जाना और इलाज से जुड़ी उनकी संतुष्टि की स्थिति पर जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान एडीएम अनिल वाजपेयी, एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, सीएमएचओ और अस्पताल प्रबंधक तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

विभिन्न वार्डों का निरीक्षण - कलेक्टर श्री शर्मा ने महिला वार्ड, शिशु वार्ड, जनरल वार्ड, आपातकालीन कक्ष, औषधि वितरण कक्ष, ऑपरेशन थियेटर और ओपीडी सहित अन्य प्रमुख हिस्सों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक वार्ड में साफ सफाई की स्थिति, बेड की उपलब्धता, बिजली और पानी की आपूर्ति, पंखों और कूलर की कार्यशीलता तथा मरीजों को मिलने वाली भोजन व्यवस्था की भी बारीकी से जांच की।

मरीजों से संवाद और समस्याओं का त्वरित समाधान - निरीक्षण के दौरान कई मरीजों और उनके परिजनों ने अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए। जिलाधीश ने डॉक्टर से कहा कि हॉस्पिटल मे आवश्यकता अनुसार दवाइयों की स्टॉक पर्याप्त उपलब्ध रहे। कलेक्टर ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि मरीजों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन समय पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में इलाज के साथ-साथ मरीजों के लिए गरिमापूर्ण और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

डॉक्टरों और कर्मचारियों को निर्देश - कलेक्टर रणबीर शर्मा ने डॉक्टरों के कक्षों में पहुंचकर चिकित्सकों से भी चर्चा की और उपस्थित मेडिकल स्टाफसे मरीजों की देखभाल की प्रक्रिया, औषधियों की उपलब्धता, और अस्पताल में उपलब्ध उपकरणों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चिकित्सक अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ करें। मरीजों के प्रति सहानुभूति का भाव रखें और हर मरीज को समय पर, उचित इलाज मिले, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने स्टाफकी उपस्थिति रजिस्टर की भी जांच की और समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि अस्पताल में अनुशासन और कार्यकुशलता बनी रहनी चाहिए।

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार प्रशासन की प्राथमिकता - कलेक्टर श्री शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए अस्पतालों का समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा है और जो भी कमियां सामने आती हैं, उन्हें तुरंत दूर करने के निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य सुविधा के मामलों किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अस्पतालों में आने वाले हर मरीज को बेहतर इलाज और सुविधा मिलना ही प्रशासन का उद्देश्य है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि आने वाले दिनों में उपस्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का भी निरीक्षण किया जाएगा।

एसएसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने 'समाधान एप' को लेकर ली अधिकारियों की बैठक

- सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने हेतु समाधान एप के प्रभावी उपयोग पर दिया जोर

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने हेतु ÷समाधान ऐप÷ के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। बैठक में मकान मालिकों और होटल/लॉज संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने किरायेदारों एवं ठहरने वाले यात्रियों की जानकारी अनिवार्य रूप से समाधान ऐप के माध्यम से अपलोड करें। मकान मालिकों से अपील की गई कि वे किसी भी बाहरी व्यक्ति को मकान किराये पर देने से पहले स्थानीय थाने में इसकी सूचना अनिवार्य रूप से दें। होटल, ढाबा, लॉज संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे रुकने वाले सभी व्यक्तियों के आधार कार्ड की सख्ती से जांच करें, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला विनय कुमार, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो शामिल रहें।

अधिकारियों को निर्देश - एसएसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से इस अभियान की समीक्षा करें और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसका उद्देश्य अपराध पर अंकुश लगाना एवं जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाना है।

कन्या शाला में कक्षा 9 एवं 11 वीं के परिणाम घोषित

- योगेश्वरी और रूख्मणी प्रथम, मानेश्वरी, विद्या दूसरे, नीलम और देविका को तीसरा स्थान

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर स्थित शासकीय कन्या उमा विद्यालय मे कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं हिंदी माध्यम के वार्षिक परीक्षा घोषित किया गया। कक्षा 9 वीं मे कुल दर्ज 226 में 216 छात्राओं ने परीक्षा दिलाई थी। उपस्थित छात्राओं मे से 141 छात्राएं उत्तीर्ण ,58 अनुत्तीर्ण 17 छात्राओ को पूरक मिला। कक्षा 9 वीं मे योगेश्वरी निषाद , 96प्रतिशत के साथ प्रथम, मानेश्वरी साहू 94.83 प्रतिशत द्वितीय तथा नीलम साहू 93.24 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 9 वीं का परीक्षा परिणाम 65.27 फीसदी रहा। कक्षा 11 वीं मे कुल दर्ज 201 में से 197 छात्राएं परीक्षा मे शामिल हुई 4 अनुपस्थित रहे । इसमें 159 छात्राएं सफल 7 असफल तथा 31 छात्राओ को पूरक मिली। कक्षा 11 वीं मे रुखमणि निषाद प्रथम 94.2 प्रतिशत प्रथम, विद्या पटेल 92.4 प्रतिशत द्वितीय तथा देविका जांगड़े 85.4 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रही । कक्षा 11 वीं का परीक्षा परिणाम 80.73 फीसदी रहा । परिणामों की घोषणा के बाद वरिष्ठ व्याख्याता डॉ कमलेश्वर सिंह ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओ को प्रोत्साहित करने शाला की ओर से पुरस्कार प्रदान करते छात्राओ को संबोधित करते कहा कि जो छात्राएं अनुत्तीर्ण हुए है उन्हे निराश होने की आवश्यकता नही है उन्हें पुन अवसर मिलेगा जिसमें अधिक मेहनत करके सफल हो सकते है । उन्होंने छात्राओ को अपने स्तर पर सामुदायिक भवन , मोहल्ले मे समूह बनाकर स्वैच्छिक रूप से समर कैम्प मे शामिल होने की अपील करते कहा कि वहाँ विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे । समर कैंप मे विभिन्न विधाओ गीत-संगीत, नृत्य, खिलौना निर्माण ,रद्दी कागजो से टोकरी बनाना, रंगोली तैयार करना, मेहंदी लगाना, सिलाई -कढ़ाई सीखना, अपने विषय से सम्बधित परियोजना तैयार करना आदि की शिविर लगा सकते है ।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

- जनदर्शन में मिले 68 आवेदन

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बी.एस. उइके ने मंगलवार को जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर उइके ने जनदर्शन में 68 लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम पतोरा की पुष्पा बाई कंवर ने स्पान्सरशीप योजना के तहत लाभ दिलाने, राजिम के रमेश सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए भूमि प्रदान करने, ग्राम खलियापानी के बिरझु राम ने आधार कार्ड में नाम सुधारने, ग्राम कोसमी के रोशन कंवर ने शेड निर्माण हेतु एवं पाण्डुका की लक्ष्मी सिन्हा ने भूमि सीमाकंन कराने आवेदन प्रस्तुत किये। इस पर कलेक्टर उइके ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, नवीन भगत, प्रकाश राजपूत सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।

बजरंग दल ने पाकिस्तानी झंडे पर पाकिस्तान मुर्दाबाद लिखे हुए स्टिकर को सड़कों पर लगाकर पैरों तले रौंदा, जताया विरोध

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पहलगाम कश्मीर में सिर्फ हिन्दू होने के कारण चुन चुन कर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जिहादियों ने बड़ी क्रूरता से दिन दहाड़े हिन्दू पर्यटकों को मारने का घृणित कृत्य को अंजाम दिया है

जिस घटना से आहट बजरंगदल एवम सर्व हिंदू समाज ने सड़क पर पाकिस्तान के झंडे को लगाकर जूते चप्पलों से की पिटाई।

बजरंग दल के विभाग सहसंयोजक सुनील सेन ने बताया कि पूरे देश में हिंदू प्रताड़ित हो रहे है अभी प.बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार रुका नहीं की जम्मू पहलगाम में हिंदू पर्यटकों की निर्मम हत्या इस देश को हिन्दू विहीन करने का षड्यंत्र है जिस पर केंद्र सरकार को कड़ी कार्यवाही करना पड़ेगा।

विहिप नगर उपाध्यक्ष अंकित खंडेलवाल ने बताया कि इस्लामिक आतंकवाद सिर्फ जम्मू में ही नहीं पूरे देश में फैल चुका है सैकड़ों युवाओं को इस एजेंडे ने अपनी चपेट में ले लिया है जो अपने ही देश का नुकसान करने की शिक्षा देते है।

पाकिस्तान में पल रहे इस आतंकवाद के विरोध में उस देश का झंडा राजनांदगाँव के मुख्य मुख्य चौक में पाकिस्तान मुर्दाबाद का बड़ा स्टिकर रोड में लगाकर सनातनीयो द्वारा कुचला गया। आक्रोश यात्रा के साथ, मुख्यचौक में सभा कर अपना आक्रोश प्रगट किया है एवं केंद्र सरकार से एक एक हिंदुओं शहादत के कड़े बदले कि मांग की गई है।

इस प्रदर्शन में विहिप बजरंगदल के बड़े पदाधिकारी ओमप्रकाश अग्निहोत्री,अनूप श्रीवास, सुनील सेन, राहुल मिश्रा, बाबा जी मेश्राम, भरत साहू, विनय सिंह, नवीन अग्रवाल, अखिलेश(गुड्डा) गुप्ता, आंसूल कसार, अंकित खंडेलवाल, प्रिंस हथिबेड, गौरव शर्मा, संतोष टूरहते, अभिषेक शर्मा , महेंद्र जंघेल, हरीश भानुशाली, सन्मय श्रीवास्तव, जैकी सोनकर, पिन्टू समरीत, इंद्रजीत सेन, दीपक सोनी, ऋषभझा, प्रभात टेबुलकर, अक्षत ताम्रकार, काव्यांश, सहित सैकड़ों की संख्या में सनातनी विहिप बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समाधान शिविर की सभी तैयारियां करें सुनिश्चित

गरियाबंद / नवप्रदेश। कलेक्टर बी.एस. उइके ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही विभागीय कार्यो का क्रियान्वयन सक्रियता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री उइके ने सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्राप्त आवेदनों की शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही विभागों को प्राप्त आवेदनों को गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर आवेदनों का निराकरण करें। उन्होंने आवेदनों को समय - सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सुशासन तिहार के अगले चरण में 05 मई से होने वाले समाधान शिविरों की तैयारियों के बारे में जानकारी ली।

895 किसानों को 61 लाख से अधिक की सहायता राशि खाते में हस्तांतरित

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से बोड़ला विकासखंड के किसानों को बड़ी राहत मिली है। ओला वृष्टि के कारण चना फसल में हुए भारी नुकसान की भरपाई के लिए 895 किसानों को आरबीसी 6-4 के तहत कुल 61 लाख 1 हजार 250 रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू ने ग्राम कांपा, तारों, टुकड़ा ढ़ोंगईटोला प्लांट और खैरबाना कला के किसानों की समस्याओं से उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया था। किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए श्री शर्मा ने त्वरित कार्रवाई कर मुआवजा स्वीकृत करवाया।

बोड़ला विकासखंड के ग्राम खैरबाना कला के 215 किसानों को 29 लाख 57 हजार 669 रुपए, तारों के 188 किसानों को 9 लाख 72 हजार 146 रुपए, ढोंगईटोला प्लांट के 124 किसानों को 6 लाख 44 हजार 986 रुपए और कांपा 368 किसानों को 15 लाख 26 हजार 449 रुपए किसानों के खातों में सीधे मुआवजा राशि हस्तांतरित कर दी गई है, जिससे किसानों को तत्काल राहत मिली है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सरकार किसानों के दुख-दर्द को समझती है और उनकी हर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू ने उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों को समय पर राहत मिलना एक सराहनीय कदम है और इससे किसानों का विश्वास सरकार में और मजबूत हुआ है।

किसानों ने जताया आभार : क्षेत्र के किसानों ने त्वरित राहत कार्य के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार प्रकट किया है और आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी इसी तरह उनके हितों की रक्षा की जाएगी।

प्रदर्शन | *15 दिनों के भीतर बिजली व्यवस्था में नहीं हुआ सुधार तो करेंगे चक्काजाम : विधायक जनक ध्रुव*

बिजली कटौती और लो वोल्टेज को लेकर कांग्रेस ने जंगी रैली निकालकर किया बिजली कार्यालय का घेराव

गरियाबंद/नवप्रदेश। क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या बढ़ती जा रही है। विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के उदासीन रवैये के चलते इस विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है। जिसके कारण सोमवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा दुर्गामंच में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर दोपहर 03 बजे तेज धूप में बिजली कार्यालय का घेराव करने विधायक जनक ध्रुव के नेतृत्व में जंगी रैली निकाली। कांग्रेस कार्यकर्ता व क्षेत्र से पहुंचे ग्रामीणों ने रैली में शामिल होकर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए नेशनल हाईवे बस स्टैण्ड थाना के सामने से होते हुए जिड़ार रोड बिजली कार्यालय पहुंची और बिजली कार्यालय का घेराव कर दिया इस दौरान बिजली कार्यालय के सुरक्षा में तैनात भारी संख्या में पुलिस बल द्वारा बिजली कार्यालय को चारों तरफ से घेरा लगाया गया था और कार्यालय में ताला जड़ दिया गया था जिसके चलते कांग्रेस कार्यकर्ता अधिकारियों से चर्चा करने को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए बिजली कार्यालय के गेट में चढ़ गए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच भारी धक्का मुक्की हुई नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली कार्यालय के सामने राज्य सरकार की असफलता को लेकर पुतला जलाया और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया पुलिस द्वारा पुतले को बुझाने के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झुमाझटकी की नौबत आ गई। आक्रोशित कांग्रेसी व क्षेत्र के लोगों ने जमकर नारेबाजी किया और कड़े चेतावनी दिया कि 15 दिनों के भीतर बिजली समस्या का समाधान नहीं किया गया तो अब मैनपुर नगर में चक्काजाम मैनपुर बंद कर उग्र आन्दोलन किया जाएगा। जिसकी सारी जवाबदारी बिजली विभाग के अफसरों की होगी।

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा छत्तीसगढ़ राज्य को सरप्लस बिजली वाला राज्य कहा जाता है। हमारे प्रदेश दूसरे राज्यों को बिजली दे रही है लेकिन गरियाबंद जिले के मैनपुर, अमलीपदर, गोहरापदर, देवभोग क्षेत्र की लाखों जनता बिजली कटौती लो वोल्टेज के चलते परेशान हो गए है जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है बिजली व्यवस्था चरमारा गई है और आदिवासी क्षेत्र की जनता को जानबूझ कर परेशान किया जा रहा है। विधायक ध्रुव ने कहा बिजली विभाग के अफसर जानबूझ क्षेत्र की जनता को परेशान न करें। उन्होने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा 15 दिनों के भीतर यदि बिजली समस्या का क्षेत्र में समाधान नहीं हुआ तो उग्र आन्दोलन होगा अब चक्काजाम मैनपुर बंद करने बाध्य होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा मैनपुर क्षेत्र के दर्जनो ग्रामो में आज तक बिजली की रौशनी नही पहुची है और ग्रामीण वर्षो से बिजली की मांग कर रहे है बिजली की लचर व्यवस्था से पेयजल, की समस्या उत्पन्न हो गई है और इस भीषण गर्मी में आम जनता परेशान हो गए है।

राज्य सरकार को बिजली विभाग के अफसर बदनाम करने लगे है - बलदेव ठाकुर : सरपंच संघ गरियाबंद के पूर्व जिला अध्यक्ष बलदेव राज ठाकुर ने धरना प्रदर्शन में शामिल होकर अपने संबोधन में कहा राज्य सरकार तक इस क्षेत्र की बात नहीं पहुंच रही है जिम्मेदारों को सरकार तक बात पहुंचानी चाहिए सरकार के पास प्रर्याप्त बिजली है और यह क्षेत्र में प्रतिदिन घंटों बिजली कटौती, लो वोल्टेज को देखकर ऐसा महसूस होता है कि बिजली विभाग के कुछ अफसर राज्य सरकार को बदनाम करने में जुटी है। ठाकुर ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा मैनपुर में बिजली के दो कनेक्शन आया है। एक सढ़ौली से और दूसरा इंदागांव से यहां एक मिनट भी बिजली बंद नही होना चाहिए। क्योंकि दोनों तरफ से बिजली मैनपुर तक पहुंची है लेकिन बिजली की लचर व्यवस्था देखकर ऐसा लगता है कि कुछ अफसर सरकार को बदनाम करने में लगे है।

भारी पुलिस के जवान सुरक्षा के दृष्टी में किया गया था तैनात : मैनपुर में कांग्रेस के आन्दोलन के चलते बड़ी संख्या में पुलिस के बल तैनात किए गए थे मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा स्वयं मोर्चा सम्भाले हुए थे ।और यह आन्दोलन शांति पूर्ण सम्पन्न हुआ।

सुविचार

मित्र ऐसे हों जैसे हम स्वंय हों। बेशक वे गिनती में कम हों। वैसे भी जरूरत के समय अधिकतर लोगों के पास समय नहीं होता। - अज्ञात

सीएम उमर अबदुल्ला की साफगोई

पहलगाम में हुई आतंकी घटना को लेकर जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर बेहद भावुक होकर कहा कि मुझे नहीं पता की मैं मृतकों के परिजनों से कैसे माफी मांगूं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की यह साफगोई तारीफ के काबिल है। उन्होंने यह स्वीकार किया है कि पर्यटकों की सुरक्षा में उनकी सरकार से चूक हुई है। मेजबान होने के नाते यह मेरा फर्ज था कि मैं यह सुनिश्चित करूं की कश्मीर से पर्यटक सुरक्षित लौटें पर मैं ऐसा नहीं कर सका, इस गलती के लिए मेरे पास माफ मांगने के लिए शब्द नहीं है। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार आतंकवाद के खिलाफ लोगों की लड़ाई को और ज्यादा मजबूत करेगी। जम्मू कश्मीर में सुरक्षा कारणों से आधे से ज्यादा पर्यटन स्थलों को बंद करने का भी उमर अब्दुल्ला की सरकार ने फैसला लिया है, जो स्वागत योग्य कदम है। जिन पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम नहीं है वहां पर्यटकों का जाना खतरे से खाली नहीं है। पहलगाम की आतंकी घटना की निकट भविष्य में पुनरावृत्ति होने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। किसी भी राज्य की पुलिस हो या केन्द्र सुरक्षाबल वे हर पर्यटक की सुरक्षा नहीं कर सकते खासतौर पर जम्मू कश्मीर में जहां अभी भी आतंकवादी छिपे हुए हैं। वे ऐसे ही मौके की तलाश में रहते हैं। जब सरकार से कोई चूक हो जाये। पहलगाम में भी ऐसा ही हुआ वहां के लोकल टूर ऑपरेटरों ने समय से पहले ही पहलगाम के पिकनिक स्पॉट पर लोगों को ले जाना शुरू कर दिया था। इसकी सूचना भी राज्य सरकार को नहीं दी गई थी। नतीजतन वहां पर्यटकों की सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं कराए जा सके थे। इसी का लाभ उठाकर आतंकवादियों ने हिंसक वारदात को अंजाम दिया था। पर्यटकों की सुरक्षा में चूक को केन्द्र सरकार ने भी सरर्वदलीय बैठक में स्वीकार किया था और अब जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी अपनी सरकार की चूक को स्वीकारा है। बहरहाल जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना और सुरक्षाबल युद्ध स्तर पर अभियान चला रहे हैं। ऐसे माहौल में पर्यटक जम्मू कश्मीर जाने से कतरा रहे हैं। जम्मू कश्मीर सरकार ने आधे से ज्यादा पर्यटन स्थलों को बंद करने का जो निर्णय लिया है, वह भी सराहनीय है। जिन पर्यटन स्थलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। वहां पर्यटक बेखौफ होकर जा रहे हैं। यह आतंकवादियों के मुंह पर करारा तमाचा है। जिन्होंने पहलगाम में आतंकी हमला कर पर्यटकों के दिल में दहशत भरने की कोशिश की थी। किन्तु देश के कोने-कोने से हजारों पर्यटक अभी भी कश्मीर जा रहे हैं और आतंकवादियों के नापाक मंसूबों पर पानी फेर रहे हैं। इन पर्यटकों की सुरक्षा में अब कोई और चूक न हो इसका जम्मू कश्मीर सरकार और केन्द्र सरकार को विशेष ध्यान रखना चाहिए। गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर कह अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग पर ही टिकी हुई है। आतंकवादियों ने पहलगाम में आतंकी घटना को अंजाम देकर पर्यटन उद्योग को ही तबाह करने की गहराई साजिश की है। उनकी यह साजिश सफल नहीं होनी चाहिए और जम्मू कश्मीर का पर्यटन उद्योग प्रभावित नहीं होना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि वहां के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किया जाए ताकि फिर ऐसी दुखद घटना की पुनरावृत्ति न होने पाये।

बिहार के लाल वैभव सूर्यवंशी का कमाल

आईपीएल में बिहार के लाल वैभव सूर्यवंशी ने वाकई कमाल कर दिखाया। मात्र चौदह साल की उम्र में वैभव सूर्यवंशी ने मात्र 35 गेंदों पर शतक जड़कर सबसे तेज शतक जड़ने का रिकॉर्ड बना दिया। इसके पहले युसूफ पठान ने 37 गेंदों पर शतक जड़कर टी-20 में सबसे तेज शतक बनाने का कीर्तिमान बनाया था। जिसे वैभव सूर्यवंशी ने तोड़ दिया। वैभव ने मात्र 17 गेंदों पर अपना अर्धशतक जड़ा और फिर 35 गेंदों में शतक बना डाला। अपनी इस धुंआधार पारी में वैभव ने 11 छक्के लगाए वह भी एक नया रिकॉर्ड है। वैभव ने 93 प्रतिशत रन चौकों छक्कों से बटोरे यह भी एक नया रिकॉर्ड है। बिहार के समस्तीपुर जिले के एक छोटे से गांव में एक साधारण किसान परिवार में जन्मे वैभव सूर्यवंशी ने मात्र 4 साल की आयु में ही बल्ला थाम लिया था और 12 साल की उम्र में पहुंचने तक वह बिहार रणजी ट्राफी में स्थान बनाने में सफल हो गया और रणजी ट्राफी में 12 साल की उम्र में ही शतक जड़कर उसने पूत के पांव पालने में दिखने वाली कहावत को चरितार्थ कर दिखाया। जब उसका आईपीएल में चयन हुआ तो उसने डेब्यू मैच में ही पहली गेंद पर छक्का जड़कर और मात्र 20 गेंदो में 34 रन बनाकर तहलका मचा दिया। हलांकि अपने दूसरे मैच में वह 12 गेंदों पर 18 रन बनाकर आउट हो गया था लेकिन तीसरे ही मैच में इस14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने धुंआधार शतक बनाकर सबको चौंका दिया। वैभव की इस ऐतिहासिक पारी की क्रिकेट का भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने भी जमकर तारीफ की है। युसूफ पठान ने भी अपना रिकॉर्ड तोड़ने पर वैभव की प्रशंसा की है। गौरतलब है कि सचिन तेंदुलकर ने भी मात्र 16 साल की उम्र में भारतीय क्रिकेट टीम में पदार्पण किया था। यदि वैभव को अवसर मिला तो इस मामले में भी वह सचिन का रिकॉर्ड तोड़ सकता है।

पौराणिक महत्व का त्योहार है अक्षय तृतीया

रमेश सर्राफ

विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर एक कलंक के समान है। देश में अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर हर वर्ष हजारों की संख्या में बाल विवाह किए जाते हैं। तमाम प्रयासों के बाबजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। भारत में बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद एक नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है। बाल विवाह मनुष्य जाति के लिए एक अभिशाप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह बेटी बचावो बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही है। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। ऐसे पवित्र दिन का महत्व बनाए रखने के लिए समाज को इस दिन होने वाली कुरीतियों पर रोक लगाकर एक सकारात्मक संदेश देना होगा। तभी सार्थकता बनी रह पाएगी।

अक्षय तृतीया वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। हिंदू शास्त्रों और पुराणों के अनुसार चार युग का चक्र होता है, जिसे सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग के नाम से जाना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सतयुग, जिसे इंसान के जीवन का सुनहरा दौर कहा जाता है, वो समाप्त हो जाता है और त्रेतायुग शुरू हो जाता है। इसलिए अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहा जाता है। हिंदू परिवारों के लिए यह दिन बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

अक्षय शब्द का अर्थ होता है कभी न मिटने या कम होने होने वाला। संस्कृत में अक्षय (अक्षय) शब्द का अर्थ समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता होता है। जबकि तृतीया का अर्थ है चंद्रमा का तीसरा चरण। इसका नाम हिंदू कैलेंडर में वैशाख के वसंत महीने के तीसरे चंद्र दिवस के नाम पर रखा गया है। इस त्योहार को हम अपनी भाषा में आखातीज नाम से भी जानते हैं। जिसका अर्थ होता है जो कभी खत्म ना होने वाला। इसलिए माना जाता है की यह दिन हमारे लिए वस्तुओं की खरीदारी का सबसे शुभ दिन माना जाता है। अक्षय शब्द का अर्थ होता है, जो कभी खत्म न हो। इसी कारण इस दिन किए गए सभी अच्छे कार्यों, जैसे जप, यज्ञ, दान-पुण्य, का पुण्य कभी भी समाप्त नहीं होता। माना जाता है कि अक्षय तृतीया का दिन व्यक्ति को अनंत सुख और समृद्धि की प्राप्ति करता है। इस दिन जितने पुण्य किए जाए उतने हमें हमारे लिए कम है।

हमारे देश में समय-समय पर बहुत से त्यौहार मनाये जाते हैं। इसलिए हमारे देश को त्योहारों का देश भी कहते है। हिन्दू धर्मावलम्बियोंके प्रमुख त्योहारों में से एक अक्षय तृतीया है। जिसे हम आखा तीज भी कहते हैं। अक्षय तृतीया देश भर में हिंदुओं द्वारा मनाए जाने वाले सबसे पवित्र और शुभ दिनों में से एक है। माना जाता है कि इस दिन से जो भी कार्य इस शुरू होता है, वो हमेशा पूर्ण होता है। यह त्यौहार हर वर्ष वैशाख महीने में शुक्ल पक्ष के तृतीया को आता है। इस वर्ष अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को है। अक्षय तृतीया को शादी का अबूझ मुहुर्त माना जाता हैं। क्योंकि इस दिन शुभ कार्य करने के लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इसी कारण अक्षय तृतीया को बहुत अधिक शादियां होती हैं। अक्षय तृतीया का पर्व बसंत और ग्रीष्म के संधिकाल का महोत्सव है। इस तिथि में गंगा स्नान, पितरों का तिल व जल से तर्पण और पिंडदान भी पूर्ण विश्वास से किया जाता है जिसका फल भी अक्षय होता है। इस तिथि की गणना युगादि तिथियों में होती है। क्योंकि सतयुग की समाप्ति पर त्रेतायुग का आरंभ इसी तिथि से हुआ है।



माना जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था। इसीलिये इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि आखा तीज के दिन राजा भागीरथ गंगा नदी को पृथ्वी पर लाए थे। अक्षय तृतीया के दिन भगवान विष्णु तथा उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। आखा तीज के दिन ही देवी अन्नपूर्णा का जन्म भी हुआ था। यह वह दिन था, जब भगवान कृष्ण ने अपनी सारी संपत्ति और सौभाग्य अपने गरीब मित्र सुदामा को दे दिया था। अक्षय तृतीया के दिन श्रद्धेय ऋषि वेद व्यास ने महाभारत की रचना शुरू की थी। और पुराणों के अनुसार यह दिन त्रेता युग की शुरुआत का प्रतीक है। जो मानव जाति के चार युगों या युगों में से दूसरा है।

जैन धर्म में अक्षय तृतीया एक महत्वपूर्ण तिथि है जिसे दान और पुण्य कार्य करने के लिए विशेष रूप से शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान ऋषभदेव (प्रथम तीर्थंकर) ने एक वर्ष की तपस्या के बाद गन्ने के रस से पारणा किया था। इसलिए इस दिन को अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता हैं। अक्षय तृतीया के दिन यूं तो आप किसी भी देवी-देवता की पूजा कर सकते हैं। लेकिन विशेष रूप से इस दिन माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और धन के देवता कुबेर की पूजा करने का विधान है। अन्य त्योहारों की तरह इस त्योहार में भी दीपक जलाते हैं। इस दिन किया गया परोपकार हमारे लिए जीवन को सुखी बना देता हैं। इसीलिए इस दिन लोग गरीबों को भोजन कराते हैं तथा उनकी सहायता करते हैं।

माना जाता है कि इस दिन किए गए पुण्य हमारे लिए स्वर्ग में जगह बनाते हैं। इस दिन कई लोग जागरण रखकर हवन करते हैं तथा गरीबों को दान देते हैं। कई लोग अपने नए घर में मुहूर्त के हिसाब से प्रवेश करते हैं। अक्षय तृतीया का पौराणिक महत्व भी है। मान्यता है कि इसी दिन सतयुग और त्रेता युग का आरंभ हुआ था। द्वापर युग का समापन और महाभारत युद्ध का समापन भी इसी तिथि को हुआ था। देश के अनेक हिस्सों में इस तिथि का अलग-अलग महत्व है। जैसे उड़ीसा और पंजाब में इस तिथि को किसानों की समृद्धि से जोड़कर देखा जाता है। तो बंगाल में इस दिन गणपति और लक्ष्मीजी की पूजा का विधान है।

इतना पवित्र पर्व होने के उपरांत भी इस दिन बड़ी संख्या में होने वाले बाल विवाह इस पर्व के महत्व को कम करते हैं। अबूझ सावा मानकर बड़ी संख्या में लोग अपने नाबालिक बच्चों की इस दिन शादी कर देते हैं। कम उम्र के बच्चों के विवाह रोकने के लिए इस दिन प्रशासन को विशेष इंतजाम करने पड़ते हैं। राजस्थान सहित कई प्रदेशों में तो अक्षय तृतीया का दिन बाल विवाह के लिए बदनाम हो चुका है। विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर एक कलंक के समान है।

देश में अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर हर वर्ष हजारों की संख्या में बाल विवाह किए जाते हैं। तमाम प्रयासों के बाबजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नहीं हो पा रहा है। भारत में बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद एक नाबालिग बेटी की जबरदस्ती शादी करा दी जा रही है। बाल विवाह मनुष्य जाति के लिए एक अभिशाप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही हैं। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। ऐसे पवित्र दिन का महत्व बनाए रखने के लिए समाज को इस दिन होने वाली कुरीतियों पर रोक लगाकर एक सकारात्मक संदेश देना होगा। तभी सार्थकता बनी रह पाएगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1864 में आज ही के दिन न्यूयॉर्क अमेरिका का ऐसा राज्य बना, जहां शिकार के लिए लाइसेंस फीस लागू किया गया था। 1908 में 30 अप्रैल के दिन ही खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर में किंग्सफोर्ड के मजिस्ट्रेट की हत्या करने के लिए बम फेंका था।1985 में 30 अप्रैल के दिन ही अमेरिकी पर्वतारोही रिचर्ड डिक बास (55 वर्ष) माउंट एवरेस्ट पर सर्वाधिक उम्र में चढ़ने वाले व्यक्ति बने थे। 1991 में आज ही के दिन अंडमान में ज्वालामुखी सक्रिय हुआ था। 2000 में आज ही के दिन आतंकवाद से निपटने के लिए सहयोग के आह्वान के साथ जी -77 शिखर सम्मेलन हवाना में खत्म हुआ था। 2001 में 30 अप्रैल के दिन ही फिलीपींस में एरुत्रादा समर्थकों द्वारा तख्ता पलट का प्रयास किया गया था। 2006 में आज ही के दिन 2011 क्रिकेट विश्वकप की मेजबानी भारतीय उपमहाद्वीप को मिली थी। 2007 में 30 अप्रैल के दिन ही नेत्रहीन पायलट माइल्स हिल्टन ने विमान से आधी दुनिया का चक्कर लगाकर रिकॉर्ड बनाया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

गुरूर हो अधिक,

गुरूर हो अधिक, सम्भल जा साथ जो ईमान होना चाहिए। रखकर संजीदगी दिलों में इंसां को इंसां होना चाहिए। साँसों में धड़के ध्यान हरि का जुबाँ पे मुस्कान आना चाहिए। - **सुरेश वैष्णव**

कूटनीति का युद्ध

कूटनीति का युद्ध भी, कहलाता है वार। समझेंगे ये बात कब, मंदबुद्धि मक्कार। मंदबुद्धि मक्कार, वाम के कवि ये घटिया। देख प्रजा का रोष, हिल गई इनकी खटिया। खेलें गंदा खेल, हमेशा राजनीति का। क्या जाने शठ धूर्त, खेल ये कूटनीति का।।

- रमेश शर्मा वशिष्ट

ख़ास पाती। कब तक जलती रहेंगी चिताएं

कब तक जलती रहेंगी चिताएं कब तक दहलेगी ये वादी कब तक सहें सुनो बरबादी क्यों पहनी है तुमने खादी पूछ रही हूं अब सत्ता से बता व्यर्थ हैं तुमसे आशाएं कब तक जलती रहेंगी चिताएं।। पहलगाम या फिर बंगाल हो सभी जगह बस एक हाल हो केवल बयान में ही मलाल हो वही प्रश्न फिर है सत्ता से कब तक होंगी ऐसी घटनाएं कब तक जलती रहेंगी चिताएं किसी ने अपना लाल खोया किसी ने है सिंदूर धोया कोई पिता भ्रात को रोया क्या उन भोगियों की बिलखती सुन सकोगे विलापित व्यथाएं कब तक जलती रहेंगी चिताएं - **रजनी रामदेव**

कितनी कठिन, कितनी आसान

कितनी कठिन, कितनी आसान, जीवन की ये डगर। चलो तो मंजिल, रुको तो थकान। अपने बल पर बढ़ चलो तो सुकून.. सुकून और सुकून। चलो सहारा ले कांधे का किसी तो उम्रभर सिर्फऔर सिर्फअहसान। साथ हो गर तुम तो खूबसूरत हो सफर। जंगल में भी मंगल होजैसे। **-सविता वर्मा 'ग़ज़ल'**

एक साधारण इंसान डॉल्फिन ,भालू आदि

एक साधारण इंसान डॉल्फिन ,भालू आदि को नए नए करतब सीखा देता है एक रिंग मास्टर खूंखार शेर को अपनी उंगली पर नचा देता है एक महावत बलशाली हाथी को भी भीगी बिल्ली बना देता है मगर हर धर्म मे भारी संख्या में मौजूद धर्मगुरु इंसान को अच्छा संवेदनशील इंसान बनाने में कैसे असफल हो जाते हैं!

- संत आर थवाइत

बनकर रही अबूझ पहेली, उसको क्यूँ

बनकर रही अबूझ पहेली, उसको क्यूँ सुलझाता जाऊँ प्रश्न रोज उठता है मन में, उसको क्यूँ उलझाता जाऊँ समझ सका ना जग में कोई, प्राणी हो या स्वयँ प्रभु आसाँ नहीं है बनना औरत,सबको क्यूँ समझाता जाऊँ पृथ्वी की गरिमा का रक्षण करने की जो सोच रखे हैं +जननी का स्वरूप जगत में, फिर भी उसको वो परखे हैं बुद्धिमता का देकर परिचय, खुद पर ही इठलाया करते ईश्वर की सर्वोत्तम कृति को, यूँ ठुकराया नहीं करते हैं। - **जे डी कुदाल**

व्यवहार जो बताए कि आप ब्राह्मण

व्यवहार जो बताए कि आप ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य या शुद्र कौन हैं, जो बताए कि आप उदार या स्वार्थी कौन हैं, जो बताए कि आपधार्मिक या अधार्मिक कौन हैं, जो बताए कि आप शिक्षित या अशिक्षित कौन हैं, जो बताए कि आप अनुभवी या अनुभवहीन कौन हैं, जो बताए कि आप संस्कारी या असंस्कारी कौन हैं जो बताए कि आप आर्य या अनार्य कौन हैं, जो बताए कि आप हैवान या इंसानकौन हैं,?? जो आपकी इतनी सारी चुगलीपल भर में करे वह आपका व्यवहार है। - **शुचि भवि**

हमारी शादी होने के बाद हमारी वोटर

हमारी शादी होने के बाद हमारी वोटर आईडी, हमारी आधार कार्ड पर ऐड्रेस भी बदल जाता है और वो औरतें जो शादी पाकिस्तान में कर चुकी हैं उनकी नागरिकता अब तक खत्म क्यों नहीं हुई? हमारे पैतृक गांव, शहर में हमे वोटिंग का अधिकार नहीं और इन औरतों को भारत अब तक सुविधाएं दे रहा है।कमाल है वाकई में।अजीब व्यवस्था है देश में! - **दिव्या राकेश शर्मा**

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

गूंज की अनुगूंज

विजय कुमार गुप्ता

पिछड़ते जो होड़ में, पराजय वाला शोक
पत्थर की नोंक से, खीझ ही दिखाते हैं।
पत्थर प्रहार ढंग, सुनिए प्रकार सब,
मारने का दौर चला, सभी गिनवाते हैं।।
विकास को भाँप कर, निज हार मानकर,
पत्थर जो नफरती, विध्वंस मचाते हैं।
विरासती नेता दिखे, गाली मनमानी दिए
जलन वाले पत्थर, विद्रोह सिखाते हैं।
माना नहीं राम कभी, उलजलूल तर्क से
बेड़ा गर्क हुआ खूब, धोखे भी तो खाते हैं
बदला समय फेर, सनातनी पत्थर पे
तपस्वी सा रूप रंग, मौके भुनवाते हैं।

क्रमशः

QUIZ TIME

1) प्रति वर्ष पाई दिवस कब मनाया जाता है?

2) 14 मार्च को नदियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस मनाया गया। इसका विषय क्या है?

3) वरुण 2025 क्या है?

4) लिम्बू जनजाति किस राज्य में पाई जाती है?

5) सैयद आबिद अली का हाल ही में निधन हो गया। वह किससे संबंधित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 14 मार्च (2) हमारी नदियाँ, हमारा भविष्य (3) भारत-फ्रांस नौसैनिक अभ्यास (4) सिक्किम, असम, नागालैंड और उत्तरी पश्चिम बंगाल (5) खेल (क्रिकेट)

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:54, सूर्यास्तः : 06:54, चन्द्रोदय : 06:21, चन्द्रास्त : 21:02,अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु),विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : वैशाख,पक्ष : शुक्ल, तिथि : तृतीया, नक्षत्र : रोहिणी,योग : शोभन,प्रथम करण : बालव (07:19 तक), द्वितीय करण : कौलव (17:31 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : वृष, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:48 से 12:41, अमृत काल : 16:40 से 18:04, त्रिपुष्कर योग : 05:36 से 17:31, सर्वार्थ सिद्धि योग : 05:36 से 18:47, विजय मुहूर्त : 14:27 से 15:20, गोधूलि मुहूर्त : 18:52 से 19:13,सायाह्न सन्ध्या : 18:53 से 19:57, निशिता मुहूर्त : 23:53 से 24:35, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम,यमगण्ड : 08:55 से 10:35, दुर्मुहूर्त : 08:15 से 09:08, होमाहुति : सूर्य, दिशा शूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : पश्चिम (18:47 से), अग्निवास : पाताल (17:31 से पृथ्वी)।

आज का राशिफल



ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आपका स्वभाव बीते कुछ दिनों से संतोषी रहेगा।

वृषः आज का दिन आपके लिए शुभफलदायी रहेगा स्वभाव में थोड़ी चंचलता अवश्य रहेगी लेकिन इससे आसपास का वातावरण खुशनुमा ही बनाएंगे।

मिथुनः आज का दिन हानिकर रहने वाला है किसी भी कार्य मे जल्दबाजी से बचे सोच समझकर अनुभवी व्यक्ति की सलाह के बाद ही कोई कदम उठाए।

कर्कः आज का दिन लाभदायक है आज आप जिस भी कार्य को करने का मन बनाएंगे।

सिंहः आज का दिन भी कार्य सफलता दायक रहेगा लेकिन आज आपको गलत मार्गदर्शन करने वाले भी मिलेंगे।

कन्याः आज आप दिन के आरंभ से ही आलस्य में भरे रहेगें। मध्याह्न तक कि दिनचर्या धीमी रहेगी। इसके बाद भी काम तो करेंगे लेकिन ध्यान कहीं और ही रहेगा।

तुलाः आज दिन आपके लिए प्रतिकूल रहने वाला है। सेहत में आज भी कुछ ना कुछ विकार रहने से कार्य करने का मन नहीं करेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपको किसी न किसी रूप में लाभ देकर जाएगा। दिन के आरंभी भाग में आलस्य दिखाएंगे।

धनुः आज के दिन आपके हानि लाभ बराबर रहेंगे। धन-लाभ समय से थोड़ा विलंब से होगा जिससे थोड़ी असुविधा होगी इसके कारण कार्यक्रम में बदलाव भी करना पड़ेगा।

मकरः आज के दिन आपका व्यक्तित्व निखरा हुआ रहेगा लेकिन स्वभाव में जिद और अहम भी रहने से लोग आपकी बातो का गलत अर्थ ही निकालेंगे।

कुंभः आज का दिन भी छोटी मोटी घटनाओं से अशांत बनेगा फिर भी बीते कल की तुलना में थोड़ी शांति भी रहेगी।

मीनः आज का दिन भी आपको आर्थिक समृद्धि प्रदान करेगा लेकिन आज खर्च करते समय सोच विचार अवश्य करें।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 032 का हल

संक्षिप्त खबरें

सीएम साय ने किया 'बॉर्नियो मदर एंड चॉइल्ड केयर हॉस्पिटल' का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को राजधानी रायपुर के दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका स्थित 'बॉर्नियो मदर एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल' का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर अस्पताल का उद्घाटन किया और परिसर का भ्रमण कर उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक राजेश मूणत, विधायक सुनील सोनी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि किसी भी राज्य के समग्र विकास में शिक्षा और स्वास्थ्य अधोसंरचना की अहम भूमिका होती है। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है और राजधानी से लेकर दूरस्थ अंचलों तक प्रत्येक नागरिक के स्वास्थ्य की चिंता हमारी सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नवा रायपुर अटल नगर में 'मेडिसिटी' विकसित कर रही है, जिससे छत्तीसगढ़ न केवल देश के स्वास्थ्य मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगा, बल्कि मेडिकल टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा। सीएम साय ने आयुष्मान भारत योजना की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने 'बॉर्नियो मदर एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल' के प्रबंधन एवं स्टाफ को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि यह संस्थान माताओं और नवजात शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए सामाजिक सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

वन विभाग की कार्रवाई, हिरण के सींग के साथ 2 शिकारी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। विभागीय टीम ने मोवा इलाके में हिरण के सींग और अवशेषों के साथ 2 आरोपियों नाम यासिर खान और फराज खान को गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपियों ने गिरफ्तारी का काफी विरोध किया, लेकिन वन विभाग की टीम ने किसी तरह उन्हें काबू में कर लिया। इस पूरे ऑपरेशन का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें टीम की सक्रियता साफ देखी जा सकती है। यह कार्रवाई प्रधान मुख्य वन संरक्षक व वन बल प्रमुख राव साहब के निर्देशन और रायपुर वन मंडलाधिकारी व संयुक्त वन मंडलाधिकारी के नेतृत्व में की गई। ऑपरेशन में उड़नदस्ता अधिकारी और रायपुर रेंजर दीपक तिवारी की अगुवाई में बीएफआ अमृत पाल सिंह, बीएफअड्डु भूपेंद्र खैरवार, बीएफओ दीपक वर्मा, बीएफओ गोस्वामी और सहयोगी यशपाल शामिल रहे। वन विभाग की इस त्वरित और सटीक कार्रवाई को वन्यजीव संरक्षण के लिहाज से बड़ी सफलता माना जा रहा है। विभाग ने टीम को इस साहसिक अभियान के लिए बधाई दी है।

बीजेपी पूरे प्रदेश में जनजागरण अभियान चलाएगी

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने वक्फ बिल सुधार जनजागरण अभियान को लेकर प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि, बीजेपी पूरे प्रदेश में जनजागरण अभियान चलाएगी। अभियान के भाजपा तहत मुस्लिम समाज के बीच पहुंचेगी। इसके लिए 1 से 10 मई तक अलग- अलग कार्यक्रम होंगे। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा- 1 मई को बुद्धिजीवी सम्मेलन होगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह सम्मेलन में शामिल होंगे। 1 मई को पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह कार्यशाला लेंगे। महिला मोर्चा की मुस्लिम समाज की महिलाओं के बीच जाकर भ्रम दूर करेंगी। अल्प संख्याक मोर्चा हर जिले में जागरूकता कार्यक्रम करेगा।

मोर्चा के नेता होंगे शामिल -राष्ट्रीय मोर्चा के नेता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होंगे। वक्फ संशोधन बिल के सकारात्मक पहलुओं को साझा किया जाएगा। मुस्लिम समाज के साथ अन्य समाज के लोगों को भी बिल की सत्यता बताई जाएगी।

हजारों रुपए की सरिया पर चोरों ने किया हाथ साफ

रायपुर/नवप्रदेश। कमल विहार सेक्टर 10 स्थित सांई स्टील दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 2230 किलो सरिया पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विकाश गोंदवानी 36 वर्ष अवंतिविहार तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी का कमल विहार सेक्टर 10 में सांई स्टील दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का ताला तोड़कर 2230 किलो सरिया पार कर दिया। चोरी गए सरिया की कीमत करीब 85 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दुकान के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। गोंदवारा स्थित लवकुश फर्नीचर के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जमील खान 53 वर्ष कोटा सरस्वती नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केई 0458 को गोंदवारा स्थित लवकुश फर्नीचर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी

■ 13 हजार टीचर्स का होगा तबादला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य की स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेसी ने इस संबंध में राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी है। बताया गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के अनुरूप शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। शासन द्वारा शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के लिए संशोधित समय सारिणी भेजी गई है। जानकारों का मानना है कि इस प्रक्रिया के माध्यम से करीब 13 हजार शिक्षकों का तबादला होगा। साथ ही स्कूलों को मर्ज किया जाएगा। खास बात ये है स्कूलों के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में स्वामी आत्मानंद हिंदी और अंग्रेजी माध्यम स्कूलों, पीएम श्री स्कूलों का समायोजन नहीं किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों और सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए जारी निर्देश में शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के बारे में बताया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के अनुरूप शालाओं में शिक्षकों की उपलब्धता, बच्चों की दर्ज संख्या के अनुपात में होनी चाहिए। प्रदेश की विभिन्न स्तर की शालाओं में सैकड़ों शिक्षक अतिशेष हैं। शालाओं एवं शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जाना छात्रहित में उचित है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों में एक ही परिसर में अथवा निकट में दो या दो से अधिक शालाएं संचालित हैं, ऐसे शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जाना है, साथ ही अतिशेष शिक्षकों का शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय शालाओं में युक्तियुक्तकरण किया जाना है।

कैबिनेट के निर्णय पर इस तरह होगा अमल

1. शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण करने के लिए मंत्रिपरिषद के निर्णय 9 जून 2024 के संबंध में कार्यवाही के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। शालाओं का युक्तियुक्तकरण- प्रदेश में लगभग बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों का संचालन एक ही परिसर में हो रहा है। एक ही परिसर में संचालित विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता की दृष्टि से किया जाएगा। एक ही परिसर में संचालित शालाओं का युक्तियुक्तकरण, एक ही परिसर में संचालित दो या दो से अधिक प्राथमिक विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण।

2. एक ही परिसर में संचालित दो या दो से अधिक पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण। एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण। एक ही परिसर में संचालित पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण। एक ही परिसर में संचालित प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल का युक्तियुक्तकरण। एक ही परिसर में संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण।

वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव पर विपक्ष का हंगामा

■ पेयजल की गंभीर समस्या को लेकर विपक्ष का वॉकआउट

■ वन नेशन वन इलेक्शन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम की नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि सामान्य सभा की बैठक में मंगलवार को वन नेशन वन इलेक्शन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में विपक्ष ने पानी के मुद्दे को लेकर बॉयकट किया। इसके पश्चात वे सदन में नहीं लौटे। नगर निगम के निर्वाचित सभापति सूर्यकांत राठौर ने सामान्य सभा की विशेष बैठक बुलाई। यह बैठक नगर निगम के बाहर एक शहीद स्मारक में हुई। इस सामान्य सभा में ''वन नेशन वन इलेक्शन'' का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। सभापति ने बताया कि इसका उद्देश्य राज्य के विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ आयोजित कर समय , संसाधानों और प्रशासनिक खर्चों की बचत करना है, जिससे विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। प्रशासनिक और आर्थिक कार्यों में निरंतरता का मतदाराओं में जागरूकता की भागीदारी सुनिश्चित हो। बैठक में विपक्ष के सदस्यों ने पेयजल संकट को लेकर चर्चा कराने की मांग भी की, जिसे सभापति ने अमान्य कर दिया। इसको लेकर सदन में विपक्ष ने जमकर शोर शराबा किया। कांग्रेस के आकाश तिवारी और संदीप साहू सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि शहर में पेयजल संकट गहराता जा रहा है, इसलिए इस पर चर्चा कराना जरूरी है। विपक्ष ने अपनी मांग को लेकर जमकर शोर-शराबा किया।

संदीप साहू अधिकृत नेता प्रतिपक्ष : नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक में बतौर नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू कुर्सी पर बैठे रहे। नगर निगम के अधिकृत सूत्रों के अनुसार वे ही नेता प्रतिपक्ष रहेंगे। ज्ञात रहे कांग्रेस में चल रहे अंतर्कलह के चलते पार्षद आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बना दिया गया था, लेकिन कांग्रेस ने ही इसे स्पष्ट नहीं की है। सभापति सूर्यकांत राठौर ने कांग्रेस के पदाधिकारियों को चिट्ठी लिखकर वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा था, लेकिन अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है। आज विशेष सामान्य सभा में संदीप साहू ही नेता प्रतिपक्ष के कुर्सी पर विराजमान थे। विशेष सामान्य सभा करीब एक घंटे से अधिक समय तक चली।

पानी की समस्या को लेकर गंभीर : महापौर मीनल चौबे

महापौर मीनल चौबे ने विपक्ष द्वारा सदन का पलायन करने पर कहा कि हम पानी की समस्या को लेकर गंभीर हैं। सामान्य सभा की बैठक में इसे हल करने के लिए हमने गंभीर प्रयास किया है। निकट भविष्य में सभी वार्डों में पेयजल समस्या को हल करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने ''वन नेशन वन इलेक्शन'' का मुद्दा कॉफी महत्वपूर्ण है, इससे मतदाताओं में जागरूकता और भागीदारी बढ़ेगी। हमें इस मुद्दे पर सभी का सहयोग चाहिए।

एंटी नक्सल ऑपरेशन को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का बड़ा बयान

■ नहीं रुकेगा ऑपरेशन, खात्मे की ओर नक्सलवाद

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन 8 वें दिन भी जारी है। नक्सलियों के बड़े लीडरों को जवानों ने कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में घेर रखा है। इस मुठभेड़ में फ़ोर्स को बड़ी सफलता मिलने की उम्मीद है। इस बीच नक्सलवाद के खात्मे को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने बड़ा बयान दिया है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खात्मे की ओर है, लेकिन कुछ नेता और दल माओवाद को सपोर्ट करने में लगे हैं। तेलंगाना की एक पार्टी ऑपरेशन रोकने की अपील कर रही है। लेकिन केंद्रीय अमित शाह ने टारगेट तय कर दिया ऑपरेशन रुकेगा नहीं। मार्च 2026 तक पूरा प्रदेश नक्सल मुक्त होगा। सरकार और जवान नक्सलियों के सामने शक्ति से कार्रवाई कर रहे हैं।

कांग्रेस के संविधान बचाओ रैली पर बोला हमला –केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कांग्रेस के संविधान बचाओ रैली पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान की हत्या की है। भाई भतीजा वाद करने वाले संविधान की बात क्या करेंगे। प्रदेश में प्रदर्शन करने भ्रमित करने कांग्रेस पार्टी आती है। कांग्रेस के सिर्फ नेताओं की सक्रियता सिर्फ प्रदर्शन करने के लिए दिखती है। कांग्रेस के मन में सेवा भाव नहीं है।

तेलंगाना और छत्तीसगढ़ की सीमा कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों ने बड़ी संख्या में जवानों ने डेरा डाला हुआ है। हेलीकॉप्टर से इलाके की निगरानी रखी जा रही है। यहां नक्सलियों के बड़े लीडरों के होने की आशंका है। जिसके मद्देनजर फ़ोर्स ने भी पूरी तैयारी के साथ घेराबंदी कर ली है। फिलहाल तीन महिला नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जिन पर 8-8 लाख का इनाम घोषित था।

जायसवाल निको इंडस्ट्रीज में 'प्रोजेक्ट सेफ' का आयोजन,

■ 'वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क' पर कर्मचारियों को मिला प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। मुद्रिका हेल्थकेयर, फेडरेशन ऑफ स्किल डेवेलपमेंट के संयुक्त तत्वावधान में कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य विश्व दिवस के अवसर पर जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड में प्रोजेक्ट सेफ का आयोजन किया गया।

मुद्रिका के प्रोजेक्ट सेफ का उद्देश्य कार्यस्थल पर दुर्घटना या किसी तरह की अन्य स्वास्थ्य सम्बंधी आपातकालीन स्थिति में पीड़ित के जीवन बचाने हेतु की जाने त्वरित कार्यवाही के नियमों और आवश्यक कदमों से से अवगत करना है। जायसवाल निको में हुए इस प्रशिक्षण में उद्भव फिजियो के डॉ. नलनेश शर्मा ने शरीर के मांसपेशियों और आंतरिक शक्तियों के विषय मे जानकारी दी जिससे एक कर्मचारी अपनी कार्यक्षमता बढ़ा सकता है। डॉ. प्रज्ञा शर्मा ने जैविक प्रणाली को सक्रिय करने के महत्वपूर्ण तरीको के विषय मे बात की। डॉ प्रज्ञा ने अपनी कुर्सी पर बैठे बैठे किये जाने वाले एक्सरसाइज की जानकारी दी। एनकेडी हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉ. देवप्रकाश देवांगन ने कार्यस्थल पर या फिर किसी अन्य दुर्घटना में मोच, टूटी हड्डी और लिगामेंट डेमेज के अंतर को समझाने के साथ साथ उनके प्रारंभिक उपचार के विषय मे जानकारी दी। एनकेडी हॉस्पिटल ने ट्रेनर डॉ. कठीरमन की सहायता से पीड़ित और घायल व्यक्ति की सहायता के लिए बेसिक लाइफ स्पोर्ट का प्रशिक्षण दिया जिसमें पीड़ित को सीपीआर तकनीक देना सिखाया गया।

नक्सलियों का एक और पत्र

सरकार ने पुनर्वास नीति बनाई है, नक्सली मुख्यधारा से जुड़ें : डिप्टी सीएम साव

रायपुर/नवप्रदेश। बीजापुर-तेलंगाना की सीमा पर सबसे बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस बीच शांतिवार्ता की कवायद भी तेज हो गई है। नक्सल ऑपरेशन के बीच शांति वार्ता की पेशकश पर डिप्टी सीएम अरुण साव का बयान सामने आया है। साव ने कहा- जो हथियारों के साथ चलेंगे तो सुरक्षा बल के जवानों को जो करना चाहिए वह करेंगे।

डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा- सरकार बार- बार कह रही है की नक्सली मुख्यधारा से जुड़े। सरकार ने नक्सलियों के लिए पुनर्वास की नई नीति भी बनाई है।

सरकार लगातार अपील कर रहे है नक्सली मुख्यधारा से जुड़े। रायपुर पाकिस्तानियों को डिपोर्ट करने पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा- जो निर्देश भारत सरकार के आए हैं उसपर ही काम होगा। जो आंकड़े हैं आपके सामने आएंगे।

अवैध रूप से रहने वालों पर होगी कार्रवाई

डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा- पहलगाम की घटना के बाद पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने की त्वरित कार्रवाई हुई है। सर्वदलीय बैठक भी हुई, जिसमें सरकार की कार्रवाई का समर्थन किया है। जो अवैध रूप से रह रहे है उन पर कार्रवाई होगी। वहीं कांग्रेस के संविधान बचाव यात्रा पर डिप्टी सीएम ने कहा- कांग्रेस की सभी यात्राओं को देखें वह विफल रही है। जिस पार्टी ने संविधान को तार तार किया हो। वह संविधान की बात करती है।

समीक्षा बैठक

नवीन आपराधिक कानूनों को लेकर मुख्य सचिव ने उच्चाधिकारियों के साथ की बैठक

मुख्यमंत्री के मंशानुरूप नवीन आपराधिक कानूनों का हो प्रभावी क्रियान्वयन : मुख्य सचिव

रायपुर। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां मंत्रालय महानदी भवन में नवीन आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय सहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा, संहिता और भारतीय स्वास्थ्य अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए गठित राज्य अपेक्स कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। नवीन अपराधिक कानून भारत सरकार द्वारा एक जुलाई 2024 से लागू किए गए हैं। ये कानून भारतीय दण्ड संहिता, दण्ड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को प्रतिस्थापित करते हैं। मुख्य सचिव ने नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशिक्षण, जन सामान्य में जनजागरूकता, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा और सूचना प्रौद्योगिकी पर विशेष जोर दिया है। बैठक में डीजीपी अरूण देव गौतम और अपर मुख्य सचिव गृह एवं जेल मनोज पिंगुवा भी मौजूद थे।

मुख्य सचिव ने नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि कानूनों का अक्षरशः पालन हो इसके लिए सभी जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक संवेदनशीलता से कार्य करें। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार आगामी सितम्बर माह तक नवीन कानूनों के पालन और क्रियान्वयन में प्रदेश अव्वल हो इसके लिए डीएम, एसपी, डिस्ट्रिक जज और अन्य प्रमुख अधिकारी समन्वय से कार्य करें। नवीन कानूनों के क्रियान्वयन के तहत प्रकरणों की सुनवाई निर्धारित प्रक्रिया से शीघ्रता से हो इसके लिए राज्य के शासकीय अस्पताल, जेल, बैंक, एफएसएल और अन्य प्रमुख कार्यालयों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा होना आवश्यक है। श्री जैन ने सभी आवश्यक व्यवस्थायें यथाशीघ्र सुनिश्चित करने कहा है। मुख्य सचिव ने सभी जिलों में नवीन कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए जिला समन्वय समिति की नियतकालिक बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित करने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस, जेल, स्वास्थ्य विभाग और न्यायालयों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किए जाने के निर्देश दिए। इसके लिए अच्छे मास्टर टेऊनर्स की तैनाती के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कलेक्टरों से नवीन कानून के क्रियान्वयन के संबंध में फीडबैक लिया। पुलिस महानिदेशक श्री अरूण देव गौतम ने पुलिस अधीक्षकों एवं कलेक्टरों को नवीन कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित समयावधि में पुलिस रिमांड एवं चालान की कार्यवाही करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये महत्वपूर्ण जानकारी दी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित इस बैठक में विधि और विधायी कार्य, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जेल, राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, लोक अभियोजन, एनआईसी, चिप्स, निदेशक एनसीआरबी सहित समस्त संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक शामिल हुए।

कोंडागांव में 'एक देश, एक चुनाव' विषय पर जनप्रतिनिधियों का सार्थक विमर्श

कोंडागांव/ नवप्रदेश। जिले के स्थानीय फॉरेस्ट ऑक्शन हाल के सभागार में एक देश, एक चुनाव' विषय पर सार्थक विमर्श सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ। जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने एक देश, एक चुनाव' विषय पर हुआ सार्थक विमर्श किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक लता उसेंडी एवं बस्तर संभाग प्रभारी दीपेश अरोरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। लता उसेंडी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एक देश, एक चुनाव की अवधारणा देश को राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने और विकास कार्यों को गति देने का एक सशक्त माध्यम बन सकती है। बार-बार होने वाले चुनावों से समय और धन दोनों की हानि होती है। एक साथ चुनाव से प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी और जनप्रतिनिधि विकास कार्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। दीपेश अरोरा ने अपने वक्तव्य में कहा कि लोकतंत्र को प्रभावी और सशक्त बनाने के लिए 'एक देश, एक चुनाव' अत्यंत आवश्यक है। इससे चुनावी खर्चों में भारी कमी आएगी और जनप्रतिनिधियों को जनता के लिए काम करने का अधिक समय मिलेगा। इससे देश विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकेगा।

सम्मेलन में जिले के विभिन्न पंचायत जनप्रतिनिधियों , पार्षदों तथा क्षेत्र के नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने एक देश, एक चुनाव के विचार का स्वागत करते हुए इसे राष्ट्रहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस दौरान सेवक राम नेताम,प्रेम सिंह नाग,नन्द लाल राठौर, नरपति पटेल, यशोदा कश्यप,रामदाई नाग,अनीता कोर्राम,दयाराम पटेल कुलवंत चहल, रामेश्वरी पोयाम, सुषमा खोपरागडे,हितेंद्र झा, सोनमणि पोयाम, धन्जू मरकाम, असलम खान,सखा कोर्राम सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

महिला एवं बाल विकास विभाग में अनियमितताओं को लेकर मीडिया प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

कोंडागांव/ नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग में कथित अनियमितताओं के विरोध में जिले के मीडिया प्रतिनिधियों ने सोमवार को कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना से मुलाकात कर शिकायत सौंपी। मुलाकात के दौरान जिला के लगभग सभी प्रमुख मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं मीडिया प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

प्रेस क्लब जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सोनपिपरे और सचिव शैलेश शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि, महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर के खिलाफ लगातार गंभीर शिकायतें मिल रही हैं। आरोप है कि एक नाबालिग गर्भवती बालिका को संरक्षण देने, न्याय के लिए कार्रवाई करने के बजाय आरोपी के साथ आरोपी के घर भेज दिया, अब नाबालिग बालिका एक बच्चे की मां बन चुकी है। वहीं एक अन्य हालिया प्रकरण में पति-पत्नी के विवाद में नियमों को दरकिनार कर किसी अन्य महिला को सेंटर में बुलाकर प्रताड़ित किया गया और करीब डेढ़ घंटे तक कमरे में बंद रखा गया।

इन्हीं घटनाओं को लेकर कुछ मीडिया प्रतिनिधि जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अवनी विस्वाल से प्रतिक्रिया लेने पहुंचे थे, लेकिन अधिकारी ने प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार किया। मीडिया प्रतिनिधियों का कहना है कि, सवाल है कि जिला अधिकारी क्या सच में विभाग के कामकाज से अनजान हैं? अब तक शिकायतों पर कोई स्पष्ट कार्रवाई क्यों नहीं हुई हैं? कहीं विभागीय कर्मचारियों को जिला अधिकारी का संरक्षण तो नहीं मिल रहा।

मीडिया प्रतिनिधियों ने इन सभी घटनाओं से आक्रोशित होकर कलेक्टर को सामूहिक ज्ञापन सौंपा और विभागीय अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

■ न्यूज गैलरी

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश हेतु 1 मई से 30 जून तक आवेदन आमंत्रित

नारायणपुर। रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर द्वारा संचालित एनसीवीटी नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सत्र 2025-26 एवं 2025-27 में प्रवेश हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। अभ्यर्थी डाक, ई-मेल के माध्यम से या संस्था में स्वयं उपस्थित होकर 01 मई से 30 जून 2025 रात्रि 12 बजे तक आवेदन पत्र प्रेषित कर सकते हैं। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विद्युतकार, मानचित्रकार सिविल, ट्रेक्टर मेकैनिक, फिटर, टर्नर, डीजल मेकैनिक, कोपा, वेल्डर, मेसन और वायरमेन आदि व्यवसाय का प्रशिक्षण दिया जाता है।

प्रवेश आवेदन पत्र संस्था में उपलब्ध है, जिसे संस्था में आकर निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है साथ ही संस्था के वेबसाईट www.rkmitinpr.org में भी आवेदन पत्र का प्रारूप उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। संस्था में कार्यालयीन अवधि में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा करें। संस्था में नहीं आ पाने की स्थिति में प्रवेश आवेदन पत्र को सपूर्ण दस्तावेज सहित डाक के माध्यम से अथवा ई-मेल के माध्यम से rkmitiadmission@gmail.com पर प्रेषित करें। ई-मेल किया गया आवेदन पत्र की मूलप्रति प्रवेश के समय संस्था में जमा करना होगा। ईमेल अथवा डाक से प्राप्त अपूर्ण और अस्पष्ट प्रवेश आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। संस्था में उपलब्ध प्रत्येक व्यवसाय के लिए अलग-अलग आवेदन पत्र में आवेदन करें। आवेदन पत्र में फोटो चस्पा कर 10वीं की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता पासबुक की स्वप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्यतः सलग्न करें। चयनसूची जारी होंने के पश्चात् प्रवेश के समय स्थानान्तरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति अनिवार्यतः जमा करनी होगी। आवेदन पत्र पर आवेदक अपना स्वयं का ई-मेल आई.डी. एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाईल नम्बर स्पष्ट रूप से अनिवार्यतः अंकित करें। केवल अनुसूचित जनजाति (छ.ग के मूल निवासी) पुरूष आवेदक ही आवेदन करें। अबुझमाड़ के आवेदकों को प्रवेश में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है। प्रशिक्षण हेतु उपलब्ध रिक्त सीटों की पूर्ति होने तक संस्था के प्रवेश प्रक्रिया के नीति निर्धारण अनुसार प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। आवेदन पत्रों के स्क्रूटनी उपरांत चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची संस्था के सूचना पटल पर चस्पा कर वेबसाईट पर भी अपलोड किया जायेगा।

विधायक और कलेक्टर ने पर्यटन विकास को लेकर केरावाही और कोपाबेड़ा जलाशय का किया निरीक्षण

कोंडागांव/ नवप्रदेश। जिले में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी तथा कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज केरावाही और कोपाबेड़ा जलाशय का दौरा किया।

विधायक एवं कलेक्टर ने ग्राम केरावाही स्थित जलाशय का निरीक्षण करते हुए क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं का आकलन किया। उन्होंने वहां नौकायन सुविधा प्रारंभ करने, उद्यान निर्माण तथा पर्यटकों के लिए सुविधाओं के सुव्यवस्थित विकास हेतु जल संसाधन विभाग, वन विभाग और जिला पंचायत को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र पर्यटन गतिविधियां प्रारंभ करने के भी निर्देश दिए। पर्यटन गतिविधियों के संचालन हेतु ग्रामवासियों के समूहों को प्रशिक्षण दिलाने को कहा, जिससे ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सके।

इसके उपरांत विधायक उसेंडी और कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने नगर पालिका परिषद कोंडागांव के अंतर्गत कोपाबेड़ा जलाशय पहुंचकर सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने जलाशय में नगर से आने वाले गन्दे पानी को साफ करने के लिए एसटीपी स्थापित करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही सिंचाई की सुविधा को देखते हुए जलाशय के गेटों की मरम्मत कराने के निर्देश जल संसाधन विभाग को दिए। उन्होंने जलाशय के गहरीकरण सहित सभी निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कोंडागांव के अध्यक्ष श्री नरपति पटेल, श्री दीपेश अरोरा, सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई सहित जल संसाधन एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी के आरोपियों को दबोचा

कोंडागांव/ नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक बेचने की फिराक में लगे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की मोटर सायकल बरामद कर ली है। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस से जानकारी अनुसार, असीम शाह ने सिटी कोतवाली कोण्डागांव पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, 25 अप्रैल को उसने अपनी मोटर सायकल सीजी 27 एन 4954 दुकान के सामने खड़ी की थी, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया के शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर से सूचना मिली कि, मनोज विश्वकर्मा नामक व्यक्ति चोरी की मोटर सायकल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। पुलिस ने मनोज

विश्वकर्मा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपने साथियों के साथ मिलकर मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया और मोटर सायकल को उमरकोट निवासी राजू परमानिक को बेचना बताया। इसके बाद पुलिस ने उमरकोट (ओड़िसा) जाकर राजू परमानिक से पूछताछ की। पूछताछ में राजू परमानिक ने चोरी की मोटर सायकल खरीदने की बात स्वीकार की। इस पर पुलिस ने आरोपी मनोज विश्वकर्मा (30) निवासी नहरपारा थाना एवं जिला कोण्डागांव तथा राजू परमानिक (42) निवासी उमरकोट, जिला नवरंगपुर, ओड़िसा को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेज गया।

जेलवाड़ी में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

रक्तदान कर पेश की मानवता की मिसाल

नारायणपुर/ नवप्रदेश। देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में अग्रणी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की। 53वीं एवं 45वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस बल द्वारा सामरिक मुख्यालय, जेलवाड़ी कैम्प परिसर में जिला चिकित्सालय नारायणपुर के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व 53वीं वाहिनी के सेनानी श्री संजय सिंह एवं 45वीं वाहिनी के सेनानी श्री राजीव गुप्ता ने किया। शिविर में दोनों वाहिनियों के कुल 15 अधिकारियों व जवानों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए जीवनदायिनी भूमिका निभाई।अपने संबोधन में श्री संजय कुमार, सेनानी 53वीं वाहिनी ने कहा कि रक्तदान वह कार्य है जिससे न केवल किसी को जीवनदान मिलता है, बल्कि रक्तदाता को भी आत्मिक संतुष्टि प्राप्त होती है। उन्होंने आगे बताया कि हमारे शरीर में निरंतर नया रक्त बनता रहता है, अतः समय-समय पर रक्तदान करना स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। शिविर के सफल आयोजन में जिला चिकित्सालय नारायणपुर की टीम से डॉ. सुधांशु गुप्ता (पैथोलॉजिस्ट) एवं डॉ. राहुल कुमार, सी.एम.ओ. सहित प्ज्ठच् की चिकित्सा टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सेनानी श्री संजय कुमार ने सभी रक्तदाता जवानों, चिकित्सा टीम एवं आयोजन में सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे हेतु पुलिस अधीक्षक ने ली अभियान की समीक्षा बैठक

■ कोंडागांव जिले के पुलिस कप्तान वाय, अक्षय कुमार ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे एवं सुदृढ़ पुलिसिंग व्यवस्था के लिए समीक्षा बैठक ली

कोंडागांव/ नवप्रदेश। बैठक में जिले के समस्त थानों में दर्ज लंबित अपराध प्रकरणों, वारंट/समंस की तामिली, असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्यवाही, एवं जन-जागरूकता अभियानों की समीक्षा की गई तथा निम्नानुसार दिशा-निर्देश जारी किए गए जिसमे लंबित अपराधों की त्वरित विवेचना, वारंट एवं समंस तामिली अभियान, जनसुनवाई और फरियादियों की संतुष्टि, चलित थाना एवं गांव स्तर पर समाधान,विजिबल पुलिसिंग एवं संध्या पेट्रोलिंग सहित साइबर अपराध, बैंक फ्रॉड, एटीएम धोखाधड़ी से बचाव हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं, पोस्टर एवं सूचना अभियान संचालित करने के निर्देश।

प्रत्येक थाना में साइबर अपराध शिकायतों की तत्काल जांच हेतु साइबर सहायक अधिकारी नामित करने का आदेश दिए गए है।

बैठक में कौशलेंद्र देव पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागांव रूपेश कुमार डांडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) कोंडागांव सहित समस्त राजपत्रित अधिकारीगण, अनुविभागीय अधिकारीगण (पुलिस) एवं थाना प्रभारीगण उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने प्रदाय किया सेवानिवृत्त शा. सेवकों को पेंशन प्राधिकार पत्र

नारायणपुर। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिले के सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए पेंशन प्राधिकार पत्र प्रदाय किया। शिक्षा विभाग में पदस्थ श्यामलाल कश्यप प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला खड़ीबहार एवं पुलिस विभाग के सहायक उप निरीक्षक धनमान राम भगत का सेवानिवृत्त होने पर शाल एवं श्रीफल भेंट करते हुए पीपीओ प्रदाय किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने सेवानिवृत हो रहे समस्त कर्मचारियों को स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी हरीश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, बीईओ कृष्णनाथ गोटा सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रथम पेज का शेष

वक्फ संशोधन बिल : देशभर ...

इधर इसका विरोध भी हो रहा है। ऐसे में अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने तय किया है कि देश के हर राज्य में इस बिल के संबंध में जन जागरण अभियान चलाया जाए। इसके लिए मई से जनजागरण अभियान चलाने का फैसला किया गया है।

कार्यशाला में बनेगी ...

जागरण का आयोजन जिला स्तर पर होगा, इसके बाद मंडलों में भी कार्यक्रम होंगे। कार्यशाला में पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल का मार्गदर्शन मिलेगा।

छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा...

का हिस्सा बनने का मौका देना का वादा किया। वहीं, अब तक तीन नक्सली मारे गए हैं और उनेक शव बरामद किए गए हैं। ऑपरेशन के दौरान दो सुरक्षाकर्मियों को मामूल चोटें आई हैं।

पहली घटना 24 अप्रैल को हुई

पहली घटना 24 अप्रैल की रात को हुई, जब एक एसटीएफ जवान आईईडी विस्फोट के के कारण घायल हो गया। जवान के टखने में चोट आई। दूसरा विस्फोट 26 अप्रैल को हुआ, जिसमें एक डीआरजी जवान को मामूल चोट आई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दोनों जवानों की हालत स्थिर है और उनका इलाज जारी है। उम्मीद है कि वे जल्द ठीक हो जाएंगे।

भाजपा सरकार में 365 नक्सली मारे गए

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद तीन दिसंबर 2023 से अब तक सुरक्षाबलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में 365 नक्सलियों को मार गिराया है और 1382 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 2306 नक्सली समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए लाला आंदोलन छोड़ चुके हैं।

2025 में अब 144 नक्सली ढेर

2025 में अब तक 144 नक्सलियों को मार गिराया गया है। वहीं, 367 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 476 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

नक्सलियों के समर्थन ...

(सांसद, कांग्रेस), राजा राम सिंह (सांसद, भाकपा-माले लिबरेशन), डी. रविकुमार (सांसद, लिबरेशन पैंथर्स पार्टी/वीसीके), डी. राजा (महासचिव, भाकपा), विजू कृष्णन (पोलित ब्यूरो सदस्य, भाकपा-मार्क्सवाड़ी), सोनी सोरी (आदिवासी कार्यकर्ता, दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़), मनीष कुंजाम (पूर्व विधायक एवं नेता, बस्तरिया राज मोर्चा), मीना कंदासामी (लेखिका) और बादल (कॉर्पोरेटीकरण और सैन्यीकरण के खिलाफ मंच) शामिल थे।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होगी बदनामी

सभी वक्ताओं ने बताया कि, तेलंगाना छत्तीसगढ़ सीमा पर करेंगुट्टा/दुर्गामेट्टा पहाड़ियों के आसपास बड़े पैमाने पर उग्रवाद विरोधी अभियानों के कारण यह मामला और भी जरूरी हो गया है। जहां कथित तौर पर 10 हजार से 24 हजार सुरक्षाबल नक्सलियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभियान चला रहे हैं। साथ ही झारखंड के डीजीपी का बयान जिसमें उन्होंने कहा कि, 15-20 दिनों में माओवादियों का सफाया कर दिया जाएगा। बातचीत के बजाय बल प्रयोग का यह दृष्टिकोण सभी संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध है और अपने ही नागरिकों का इस पैमाने पर नरसंहार भारत सरकार और संबंधित राज्य सरकारों की अपने देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारी बदनामी होंगी।

बस्तर को छावनी में बदल दिया

सोनी सोरी ने 40 गांवों की एक सूची भी दिखाई, जिन्होंने शांति की माँग करते हुए पत्र लिखा था, और बस्तर में शांति की व्यापक इच्छा को दोहराया। उन्होंने बताया कि हाल ही में मारे गए कई शीर्ष माओवादी नेता, जैसे रेणुका और सुधाकर, मुठभेड़ों के बजाय निर्मम हत्या में मारे गए थे, जबकि उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता था। मनीष कुंजम ने कहा कि, बस्तर को एक विशाल छावनी में बदल दिया गया है जहाँ हर कुछ किलोमीटर पर सुरक्षा शिविर हैं और जब तक निर्णायक शांति वार्ता नहीं होती, सरकार इन शिविरों को चालू रखेगी, जो लोगों के लिए बहुत हानिकारक है। उन्होंने कहा कि सभी आदिवासी और मूलवासी समूहों का एक मंच सर्व आदिवासी समाज भी शांति की दिशा में काम करना चाहता है।

सरकार पर चर्चा के लिए दबाव डालना जरुरी

प्रोफेसर हरगोपाल, जिन्होंने आंध्र प्रदेश में चिंतित नागरिक समिति के हिस्से के रूप में शांति वार्ता में अपने लंबे अनुभव के साथ इस बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा-सरकार को भाकपा (माओवादी) को एक राजनीतिक पार्टी के रूप में मान्यता देनी चाहिए। शांति वार्ता के लिए बिना शर्त आत्मसमर्पण या निरस्त्रीकरण को पूर्व शर्त बनाना अनुचित है।

आदिवासी समुदायों के खिलाफ चल रहा अभियान

काराकाट (बिहार) से भाकपा-माले लिबरेशन के सांसद राजा राम सिंह ने कहा कि, जल, जंगल जमीन, सभी प्राकृतिक संसाधन आदिवासियों, किसानों और वहां रहने वालों के हाथ में होने चाहिए, न कि कॉरपोरेट के हाथ में। लिबरेशन पैंथर्स पार्टी (वीसीके) सांसद डॉ. डी. रविकुमार ने आदिवासी विरोध और प्रतिरोध की अनदेखी करते हुए खनिज समृद्ध भूमि को खनन के लिए निगमों को हस्तांतरित करने की निंदा की। उन्होंने आदिवासी समुदायों के खिलाफ राज्य बलों के इस्तेमाल की निंदा की और भारत के संविधान के मुख्य निर्माता डॉ. अंबेडकर का हवाला दिया, जिन्होंने आदिवासियों को अल्पसंख्यक के रूप में मान्यता दी और उनके अधिकारों की रक्षा की।

मनमाने ढंग से हो रही हत्याएं

डी. राजा ने कहा कि, उनकी पार्टी ने केंद्र सरकार को कई बार औपचारिक रूप से पत्र लिखकर मांग की है कि वे इन मुठभेड़ों को रोकें, युद्धविराम की घोषणा करें और माओवादियों और लोगों के साथ बातचीत के लिए बैठें। उन्होंने कहा कि, सवालों का राजनीतिक समाधान होना चाहिए, न कि मनमाने ढंग से हत्याएं और मुठभेड़ें। भाकपा-मार्क्सवाड़ी पोलित ब्यूरो के सदस्य विजू कृष्णन ने राजनीतिक दलों के साथ इस वार्ता की पहल की सराहना की और कहा कि जिस तरह से राज्य इन हत्याओं को अंजाम दे रहा है, वह शर्मनाक है। हाल ही में संपन्न भाकपा-मार्क्सवाड़ी पार्टी कांग्रेस ने संकल्प लिया है कि सरकार को आदिवासियों से बात करनी चाहिए और राजनीतिक समाधान निकालना चाहिए।

प्रतिभा, मिजाज और ...

ही युग्म कहते हैं। एक ऐसा युग्म जिसमें विकसित भारत के फ्यूचर टेक से जुड़े स्टेकहोल्डर्स एक साथ जुड़े हैं, एक साथ जुटे हैं। मुझे विश्वास है, हम जो भारत की इनोवेशन कैपेसिटी और डीप टेक में भारत की भूमिका को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, उसे इस आयोजन से बल मिलेगा।

देश के खुफिया चीफ...

बेहद अहम है। सूत्रों के मुताबिक आईबी प्रमुख गुप्त रूप से एक हाईलेवल मीटिंग आलाधिकारियों की लेने वाले हैं। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक जानकारी अभी नहीं आई है।

खड़गे-राहुल ने संसद का ..

है। पार्टी ने दोनों पत्र मंगलवार को मीडिया के लिए जारी किए हैं।

साय सरकार का एक ...

तरह मुंगेली के अर्पण चोपड़ा ने 313 वीं रैंक हासिल की है। इस तरह से प्रदेश के 3 लड़कियों और 2 लड़कों का चयन हुआ है।

रायपुर की पूर्वा अग्रवाल ने दिल्ली के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से इकोनॉमिक्स में ग्रेजुएशन किया है। साथ ही सिंगापुर में इंटर्नशिप की है। इस दौरान उन्होंने वहां बतौर इकोनॉमिक्स एनालिस्ट काम भी किया। इसी के बीच उन्होंने सिविल सर्विसेज की तैयारी शुरू कर दी, ताकि लोगों की जिंदगी में कुछ बदलाव ला सकें। अब उन्हें सफलता मिल गई है।

सही दिशा में प्रयास हमेशा रंग लाता है

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे स्टूडेंट के लिए पूर्वा का कहना है कि अगर मन में कुछ करने की ठान लें और सही दिशा में प्रयास करें, तो शतप्रतिशत सफलता मिलती है। असफलता उन्हें अपनी गलतियों को दूर करने की दृष्टि से फायदेमंद साबित हुई। इस कारण अगले प्रयास में सभी कमियों को दूर किया।

केशव ने हासिल किया 496 वां रैंक

अंबिकापुर के रहने वाले केशव गर्ग ने पीएससी में 496 रैंक हासिल किया है। इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी की लहर है। परिणाम की जानकारी मिलते ही परिजन भावुक हो उठे। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाईं। माँ कुसुम गर्ग बोलीं बेटे की मेहनत लाई रंग। गुरु के आशीर्वाद से बेटे ने हासिल किया 496 रैंक।

सीएम साय ने दी बधाई

यूपीएससी-2024 में छत्तीसगढ़ के सफल अभ्यर्थियों को सीएम साय ने दी बधाई। सीएम साय ने पोस्ट कर कहा- आप सभी चयनित युवाओं ने छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। मुझे पूर्ण विश्वास है पूरी ईमानदारी से देश-प्रदेश के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

एक बार और सफल ...

की तैयार की पढ़ाई के लिए उन्होंने स्पेशल प्लानिंग की और टाइम मैनेजमेंट किया। पूर्व ने बताया कि कड़ी मेहनत से सफलता हासिल की।

न्यूज गैलरी

1 से 3 मई तक होगी विभागीय समीक्षा बैठक, कलेक्टर कुणाल दुदावत लेंगे समीक्षा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले में शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत आगामी 1 मई से 3 मई तक विभिन्न विभागों की विभागीय समीक्षा बैठक लेंगे। इस संबंध में जिला कार्यालय द्वारा विस्तृत बैठक कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 1 मई को सुबह 10 से 12 बजे तक खाद्य, जिला विपणन, नागरिक आपूर्ति एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, दोपहर 1 से 3 बजे तक महिला एवं बाल विकास, और शाम 4 से 6 बजे तक आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा होगी। 2 मई को सुबह 10 से 12 बजे तक स्वास्थ्य, औषधि प्रशासन एवं आयुर्वेद, दोपहर 1 से 3 बजे तक जिला रोजगार, कौशल विकास एवं लाइवलीहुड मिशन, तथा शाम 4 से 6 बजे तक समाज कल्याण, श्रम एवं अंत्यावसायी विभाग की समीक्षा की जाएगी। इस क्रम में 3 मई को सुबह 10 से 12 बजे तक शिक्षा विभाग एवं दोपहर 12 से 3 बजे तक कृषि, पशु चिकित्सा, उद्यानिकी, मत्स्य तथा रेशम विभाग की समीक्षा बैठक होगी। इस संबंध में कलेक्टर श्री दुदावत ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित हों एवं अद्यतन जानकारी सहित विभागीय प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इन समीक्षा बैठकों का उद्देश्य विकास कार्यों की गुणवत्ता में सुधार एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है।

सुशासन तिहार के अन्तर्गत विभागों द्वारा किये जा रहे निराकृत प्रकरणों की समीक्षा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिले में आवेदनों, मांगों और शिकायतों के निराकरण की समीक्षा के लिए सोमवार को समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर कुणाल दुदावत ने की। इस दौरान विभागवार लंबित मामलों की गहन समीक्षा की गई और अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर दुदावत ने सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत विभागों द्वारा किये जा रहे निराकृत प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए निराकरण में लापरवाही बरतने पर नगर पालिका किरंदुल एवं बचेली के सीएमओ सहित आईसीडीएस विभाग के अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित समाधान ही सुशासन की प्राथमिकता है। और इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब अस्वीकार्य है। अतः विभाग प्रमुख आवेदनों का निराकरण स्वयं के निगरानी में करें। इस क्रम में भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर ने सभी शासकीय कार्यालयों में आम नागरिकों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने साथ ही, बस स्टैंड एवं बाजारों जैसे सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ निर्माण, तथा अस्पतालों, वेलनेस सेंटरों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क ओआरएस पैकेट के वितरण के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने अपने हालिया गीदम और कुआकोंडा दौरे के दौरान अधिकारियों को दिए गए निर्देशों की प्रगति की भी जानकारी ली। इसके अलावा समय सीमा बैठक के एजेंडे जैसे जिले में स्कूल छात्र,छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य, आस्था किरंदुल की प्रगति, 70 से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाने, नगर पालिका बचेली अंतर्गत पार्क के सौंदर्यीकरण के अलावा प्रधानमंत्री आवास की प्रगति, नगर पालिका दंतेवाड़ा अंतर्गत निर्माण कार्य, एकता परिसर कुम्हाररास में भवन निर्माण कार्य, के संबंध में भी अधिकारियों को दिषा निर्देष दिए गए। कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित ग्रामों में संबंधित विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन को भी युद्ध स्तर पर पूर्ण करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

मृदुला भास्कर ने ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूल और राशन स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

- स्कूल भवन जर्जर बरसात में दीवार पर करंट की शिकायत
- शौचालय नहीं होने से स्कूल स्टॉफ से लेकर छात्र छात्राए हुए मजबूर

कांकेर /नवप्रदेश। कांग्रेस समर्थित ज़िला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर ने अपने आने पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंची।ज़िला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर ग्राम पंचायत क्रिस्टीकुर के प्राथमिक शाला केंद्र, माध्यमिक शाला केंद्र एवं राशन दुकान सहित उप स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सदस्य सुश्री मृदुला भास्कर ने माध्यमिक शाला प्राथमिक शाला के भवन एवं स्कूल के शौचालय को जर्जर पाया। ज़िला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर के निरीक्षण के दौरान स्कूल प्रबंधन सहित शाला प्राचार्य शिक्षकों ने बताया की भवन की स्थिति बेहद जर्जर हो चुकी है जर्जर भवन की स्थिति के बारे में कलेक्टर सहित विभाग को कई बार अधिकारियों को आवेदन दिया जा चुका है। लेकिन किसी ने अभी तक स्कूल जहां नौनिहाल बच्चो से लेकर स्कूल के छात्र छात्राए रोजाना जर्जर भवन पर बैठने मजबूर है। जर्जर स्कूल भवन की मरम्मत की अब तक किसी ने कोई सुध तक नहीं लिया गया है। इतना ही नहीं बरसात में यहां दीवारों पर करंट आ जाता है जहां दुर्घटना होनी की संभावना बनी रहतीं है। स्कूल भवन में बच्चों और शिक्षकों के लिए शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है।

इस दौरान ज़िला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर ने स्कूल प्रबंधन स्टाफको आश्वस्त करते हुए बताया कि आपकी हर समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा। ज़िला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर ने उपस्थित अधिकारियों को स्कूल भवन मरम्मत शौचालय निर्माण की फाइल बनाकर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। ज़िला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर ने कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य पानी सफाई बिजली गरीबों को मिलने वाली राशन जैसी मूलभूत सुविधाओं से गांव वंचित ना हो इसके लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत की सरपंच लिलेश्वर मंडावी जी समस्त पंच ग्रामीण दीपक कोड़ोपी दानी कोड़ोपी आदि उपस्थित रहे।जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर चुनाव जीतने के बाद लगातार क्षेत्र में कामों और कार्यालयों का सतत निरीक्षण कर रही है।

सुशासन तिहार में प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण गंभीरता पूर्वक करें : कलेक्टर

- सुशासन तिहार में प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण गंभीरता पूर्वक करें - कलेक्टर
- निर्माण एवं विकास कार्यों को बरसात के पूर्व पूरा कराने के निर्देश

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों का साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आहूत किया गया। उन्होंने स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा चिन्हांकित ग्रामों मे पेयजल, सड़क निर्माण, सौर उर्जा, नलजल योजना, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता खुलवाने, अंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा सुशासन तिहार में प्राप्त हुए आवेदनों को जल्द निराकरण कराने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर ममगाईं ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण वित्तीय वर्ष 2016-23 एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में में स्वीकृत आवासों की भौतिक प्रगति, औषधीय उपयोग में आने वाले पेड़ पैधे एवं जड़ी बुटी का नर्सरी तैयार करने, नियद नेल्लानार योजनांतर्गत संचालित निर्माण कार्यो को समय पर पूर्ण करने, जल जीवन मिशन अंतर्गत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के संबंध में, मोबाईल टावरो की स्थापना के प्रगति, नये आधार कार्ड बनाने एवं सुधारने, नक्सल पीड़ित पुनर्वास के तहत् स्वीकृत आवास, आंगनबाड़ी भवन, पीडीएस भवन, सीएसआर एवं एससीए से जनपद पंचायत ओरछा में स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत प्रगति, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (लखपति महिला), परिवारों का समावेशन, अमृत सरोवर, नक्सल पीड़ितों एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों को को प्रदाय की गई शासकीय नियुक्ति, आदिवासी विभाग द्वारा संचालित आश्रम छात्रावासों का प्राप्त एवं अप्राप्त निरीक्षक प्रतिवेदन की संख्यात्मक जानकारी ली। कुछ आश्रम छात्रावासों में नवीन शौचालय, नवीन स्नानागार, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, खेल सामग्री, विद्युत कनेक्शन, अतिरिक्त कक्ष, किचन शेड, बोर, कम्प्यूटर, सीसी टीवी कैमरा, पंखा, टीवी, टेबल कुर्सी, मच्छरदानी, गद्दा चादर एवं रंगाई पोताई की आवश्यकता को देखते हुए शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने पेयजल की समस्याओं का निराकण कराने, प्राथमिक शाला कुलानार में जलापूर्ती, समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धाश्रम संचालित, छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक छोटेडोंगर का निरीक्षण, ग्राम तोयनार में विद्युत व्यवस्था, ग्रामीण आयुष्मान कार्ड की प्रगति, पोषण पुनर्वास केन्द्र, निक्षय मित्र, राष्ट्रीय कृष्ट उन्मूलन कार्य की प्रगति, राष्ट्रीय वेक्टर बोर्न डिसीज कंट्रोल प्रोग्राम, जननी सुरक्षा योजना और किलकारी कार्यक्रम की प्रगति के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

कलेक्टर ममगाईं ने शासकीय उचित मुल्य दुकान निर्माण कार्यो, जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने, बी.एस.सी. नर्सिंग हेतु सहायता राशि प्रदाय करने, ग्राम परलभाट में नवीन सड़क निर्माण करने, ग्राम गोमागाल ओरछा में द्वितीय श्रेणी सड़क निर्माण एवं स्कूल भवन हेतु स्वीकृति प्रदान करने, प्राथमिक शाला गरावण्ड के लिए नवीन स्कूल भवन निर्माण करने, ग्राम नरिया कोडोली में सड़क निर्माण कार्य करने, मरम्मत कार्य का राशि भुगतान कराने, दस्तावेजों एवं सामग्री की सुरक्षा के लिए उचित कार्यवाही करने, अबुझमाड़िया जनजाति सहित अन्य विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किये जाने, ग्राम कारकानार में विद्युत कनेक्शन एवं नलकुप खनन कराने, ग्राम झारा उड़ीदगांव द्वारा वन अधिकार अधिनियम 2006 की धारा के तहत जमा दावा के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बैठक में अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादूर, अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त राजेन्द्र सिंह, जिला कोषालय अधिकारी हरीश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में बाल विवाह रोकने विशेष अभियान

अक्षय तृतीया पर होगी विशेष सतर्कता

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य को बाल विवाह से मुक्त करने के संकल्प के तहत अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शुरुआत की गई थी, जिसका लक्ष्य वर्ष 2028-29 तक राज्य को पूरी तरह से बाल विवाह मुक्त बनाना है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में, विभागीय सचिव शम्मी आबिदी द्वारा सभी जिलों और विभागों को अभियान की रणनीति और विस्तृत दिशा-निर्देश प्रेषित किए गए हैं। बाल विवाह को न केवल सामाजिक अभिशाप, बल्कि एक गंभीर कानूनी अपराध भी माना गया है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत, 21 वर्ष से कम आयु के पुरुष एवं 18 वर्ष से कम आयु की बालिका के विवाह को दंडनीय अपराध घोषित किया गया है, जिसमें दो वर्ष तक की सजा अथवा एक लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

अक्षय तृतीया, जो इस वर्ष 30 अप्रैल को मनाई जाएगी, के अवसर पर विवाह आयोजनों में बाल विवाह की संभावना को देखते हुए राज्य शासन ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। शासन ने सभी संबंधित विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सहयोग की अपील की है। इसके साथ ही यदि किसी को बाल विवाह की सूचना मिले तो तत्काल बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, नजदीकी थाना प्रभारी, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 या आपातकालीन सेवा ईआरएसएस 112 पर जानकारी दे सकते है।

प्रशासनिक तैयारियां और सख्त निर्देश-

सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग शम्मी आबिदी ने बाल विवाह रोकने के लिए सभी कलेक्टरों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों, जिला एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि विवाह समारोहों में कानून का उल्लंघन करने पर वर-वधु के अभिभावक, सगे-संबंधी, बाराती और विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों पर भी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा, ग्राम स्तर पर कोटवार, पटवारी, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य शासकीय अमले से भी सहयोग लेने का निर्देश दिया गया है।

सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का निराकरण की धीमी गति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर सुशासन तिहार एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण शीघ्रता एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश सभी जिला अधिकारियों को दिए। उन्होंने सुशासन तिहार के तीसरे चरण में आयोजित किए जाने वाले समाधान शिविरों के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं पहले ही सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने आवेदनों पर अब तक की गई कार्यवाही की धीमी गति पर असंतोष जाहिर करते हुए जल्द से जल्द से निपटारा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे से आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना के तहत

चयनित नवीन ग्राम केसेकोड़ी और गुड़ाबेड़ा के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए विभागीय सर्वे करने और लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने आंगनबाड़ी भवन निर्माण, पीडीएस सेंटर निर्माण सहित विभिन्न सड़क मार्ग व पुल-पुलियों के निर्माण में तेजी लाने तथा बारिश के पहले पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों के निर्माण का काम प्रारंभ कर प्रत्येक सप्ताह विकासखण्डवार प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए। साथ ही आवास प्लस के तहत सर्वेक्षण का कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण कर सभी छूटे हुए ग्रामीणों के नाम सूची में शामिल करने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए।

अदाणी फाउंडेशन द्वारा बच्चों के रचनात्मक विकास और टीम भावना को बढ़ाने के लिए किया गया आयोजन

रायपुर/ नवप्रदेश। जिले के तिल्दा ब्लॉक में अदाणी फाउंडेशन द्वारा सात दिवसीय समर कैंप का समापन शुक्रवार को किया गया। अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायपुर के सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत ग्राम ताराशिव में आयोजित इस समर कैंप में आसपास के 12 गांवों के 200 से अधिक स्कूली बच्चों ने भाग लिया। जिसमें बच्चों को पेंटिंग, रीडिंग, मिट्टी के खिलौने बनाना, नृत्य, शारीरिक खेल, क्राफ्ट, पपेट बनाना, ओरिगामी, योग, एक्शन वर्ड गेम्स, मेंहदी, अंताक्षरी और अन्य कई शैक्षणिक व मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को विभिन्न प्रकार से रचनात्मक, मानसिक और शारीरिक क्षमता बढ़ाने में मदद मिली। साथ ही टीम वर्क और समूह गतिविधियों के जरिए उनमें सहयोग और सामूहिक प्रयास की भावना विकसित की गई। टिफिन शेयरिंग के माध्यम से बच्चों को आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया गया।

कैंप के समापन में उपस्थित ग्राम सरपंच श्रीमती पूर्णिमा मनीष वर्मा ने बच्चों को बधाईयां दीं और अदाणी फाउंडेशन टीम को कैंप के सफल आयोजन के लिए सराहा। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया।

अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायपुर द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन अदाणी फाउंडेशन के द्वारा किया जाता है, जिसमें प्लांट के समीपस्थ ग्रामों में विभिन्न कार्य, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य पोषण, पर्यावरण सुधार, समुदाय विकास, ग्रामीण खेल विकास के कार्य किए जा रहे हैं।

सुशासन तिहार का उपहार, मत्स्य कृषकों को मिला मत्स्य जाल

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार 2025 के तहत, किसानों, मछुआरों और ग्रामीण समुदायों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ पहुँचाने की दिशा में व्यापक पहल की गई है। इसी क्रम में, मत्स्य पालन विभाग ने प्राप्त आवेदनों का गहन सत्यापन कर किसानों को लाभान्वित करने की कार्यवाही तेजी से पूरी की गई है।

चूंकि सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करना, समस्याओं का त्वरित समाधान करना और पात्र हितग्राहियों तक सुविधाओं को पारदर्शी ढंग से पहुँचाना है। इस क्रम में मत्स्य पालन विभाग को सुशासन तिहार के दौरान मत्स्य कृषकों से विभिन्न मांगों के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनका सत्यापन उपरांत विभाग ने कुआकोंडा के खतकुड़ी कोर्राम, बालवीर कोर्राम, हल्बारास के

राजेश राणा, पांडेवार के महेश ठाकुर और टेकनार के अमेश कुमार को मछली पालन हेतु आवश्यक जाल (नेट) प्रदाय करने के साथ-साथ आधुनिक तौर-तरीके से मत्स्य पालन करने की तकनीक के संबंध में मार्गदर्शन दिया। मत्स्य जाल प्राप्त होने से इन किसानों को अब अपनी आजीविका को और मजबूत करने का अवसर मिला है। यह सहायता न केवल उनकी आज की जरूरतों को पूरा करेगी, बल्कि भविष्य में उनकी आय में भी इजाफा करेगी।

खदान प्रबंधक ने मजदूरों को किया सेवामुक्त

- लौह अयस्क खदान मजदूर संघ ने कलेक्टर से लगाई गुहार खदान प्रबंधक पर कार्यवाही की मांग को लेकर श्रम मंत्री गृह मंत्री सहित विधायक से शिकायत

कांकेर/नवप्रदेश। मंगलवार को लौह अयस्क खदान मजदूर संघ मेटा बोदेली-चारगांव प्रबंधन द्वारा यूनियन पदाधिकारीयों को जानबूझकर 25 मार्च से सेवामुक्त कर श्रम कानून का उल्लंघन कर क्षेत्र में शांति भंग करने की कोशिश को रोकने संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन प्रभारी मंत्री कांकेर जिला गृहमंत्री छत्तीसगढ़ शासन प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ सांसद कांकेर लोकसभा विधायक अंतागढ़

जिलाध्यक्ष भाजपा सीईओ निको जायसवाल कंपनी खदान रमेश जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड ग्रुप आफ कंपनी नागपुर एसडीएम अंतागढ़ एसडीओपी अंतागढ थाना प्रभारी सिकसोड़ सरपंच सिकसोड के नाम

खदान प्रबंधक के खिलाफ़ कार्यवाही करने की मांग किया गया है। ज्ञापन सौंपने पश्चात लौह अयस्क खदान मजदूर संघ मेटाबोदेली चारगांव निको जायसवाल खदान के सेवामुक्त कर्मचारियों ने बताया कि 24 मार्च 2025 को सुबह ड्यूटी जा रहे एक श्रमिक को निको जायसवाल खदान का ट्रांसपोर्टर का एक ड्राइवर द्वारा तेज गति से ठोकर मार दिया दिया गया।जिससे श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया था महोदय दुर्घटना की जानकारी सभी श्रमिकों को मिलने पर स्वभाविक रूप से दुर्घटना स्थल पर भीड़ एकत्रित होने लगा एवं ग्रामीण भी घटना से आक्रोशित हो गए थे।यूनियन के कुछ पदाधिकारीयों द्वारा ततसंबंध में कंपनी के सुपरवाइजर से वार्ता करने की कोशिश की गई, जिससे सुपरवाइजर गुस्से में आकर गाली गलौच करने लग गए, जिससे कुछ देर के लिए हंगामा भी हुआ है। घटना की पूरी जानकारी एसडीओपी (पुलिस) एवं थानेदार को थी एवं उन्हीं प्रशासन के अधिकारियों द्वारा ही शांतिपूर्ण ढंग से घटना पर समझौता कराया गया। उसके बाद सभी श्रमिक अपने अपने काम पर वापस आ गए।ज्ञात हो कि 25 मार्च 2025 को निको जायसवाल खदान के महाप्रबंधक एस.के.मिश्रा के आदेश पर यूनियन के चार पदाधिकारी जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष, महामंत्री एवं अन्य दो सदस्य को ड्यूटी (सेवा) से मुक्त कर दिया गया है। जो आज तक जारी है एवं प्रबंधन इस पर कोई बात नही कर रही है ।

ततसंबंध में निको जायसवाल खदान प्रबंधन के इस व्यवहार से खदान एवं क्षेत्र में धीरे धीरे आक्रोश बढ़ रहा है, जो कभी भी विस्फोटक हो सकती है।अतः महोदय से उपरोक्त विषय को संज्ञान में लेते हुए निको जायसवाल खदान प्रबंधन केअधिकारी एस.के.मिश्रा के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही कर सभी यूनियन पदाधिकारीयों को पुनः वापस ड्यूटी पर लेने आवश्यक कार्यवाही करने गुहार लगाई है।

मातृत्व शक्ति को नमन-अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला बिरनपुर के मातृत्व शक्ति को नमन अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसका शानदार पांचवा वर्ष रहा, यह शासकीय प्राथमिक शाला बिरनपुर की जागरूक माताओं में देखने को मिला। माताएं सही समय पर स्कूल में अपनी मजदूरी कार्य को छोड़कर शामिल हुई। *माता बच्चों की प्रथम गुरु* होती हैं उन्हेअब पता चल चुका है कि वह अपने बच्चों को घर के ही सामग्री से कई चीजों का प्राथमिक ज्ञान दे सकती हैं।

इस कार्यक्रम में स्मार्ट माता अंजू निर्मलकर ने अध्यक्षता की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति की संरक्षिका श्रीमती कचरी बाई उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया बच्चे सरस्वती वंदना गाए।। तत्पश्चात सभी माता का स्वागत किया गया 2024 की स्मार्ट माता गैंदी बाई साहू ने 2025 की स्मार्ट माता श्रीमती फुलेश्वरी नाग को ताज, परिचय कार्ड,व स्मार्ट माता का टैग

पहनकर केक कटवाकर सम्मान किया गया तत्पश्चात अंजू निर्मलकर द्वारा नारियों की भूमिका पर उद्बोधन किया गया। नवप्रवेशी बच्चों का नौ काउंटर के माध्यम से शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, भाषा व गणित विकास का आंकलन कर माताओं को घर पर उपलब्ध सहज संसाधनों से बुनियादी भाषा व संख्या ज्ञान पर गतिविधि के माध्यम से माताओं को शिक्षण कार्य से जोड़ने का प्रयास किया गया ।

0ब्लॉक नोडल BRG, शाला की प्रधान पाठिका शशिकला बैरागी द्वारा सभी माताओं को अंगना में शिक्षा कार्यक्रम की रूपरेखा योजना व महत्व पर चर्चा किया गया एवं उनका आभार व्यक्त किया गया। शाला की सहायक शिक्षिका श्रीमती पियूष साहू द्वारा सभी उपस्थित बच्चों को अपने पिता के जन्म दिवस के उपलक्ष में कलर पेंसिल शीश रबर वितरण किया गया एवं बलवाड़ी के बच्चों को पूरे नौ काउंटर की गतिविधियां कराई गई तत्पश्चात एक माता ने अपनी गीत प्रस्तुति की और सभी माता को स्वल्पाहार दिया गया इस प्रकार कार्यक्रम बहुत रोचक एवं शानदार रहा इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित हमारी माताएं नव निर्वाचित पंच श्रीमती अंजू निर्मलकर, नरेंद्री नाग, संरक्षिका श्रीमती कच्रीबाई साहू, पूर्व पंच सुषमा साहू एवं श्रीमती मिलन पटेल, रानी यादव, गोदावरी मरकाम, अनसूया पटेल, पुष्पा पटेल ,फुलेश्वरी नाग, आशा नाग ,अनूपा निषाद, पूर्णिमा नेताम, गैंदी बाई ,चंद्रिका नाग ,हमारी ,अध्यक्ष श्रीमती कविता मानिकपुरी का अप्रत्यक्ष रूप से पूर्ण सहयोग रहा । आदरणीय जिला शिक्षा अधिकारी

देवांगन समाज के अधिवेशन में पहुंचे विधायक इंद्रकुमार

नवापारा-राजिम। नवापारा राज देवांगन समाज का 39वां वार्षिक अधिवेशन रविवार को ग्राम मंदलौर में हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू थे। अध्यक्षता जनपद सदस्य चित्रलेखा-दीपक तारक ने की। विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत मंदलोर के सरपंच पूनम-निलेश वर्मा मौजूद थी। यह जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी राजू देवांगन ने बताया कि सम्मेलन के प्रथम चरण में सर्वप्रथम नवापारा राज के 20 गांव के प्रत्येक परिवार द्वारा मतदान के माध्यम से राज

देवांगन समाज के पदाधिकारी का निर्वाचन संपन्न हुआ। उसके पश्चात निर्वाचित प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण एवं सचिव का प्रतिवेदन पढ़ा गया। श्री देवांगन ने बताया कि नवापारा राज देवांगन समाज की मांग पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने ग्राम मदलोर में राज देवांगन समाज के भवन के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की।

न्यूज गैलरी

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में निकली मशाल यात्रा

भाटापारा/नवप्रदेश। पहलगाम में हुए आतंकी हमले और सैलानियों की निर्माण हत्या के विरोध में सनातनी धर्म सेना भाटापारा के द्वारा विशाल मशाल यात्रा

निकाली गई। मशाल यात्रा बस स्टैंड से आरंभ हो कर नगर भ्रमण कर भारत माता चौक पहुँची।यात्रा के दौरान युवा भारत माता की जय पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे। विदित हो कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की जान गई थी, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे और भारत के अलग-अलग राज्यों से जम्मू-कश्मीर घूमने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि आतंकवादी बैसरन घाटी के घास के मैदान में आए थे, जिसे मैगी पॉइंट या मिनी स्विटजरलैंड के नाम से जाना जाता है. वे बॉडी कैमरा और एके-47 राइफलों से लैस थे. आतंकवादियों ने पर्यटकों से नाम पूछे और हिंदुओं को निशाना बनाया। आतंकवादियों ने करीब 15 मिनट तक फायरिंग की और निर्दोष लोगों का कत्लेआम किया। मशाल यात्रा में पहुँचे पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर में गहरी पीड़ा व्यक्त करता हु, पीड़ित परिवारों के प्रति हर भारतीय के मन में गहरी संवेदना है.उन्होंने कहा कि हमलावरों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा और पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा।यात्रा में शामिल हुवे अभिषेक उपाध्याय ने कहा कि पाकिस्तान अपनी ना पाक हरकतों से बाज़ आने वाला नही है।भारत से कई युद्ध हारने के बाद भी उसे शर्म नही आती और वो कायरों की तरह निहत्थे हिंदुओं पर आतंकियों से वार करता रहा है।इस बार पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाएगा। कार्यक्रम में मातृशक्तियो के साथ बड़ी तदात में नगरवासी एवं सनातनी धर्म सेना के सदस्य गण उपस्थित रहे।

घंटा-घड़ियाल और मंत्रोच्चार से गूंजा महादेव घाट

मां खारुन गंगा महाआरती : 108 पुरोहितों ने की भव्य आरती, भक्तिमय हुआ महादेव घाट

रायपुर/नवप्रदेश। महादेव घाट स्थित पावन खारुन नदी के तट पर आज एक अद्भुत और अलौकिक दृश्य देखने को मिला। मुख्य पुरोहित आचार्य पंडित धीरेंद्र शास्त्री के नेतृत्व में 108 ब्राह्मण पुरोहितों ने एक साथ खड़े होकर मां खारुन गंगा महाआरती का दिव्य आयोजन किया। मंत्रोच्चारण और घंटा-घड़ियालों की ध्वनि से पूरा वातावरण गूंज उठा और इस भव्य आयोजन के साक्षी बनने हजारों श्रद्धालु भक्त महादेव घाट पर उमड़ पड़े।

मां खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति से मिली जानकारी के मुताबिक, प्रतिदिन सायं यहां होने वाली मां खारुन गंगा महाआरती की ख्याति दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। रायपुर शहर ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में इसकी महिमा का प्रचार प्रसार हो रहा है। भक्तों की बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि लोगों में मां खारुन के प्रति श्रद्धा और भक्ति निरंतर गहरी होती जा रही है।

समिति के सदस्यों ने बताया कि महाआरती में भाग लेने वालों की संख्या में प्रतिदिन वृद्धि हो रही है, जिससे महादेव घाट क्षेत्र में एक नया धार्मिक पर्यटन केंद्र बनने की संभावना भी मजबूत हो रही है। इसके चलते घाट के आसपास के छोटे व्यापारियों, फेरीवालों, प्रसाद विक्रेताओं और नाव चालकों के व्यापार में भी सकारात्मक प्रभाव दिखाई देने लगा है। स्थानीय नाविकों ने खुशी जताई है कि अब घाट पर अधिक संख्या में भक्तगण आ रहे हैं, जिससे नाव विहार (बोट राइड) का आनंद लेने वालों की संख्या में भी वृद्धि हुई है।

भक्तों का कहना है कि मां खारुन की महाआरती में शामिल होकर उन्हें अनोखी शांति और ऊर्जा की अनुभूति होती है। ज्योतिपुंज से जगमगाते दीपों की कतार, गूंजते जयकारे और श्रद्धालुओं का उमड़ता सैलाब यह प्रमाणित कर रहा है कि महादेव घाट न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक और आर्थिक जागृति का भी नया केंद्र बनता जा रहा है।

आयोजकों ने बताया कि आने वाले समय में मां खारुन गंगा महाआरती को और भी भव्य बनाने के लिए विशेष योजनाएं तैयार की जा रही हैं, जिनमें भजन संध्या, धार्मिक प्रवचन और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन शामिल रहेगा। साथ ही घाट की साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के लिए भी व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

मां खारुन गंगा महाआरती अब केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं रही, बल्कि यह जनभावनाओं और सामूहिक श्रद्धा का एक जीवंत प्रतीक बन चुकी है।

शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में 28 लोग मारे गए जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। ग्राम खरोरा में स्थित शहीद स्मारक में इस आतंकी हमले के शिकार दिवंगत पर्यटकों एवं पूर्व सैनिक स्वर्गीय पंकज चंद्राकर की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रगान के पश्चात पुष्प अर्पित एवं दीपदान कर स्वर्गीय पंकज चंद्राकर एवं आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा आयोजित इस शोक सभा में अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने कहा कि पहलगाम में नाम और धर्म पूछ कर किया गया हमला यह दर्शाता है कि यह नरसंहार सांप्रदायिक घृणा से प्रेरित था ।पूर्व सरपंच श्रीमती सुनीता चंद्राकर ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि पहलगाम का हमला केवल एक आतंकी हमला नहीं है बल्कि हमारे धैर्य, शक्ति और चेतना की परीक्षा है। मंच संचालन करते हुए श्रीमती सरला सोनी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि कश्मीर में हुए हमला देश की संप्रभुता पर

हमला है और बदले में सरकार से अपेक्षा की जाती है कि हमले में शामिल आतंकी या उसके सहयोगी देश के दुश्मनों को कड़ी से कड़ी सजा मिले ताकि भविष्य में वह भारत की ओर आंख उठाकर देखने का साहस न कर सके। पंकज चंद्राकर ग्रुप से सुश्री सुमन पांडे ने स्व. पंकज चंद्राकर को अच्छे मार्गदर्शक, प्रेरणा स्रोत शिक्षक के रूप में याद करके पहलगाम में हुए आतंकी हमले को कायराना हरकत बताया। इस अवसर पर सुनीता चंद्राकर, देवदत्त चंद्राकर ,पूर्व सैनिक युवराज चंद्राकर, के एल सोनी, प्रदीप चंद्राकर, नंदकिशोर सिंहा, सहदेव ध्रुव, लक्ष्मी चंद्र, मानिक राम, श्रीमती सरला सोनी, श्रीमती रोहिणी सिंहा, ज्योति चंद्राकर, पूजा चंद्राकर ,सीमा वर्मा, रूचि घृतलहरे, स्वर्गीय पंकज चंद्राकर ग्रुप बागबाहरा के सभी सदस्य व ग्रामवासी मौजूद रहे।

दावनबोड़ के विकास में सहभागिता निभाने सामने आए युवा वर्ग

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम दावनबोड़ के युवाओं के द्वारा स्वयंसेवी संगठन हमर सुंदर गांव का गठन किया है और चंदे के माध्यम से गांव में कई रचनात्मक कार्य संपादित कर रहे है,जिससे गांव के लोगों ने हर्ष जताया है। उपरोक्त संबंध में जानकारी अनुसार ग्राम दावनबोड़ के गांव के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए एक टीम का गठन किया है और उक्त टीम द्वारा सफाई अभियान, डस्टबिन वितरण सजावटी और फलदार वृक्षों के माध्यम से वृक्षारोपण का कार्यक्रम,स्कूल में जाकर बच्चों को पेन और कापी वितरण, कंपटीशन परीक्षा के लिए निशुल्क कोचिंग व्यवस्था, कैरियर गाइडलाइंस, योग प्रशिक्षण,सहकारिता के लिए लोगों को प्रेरित करना, नशा मुक्ति अभियान जैसे रचनात्मक कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है।इस युवा टीम का उत्साह वर्धन करने उनके कार्य में प्रमुख रूप सहयोग करने वालों में शिक्षक नोहर सिंह ध्रुव,शिक्षक रामकुमार वर्मा, शिक्षक सुरेश कुमार वर्मा,आर्किटेक्ट प्रवीण वर्मा,शिक्षक मनोज वर्मा,आर आई नीलकंठ वर्मा ,सहायक ग्रेड 2 नितेश वर्मा ,मनोहर साहू,शिक्षक खुमान सिंह वर्मा, शिक्षक लेखु राम ध्रुव, जिला पंचायत प्रतिनिधि गोविन्द वर्मा,सरपंच कौशल्या तुरकिया ,तिलक वर्मा, ढेलू राम ध्रुव,शिक्षक लक्ष्मण वर्मा, उपमहाप्रबंधक जयप्रकाश वर्मा, हेड केमिस्ट रामेश्वर वर्मा, उप सरपंच गंगा प्रसाद वर्मा,नंदू वर्मा ,अजय वर्मा,रोजगार सहायक अमृतलाल ध्रुव , डुपेश वर्मा, सोनू वर्मा, मनीष वर्मा कामदेव वर्मा, सुमंत वर्मा, विष्णु प्रसाद वर्मा ठेकेदार, धनंजय वर्मा,देवनारायण वर्मा ,पंकज वर्मा, डागेश, दिलीप वर्मा, लोकेश वर्मा, इंद्र कुमार ध्रुव, संतोष वर्मा, मालिक राम वर्मा, सतीश वर्मा, हिमांशु वर्मा, शुभम वर्मा इत्यादि का विशेष सहयोग टिम को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना : 101 जोड़े लेंगे सात फेरे

■ वीर सावरकर भवन के पास से निकलेगी दूल्हों की सामूहिक बारात, पुरानी मंडी के पास होगी बारात की परघौनी

कवर्धा/नवप्रदेश। गांधी मैदान कवर्धा में 30 अप्रैल को राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कबीरधाम जिले के 101 नवदंस जोड़े विवाह के शुभ बंधन में बंधेगे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बिशेसर पटेल, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्षसुरेश चंद्रवंशी, पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू, अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी मुख्यअतिथि के तौर पर शामिल होंगे और नव दम्पत्तियों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के हितग्राही वर और कन्या पक्ष तथा उनके निकटतम संबंधियों को उनके निवास स्थल से विवाह स्थल, कवर्धा में वर और वधु पक्ष को ठहराने के

लिए बनाएं गए अलग-अलग व्यवस्था सहित विवाह की तैयारियों की पूरी विस्तार से समीक्षा की। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी ने बताया कि सुबह 08 बजे से गांधी मैदान में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। ततपश्चात 09 बजे वीर सावरकर भवन से दुल्हों की बारत गांधी मैदान के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष कवर्धा श्रीमती सुषमा बघेल, बोड़ला श्रीमती बालका वर्मा, पडरिया श्रीमती नंदनी साहू, सहसपुर लोहारा श्रीमती दुर्गा सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, सुमित्रा पटेल, डॉ. बीरेन्द्र साहू, पूर्णिमा साहू, श्री राजकुमार मेरावी, दीपा धुर्वे, रोशन दुबे, राजकुमारी साहू,अन्नपूर्णा चंद्राकर, श्रीमती राजेश्वरी घृतलहरे, श्रीमती गंगा साहू, ललिता धुर्वे नव दम्पत्तियों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

पंजीकृत वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य

कवर्धा /नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी श्रेणी के मोटर वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है, जिसे लेकर वाहन स्वामी छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग की वेबसाइट पर लॉगिन कर सीधे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र में दर्ज चेचिस नंबर, इंजन नंबर तथा पंजीकृत मोबाइल नंबर की आवश्यकता होती है।

डीडब्ल्यूपीएस में तकनीकी कार्यशाला का शुभारंभ

भाटापारा/नवप्रदेश। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल (डीडब्ल्यूपीएस) भाटापारा में 'आधुनिक तकनीकी कार्यशाला' का आयोजन किया जा रहा है,जिसका समापन कल 30 अप्रैल को होगा। 'वर्कशॉप ऑन रोबोटिक्स, एआई एंड एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग' विषय पर आधारित इस कार्यशाला का आयोजन डिस्ट्रिक्ट साइंस क्लब बलौदाबाज़ार द्वारा किया जा रहा है, जिसकी मेज़बानी डीडब्ल्यूपीएस भाटापारा को मिली है। यह कार्यशाला अटल इनोवेशन मिशन और डीडब्ल्यूपीएस भाटापारा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रही है जिसमें बलौदाबाज़ार जिले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 100 छात्र-छात्राएँ प्रतिभागिता करेंगे। डीडब्ल्यूपीएस के भी 10

विद्यार्थी इस विशिष्ट अवसर का हिस्सा बनेंगे। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को नागपुर (महाराष्ट्र) से आने वाले कुशल एवं अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग जैसे अत्याधुनिक विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। तीन दिवसीय सत्रों के अंत में एक प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्रों के साथ आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

नपा अध्यक्ष से मिलकर संतुष्ट हुईं वार्ड की महिलाएं

■ ऑटो संघ के प्रतिनिधि भी मिले पालिका अध्यक्ष से

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा से नयागंज वार्ड की महिलाओं ने मुलाकात कर समस्या की ओर उनका ध्यान दिलाया,जिस पर पालिका अध्यक्ष ने उनकी समस्या सुन उसका शीघ्र निराकरण करने का आश्वाशन दिया जिस पर महिलाएं खुश होकर वापस लौटी।दूसरी ओर ऑटो संघ के प्रतिनिधियों ने भी अपनी मांगों एवं समस्या से पालिका अध्यक्ष को अवगत कराया जिस पर उन्होंने यथोचित निर्णय लेने का भरोसा जताया।

पालिका कार्यालय में सोमवार को नया गंज वार्ड की महिलाओं ने पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा से मुलाकात की,इस दौरान महिलाओं ने

अपने वार्ड की समस्याओं विशेष रूप से सफाई व्यवस्था, जल आपूर्ति और सार्वजनिक शौचालय की मांग उनके समक्ष रखी जिस पर अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने सभी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक लेते हुए उपस्थित नागरिकों एवं महिलाओं को उसके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा ताकि क्षेत्र में त्वरित सुधार कार्य प्रारंभ हो सके।

पालिका अध्यक्ष के उदारपूर्ण व्यवहार और मिले आश्वासन से महिलाएं खुश होकर वापस हुई। वहीं ऑटो संघ के प्रतिनिधियों ने पार्किंग स्थल के समुचित प्रबंधन एवं ऑटो चालकों के हित संरक्षण हेतु आवश्यक सुझाव दिए। जिस पर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर की प्रगति में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है और सभी के सहयोग से भाटापारा को एक आदर्श नगर बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे और जो समस्या और मांग आई है उस पर रेलवे विभाग से सामंजस्य बैठाकर आपकी समस्या का समाधान का पूरा प्रयास किया जाएगा।

जल संरक्षण ... तालाब को स्वच्छ व संरक्षण करना और पशु-पक्षियों व अन्य जीव-जंतुओं को जल संकट से बचाने का लिया संकल्प

तालाब संरक्षण अभियानः तीसरे पड़ाव में पुनः राधाकृष्णा मंदिर तालाब की हुई सफाई

स्वच्छ होने लगा राधाकृष्णा बड़े मंदिर तालाब : चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

कवर्धा/नवप्रदेश। स्थानीय वार्डवासियों, समाज प्रमुख, संगठन, समाज सेवी व जनप्रतिनधियों के साथ-साथ नगर पालिका कर्मचारियों की टीम द्वारा प्रति रविवार को तालाब की सफाई में श्रमदान किया जा रहा है इन सबके सहयोग से आज से राधाकृष्णा तालाब अब स्वच्छ होने लगा है लगातार तीसरे रविवार को इस तालाब में श्रमदान किया गया। इस अभियान का मुख्य

उद्देश्य तालाब को स्वच्छ बनाए रखना, उसका संरक्षण करना और पशु-पक्षियों व अन्य जीव-जंतुओं को जल संकट से बचाना है ताकि आने वाले समय में जल स्तर कम ना हो और पानी के लिए कोई ना भटके। गर्मी के मौसम में पानी की कमी से मनुष्य और जानवरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में तालाबों की स्वच्छता और संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो जाता है। तालाब न केवल मनुष्य जीवन की जीवन रेखा हैं, बल्कि यह जैव विविधता के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस अभियान में श्रमदान करने पहुंचे लोगों द्वारा तालाब की अंदर फैली गंदगी को निकाली जा रही है। आसपास की गंदगी हटाई जा रही है और किनारों को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही लोगों को जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

वरिष्ठ साहित्यकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व उनकी टीम द्वारा तालाबों की सफाई करने का बीड़ा जो उठाया है।

अभियान में जुड़ने की अपील : चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि यह पहल केवल सफाई तक सीमित नहीं है। हम सभी का कर्तव्य है कि हम तालाब को स्वच्छ रखें और उसका निस्तारी सही ढंग से करें। लगातार आज तीसरे रविवार को समाज प्रमुख, स्वयं सेवी संगठन, हरितिमा टीम, योग टीम सहित वार्डवासियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा तालाब में श्रमदान किया गया। जिसका परिणाम स्वरूप आज राधा कृष्णा बडे मंदिर तालाब स्वच्छ होने लगा है। हमारा शहर का सभी तालाब स्वच्छ रहे, इस हेतु प्रत्येक रविवार को तालाबों की सफाई श्रमदान से किया जाना है। तालाब स्वच्छ रहेगा, तो इस पूर्ण निस्तारी का काम आयेगा। उन्होनें इस जन अभियान में जुडने नगरवासियों को अपील की है।

वन विभाग का कारनामा, बूटा पेड़ काटकर वहीं छोड़ गए...

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग म. ज. प. बाध उप संभाग क्रमांक- 1 मेचका से सोन्दूर डैम नाली से नहर नाली गांव गांव तालाब महानदी के लिए पानी छोड़ा जाता है। यह मुख्य नहर नाली है जिससे होकर सहायक नहर नाली के मध्यम से गांव गांव तालाब में पानी भरा जाता है ग्रामीणों को अब इस नहर से खेत या अन्य जगह पानी लाने में नहरों छोड़ जाता है। उल्लेखनीय है किसान नहर की मरम्मत की मांग करते आ रहे पिछले 2 वर्ष पहले नहर नाली निर्माण कर की ऊंचाई को बढ़ाया गया था जिसमें बारिश के समय नहर नाली के किनारे बड़े बड़े हरे भरे बूटा पेड़ उग गए हैं। साथ ही नहरें के दोनों किनारे हरे भरे 4 फीट बड़े हो चुके हैं । गर्मी के दिनों जिसमें किसानों का इस रोड से आना जाना रहता है साथ ही वहीं उस रोड पर माध्यमिक शाला जाने का रास्ता भी पड़ता है गांव के लोगों आने जाने वाला मुख्य मार्ग भी है पिछले माह विभाग के कर्मचारी द्वारा हरे भरे बूटा पेड़ काटकर वहीं काट कर छोड़ दिए हैं हरे भरे छोटे छोटे बूटा पेड़ों को नाम मात्र कुछ दूर तक ही साफ सफाई किया है। पेड़ बाद में सूखकर किनारे पड़ा है उसके बाद नहर पानी के माध्यम से बहते दिखाई दे रहा है।

मौसम ने ली करवट : रायपुर-कोरबा में हुई तेज बारिश, गिरे ओले

कोरबा/नवप्रदेश। रायपुर और कोरबा में सोमवार को मौसम ने करवट बदली। दोपहर 2 बजे के बाद कई जिले के विभिन्न हिस्सों में तेज आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश हुई। ओले भी गिरे ।बारिश से सड़कों पर जलभराव हो गया। तेज हवाओं के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अमरियापारा में ट्रांसफॉर्मर के पास के पेड़ों से शॉर्ट सर्किट की स्थिति बनी। चिंगारियां निकलने से लोगों में दहशत फैल गई।

बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई। रामनगर, मुड़ापार, बुधवारी काशी नगर, संजय नगर, पुरानी बस्ती और सीएसईबी कॉलोनी में बिजली गुल रही। काशी नगर वार्ड नंबर 23 बोल बम चैक में नालियां जाम होने से गलियों में घुटने तक पानी भर गया। कई घरों में पानी घुस गया। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम की व्यवस्था पर नाराजगी जताई। पिछले दो दिनों से मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है।

तापमान 42 डिग्री तक पहुंचने के बाद आंधी-तूफान आ रहा है। मौसम के इस बदलाव से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

लालच में फंसकर युवक ने गवाएं 10 लाख, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। अज्ञात आरोपियों ने ग्लोबल ई-कॉमर्स नामक वेबसाइट में पैसा कमाने का झांसा देकर 10 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी उमेश माण्डे 25 वर्ष ग्राम बेलटुकरी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर क्रमांक 92793-94814 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थी को ग्लोबल ई-कॉमर्स नामक वेबसाइट में पैसा कमाने का झांसा देकर अलग-अलग खातों में 10 लाख रुपए जमा करवा लिया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नकदी सहित सोने के जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम जलसो नेवरा के पास खड़ी कार से अज्ञात तीन युवकों ने 1 नग सोने की चैन व नकदी 5 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुरज नारायण 56 वर्ष वार्ड क्रमांक 12 नेवरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी कार क्रमांक को ग्राम जलसो के पास खड़ी किया था, तभी बाइक सवार अज्ञात तीन युवकों ने कार का दरवाजा खोलकर कार में रखे एक नग सोने की चैन व नकदी 5 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 92500 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

व्यापारी से 1 करोड़ से अधिक की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। करोड़ों रुपए के चुना व पत्थर खरीदकर रुपए का भुगतान नहीं करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रवि नंदी 62 वर्ष वृंदावन सोसायटी अमलीडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी प्रकाशचंद्र राय ने बीआर के डेवलपर एंड माईनर पीवीटीएलटीडी कंपनी से 1 करोड़ 29 लाख रुपए का चुना पत्थर खरीदकर रकम का भुगतान नहीं किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दो ट्रकों में भिड़ंत, खलासी की मौत

रायपुर,/नवप्रदेश। चंदनडीह ब्रेकर के पास तेज रफ्तार ट्रक ट्रेलर से जा टकराई। जिससे खलासी की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुदर्शन राय 40 वर्ष ग्राम झींकरा बंगाल का रहने वाला था। मृतक ट्रक में खलासी का काम करता था। बताया जाता है कि मृतक अपने चालक के साथ ट्रक क्रमांक डब्लूबी 25 एल 8725 से जा रहा था।

तभी चंदनडीह ब्रेकर के पास सामने जा रही ट्रेलर क्रमांक आरजे 10 जीबी 1557 के चालक ने अचानक से ब्रेक लगाया। जिससे पीछे वाली ट्रक उसमें जा घुसी। जिससे खलासी सुदर्शन की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

150 से अधिक इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) व माओवादियों के दर्जनों बंकर भी ढहाए

माओवादियों से निर्णायक लड़ाई के दौरान नए सुरक्षा शिविर तैयार करेंगे सुरक्षा बल

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर बीजापुर जिले के करेंगुट्टा की पहाड़ी पर माओवादियों के विरुद्ध चल रही निर्णायक लड़ाई को अंतिम परिणाम तक पहुंचाने के लिए सुरक्षा बल इलाके में नवीन सुरक्षा शिविर (एफओबी) तैयार करेंगे।

माओवादियों के सबसे सुरक्षित आश्रय स्थल करेंगुट्टा तक पहुंचने के बाद अब यहां कई एफओबी खोलकर तेलंगाना सीमा को माओवादियों के लिए पूरी तरह से बंद करने की तैयारी की जा रही है।

तैनात जवानों को आराम देने का निर्णय लेते हुए उनकी जगह नए जवानों की तैनाती की गई है।

अभियान अंतिम परिणाम आने तक चलता रहेगा : इससे स्पष्ट है कि माओवादियों के विरुद्ध सुरक्षा बलों का यह अभियान अंतिम परिणाम मिलने तक चलता रहेगा। बस्तर में माओवादियों के सबसे मजबूत ठिकाने तक शनिवार को फोर्स के जवान पहुंच गए थे। इसके बाद से लगातार पहाड़ी पर सर्चिंग जारी है। इस बीच जवानों ने करेंगुट्टा पहाड़ी से अब तक 150 से अधिक इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) व माओवादियों के दर्जनों बंकर भी ढहा दिए हैं। 45 से 48 डिग्री तापमान के बीच अभियान कर रहे जवानों को चोटी पर पानी का एक प्राकृतिक सोता भी मिला है, इससे भी जवानों का हौसला बढ़ा है।

तेलंगाना सीमा पर निर्णायक बढ़त

छत्तीसगढ़ व तेलंगाना सीमा पर करेंगुट्टा की पहाड़ी लंबे समय से माओवादियों का ठिकाना हुआ करती थी, वहां आठ दिन से चल रहे अभियान के बाद सुरक्षा बलों ने निर्णायक बढ़त बना ली है। बीते चार दशक से करेंगुट्टा की खड़ी पहाड़ी के कारण इस पहाड़ी श्रृंखला तक पहुंचने में सुरक्षा बल को कभी कामयाबी नहीं मिली थी, पर अब वहां भी फोर्स पहुंच चुकी है।

राज्य में तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू

- 16.72 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहण का अनुमानित लक्ष्य
- 920 करोड़ रूपए का होगा पारिश्रमिक भुगतान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य तेजी से शुरू हो चुका है। बस्तर संभाग के सुकमा, दंतेवाड़ा और जगदलपुर जिला यूनियन में 28 अप्रैल तक 22 हजार मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहित हो चुका है। तेन्दूपत्ता एवं लुघ वनोपज के संग्राहकों को संग्रहण पारिश्रमिक की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा एक सॉफ्टवेयर ऑनलाईन एमएफपी कलेक्शन एण्ड पेमेंट सिस्टम तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में राज्य में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा 5500 रूपए का पारिश्रमिक भुगतान किया जा रहा है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य में तेन्दूपत्ता संग्रहण की पारिश्रमिक दर 4000 रूपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा कर दी गई है। इसका लाभ संग्राहकों को वर्ष 2024 से ही मिल रहा है। राज्य में इस साल 16 लाख 72 हजार मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य है।

लिफ्ट में फंसे युवक को एसडीआरएफ की टीम ने बचाया

दुर्ग/नवप्रदेश। सुपेला थाना अंतर्गत चौहान स्टेट स्थित चंद्रा मौर्या के बाजू में मंगलवार सुबह लगभग 5:00 बजे एक गंभीर हादसे की सूचना कंट्रोल रूम को मिली। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एस.डी.आर.एफ.(रेस्क्यू टीम) दुर्ग संभाग को मौके पर रवाना किया गया। जानकारी के अनुसार, डुंडेरा उतई के निवासी राजा बान्दे (उम्र 40 वर्ष) लिफ्ट का उपयोग कर तीसरी मंज़िल से नीचे उतर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जैसे ही लिफ्ट का दरवाज़ा खुला देखा और पैर रखा, वैसे ही नीचे गिर पड़े। दरअसल, लिफ्ट उस तल पर नहीं थी, बल्कि नीचे के तल पर खड़ी थी, जिससे युवक लिफ्ट की छत पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। एस.डी.आर.एफटीम ने मौके पर पहुंचकर आधुनिक तकनीक और सुरक्षा उपकरणों की सहायता से लिफ्ट में उतरकर बड़ी सावधानी से घायल युवक को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें तुरंत मेडिकल टीम को सौंपा गया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र. 145/न.पा./लो.नि.वि./2025-26 — मुंगेली, दिनांक 29/04/2025

// प्रथम ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना //

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनु. व्यय राशि (लाख में)	अमानत राशि	कार्य अवधि	रिमार्क
167631	जोनल टेंडर वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु भवन निर्माण/मरम्मत एवं अन्य सामयिक प्रवृत्ति के कार्य	25.00	19000	31 मार्च 2025 तक	सक्षम श्रेणी
167637	जोनल टेंडर वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु सी.सी. सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य।	25.00	19000	31 मार्च 2025 तक	सक्षम श्रेणी
167644	जोनल टेंडर वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु नाली/ पुलिया/कल्वर्ट निर्माण एवं मरम्मत कार्य	25.00	19000	31 मार्च 2025 तक	सक्षम श्रेणी

टीप :- 1. निविदा प्रपत्र नगरीय प्रशासन विभाग के वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।
2. ई-प्रोक्युरमेंट बीड सब्मिट करने की अंतिम तिथि 20.05.2025 को समय शाम 05.30 बजे तक एवं फिजिकल डाक्यूमेंट सब्मिट करने की अंतिम तिथि 22.05.2025 समय शाम 05.30 बजे तक तथा निविदा खोलने की तिथि 23.05.2025 समय दोपहर 12.05 बजे निर्धारित की गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

न्यायालय तहसीलदार कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ 202504140100047/ अ-21/2024-25
ग्राम कोदाभाट

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तुलसीराम पिता गौरंग कर्मकार निवासी ग्राम कोदाभाट द्वारा ग्राम कोदाभाट स्थित आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित भूमि खसरा नंबर 39/89 रकबा 0.012 हे. को रुपए की आवश्यकता होने से अनावेदक दिनेश कुमार नाग पिता शत्रुघन निवासी जवाहर वार्ड कांकेर को विक्रय करने की अनुमति बाबत आवेदन श्रीमान कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत किया गया है। जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति पेश करना है तो वह स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 16.05.2025 को अथवा उसके पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर मुहर से जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार कांकेर

केनरा बैंक Canara Bank — सिंडिकेट Syndicate

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक 20.05.2025/ 05.06.2025

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 20.05.2025 / 05.06.2025 को 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 19.05.2025 एवं ई-नीलामी की तिथि: 20.05.2025

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा सम्पर्क नं.
श्री हेमंत कुमार पटेल (ऋणी) पुत्र- श्री शिवशंकर पटेल, 41/1063, साहूपारा, सिद्धार्थ चौक, टिकरापारा, रायपुर -492001.	खसरा नं. 421/82, मौजा- मठपुराना, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड नं. 52, प.ह.नं. 105/61, आरएनएम- रायपुर-14, तहसील व जिला- रायपुर। क्षेत्रफल- 500 वर्ग फीट में स्थित आवासीय भवन एवं भूमि के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दी- उत्तरः अनुराग मसीह का मकान, दक्षिणः विक्रेता का मकान, पूर्वः केदार धनकर का मकान, पश्चिमः सड़क।	29.10.2024 / 15.01.2025 / ₹ 20,46,036.32 29.10.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 18,04,000/- / ₹ 1,80,400/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 01 Santoshi Nagar Branch, Raipur (Mo. 8248299210)
1. श्रीमती साबिया खातून (ऋणी) पत्नी- मोहम्मद शमशाद, 151 धोबी चौक, नवापारा वार्ड, वार्ड नं. 22, धमतरी, छत्तीसगढ़ - 493773. 2. श्री मोहम्मद शमशाद (सह ऋणी) पुत्र- मोहम्मद इजराइल, 151 धोबी चौक, नवापारा वार्ड, वार्ड नं. 22, धमतरी, छत्तीसगढ़- 493773.	प्लॉट नं 13/3, शीट नं. 21सी, रामसागरपारा वार्ड नं. 31, तहसील, जिला- धमतरी छ.ग., क्षेत्रफलः 41.00 वर्गमीटर या 441.32 वर्गफीट में स्थित है आवासीय मकान। चौहद्दीः पूर्व- नगर पालिका गली, पश्चिम- नंद कुमार का मकान, उत्तर- महेश साहू का मकान, दक्षिण- नगर पालिका गली।	08.10.2024 / 12.12.2024 / ₹ 3,90,801.10 08.10.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 11,92,000/- / ₹ 1,19,200/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 02 Dhamtari Branch (Mo. 9589172700)
मेसर्स श्री साई टी सेल्स, मालिकः स्व. विदवंत कौर पत्नी दर्शन सिंह हंसपाल, गली नंबर 4, फाफाडीह नाका, वार्ड नं. 22, प्लॉट नं. 10/2, रायपुर छत्तीसगढ़ 492009. स्व. विदवंत कौर के कानूनी उत्तराधिकारीः श्री हरजीत सिंह हंसपाल पुत्र स्व. दर्शन सिंह, श्री जसप्रीत सिंह हंसपाल पुत्र स्व. सुरेंद्र सिंह, श्री गुरप्रीत सिंह हंसपाल, श्रीमती परमजीत कौर पत्नी स्व. सुरेंद्र सिंह। सभी निवासी- गली नं. 4, फाफाडीह नाका, वार्ड नं. 22, प्लॉट नं. 10/2, रायपुर छत्तीसगढ़ 492009. गारंटरः श्री सुरेंद्रपाल सिंह हंसपाल पुत्र दर्शन सिंह हंसपाल, गली नं. 4, फाफाडीहनाका, वार्ड नं. 22, प्लॉट नं. 10/2, रायपुर छत्तीसगढ़ 492009.	खसरा नं. 265/3 (भाग), 10/2, प.ह.नं. 48, गली नं. 4, फाफाडीह नाका, राजीव गांधी वार्ड नं. 22, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में स्थित आवासीय मकान के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दीः उत्तर-सड़क, गली नं. 4, दक्षिण- सिमरजीत कौर की भूमि, पूर्व- गुप्ता की भूमि, पश्चिम- सड़क।	05.07.2019 / 04.11.2019 / ₹ 70,43,265.15 19.09.2022 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 64,80,000/- / ₹ 6,48,000/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 03 Raipur-II Branch (Mo. 7904062571)
श्री शेख कासीम पुत्र- शेख दाउद, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, हनुमान मंदिर गली, धमतरी-493773. एवं श्रीमती शमसुन निशा मुसलमान पत्नी- शेख कासीम, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, हनुमान मंदिर गली, धमतरी-493773.	शहर सर्वे पं. 21सी, प्लॉट नं. 166, रिसाई पारा, वार्ड नं. 15, धमतरी, क्षेत्रफल- 118.50 वर्गफीट में स्थित शामिल संपत्ति के समस्त भाग व अंश। चौहद्दीः उत्तर- मंगल प्रसाद का मकान, दक्षिण- नदीम का मकान, पूर्व- मंगल प्रसाद का मकान, पश्चिम- नगर निगम रोड.	17.02.2020 / 12.10.2020 / ₹ 9,87,471.00 17.02.2020 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 10,00,000/- / ₹ 1,00,000/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 04 Dhamtari Branch (Mo. 9589172700)

ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 04.06.2025 एवं ई-नीलामी की तिथि: 05.06.2025

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा सम्पर्क नं.
ए. सिम्हाचलम पुत्र- ए.एस. मूर्ति, मकान नं. 104, वार्ड नं. 3, राधिका नगर, सुपेला, भिलाई-490023.	प्लॉट नं. 148, बालाजी चौक के पास, कृष्णा नगर, सुपेला, भिलाई, जिला- दुर्ग। क्षेत्रफल- 37.10 वर्ग मीटर (399 वर्गफीट) में स्थित भूमि एवं भवन के समस्त भाग तथा अंश। चौहद्दीः उत्तर- खुला एवं मुकीम, दक्षिण- सड़क, पूर्व- तुलसीराम, पश्चिम- सड़क।	18.12.2024 / 27.02.2025 / ₹ 9,87,471.00 18.12.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 24,74,000/- / ₹ 2,47,400/- / ₹ 10,000/-	Property No. - 05 Bhilai KPS Branch (Mo. 7588001823)

EMD Deposit Details : EMD amount of 10% of the Reserve Price is to be deposited in E-Wallet of M/s PSB Alliance Private Limited (baanknet) portal directly or by generating the Challan therein to deposit the EMD through RTGS/NEFT in the account details as mentioned in the said challan on or before 19.05.2025 / 04.06.2025.

ई-नीलामी की शर्तें- (1) नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.baanknet.com माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (1) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 19.05.2024/04.06.2025, दोपहर 03.00 से सायं 5.00 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (3) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। (4) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें अथवा सर्विस प्रदाता M/s. PSB Alliance (baanknet), Helpline: Email ID- support.baanknet@psballiance.com अथवा Website: https://baanknet.com पर संपर्क करें। (5) भविष्य में उत्पन्न होने वाले संपत्ति कर या सोसायटी रखरखाव से संबंधित सभी खर्च, जहां भी लागू हो, सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'सेन्ट्रल क्रोनिकल' दिनांक 29.04.2025 रायपुर में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 29.04.2025 स्थानः रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

रजिस्ट्री सं. डी. एल.- 33004/99 — REGD. No. D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-15042025.262454
CG-DL-E-15042025-262454

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section(ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1687] नई दिल्ली, मंगलवार, अप्रैल 15, 2025/चैत्र 25, 1947
No. 1687] NEW DELHI, TUESDAY, APRIL 15, 2025/CHAITRA 25, 1947

कोयला मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 15 अप्रैल, 2025

का.आ. 1718 (अ).- केन्द्रीय सरकार ने कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 (1957 का 20) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 7 की उपधारा (1) के अधीन जारी भारत सरकार के कोयला मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का. आ. 2010 (अ), तारीख 17 मई 2024 द्वारा, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 3, उपखंड (ii), तारीख 17 मई 2024 में प्रकाशित की गई थी, उक्त अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में वर्णित परिक्षेत्र में 42.00 हेक्टर (लगभग) या 103.782 एकड़ (लगभग) माप वाली भूमि में और ऐसी भूमि में या उस पर के सभी अधिकारों के अर्जन करने के अपने आशय की सूचना दी थी;

और सक्षम अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 8 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

और केन्द्रीय सरकार का, पूर्वोक्त रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् और छत्तीसगढ़ सरकार से परामर्श करने के पश्चात् यह समाधान हो गया है कि इससे संलग्न अनुसूची में यथा वर्णित 41.992 हेक्टेयर (लगभग) या 103.762 एकड़ (लगभग) माप वाली भूमि में या उस पर के सभी अधिकार अर्जित किए जाने चाहिए ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह घोषणा करती है कि इससे संलग्न अनुसूची में वर्णित 41.992 हेक्टर (लगभग) या 103.762 एकड़ (लगभग) माप वाली भूमि में या उस पर के सभी अधिकार अर्जित किए जाते हैं; इस अधिसूचना के अधीन आने वाले क्षेत्र के रेखांक धारक संख्या एसईसीएल/बीएसपी/जीएम (एल एंड आर)/भूमि/12, तारीख 1 अक्टूबर 2024 का निरीक्षण कलेक्टर, जिला रायगढ़ (छत्तीसगढ़) के कार्यालय में या कोयला नियंत्रक, कोयला नियंत्रक का संगठन, कोयला मंत्रालय, स्कोप मीनार, 5 वीं मंजिल, कोर 2, लक्ष्मी नगर, दिल्ली 110092 के कार्यालय में या साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (राजस्व अनुभाग), सीपत रोड, बिलासपुर 495006, छत्तीसगढ़ के कार्यालय में किया जा सकता है।

अनुसूची
पेलमा ओपनकास्ट परियोजना (15 मिलियन टन प्रतिवर्ष)
रायगढ़ क्षेत्र, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
जिला रायगढ़, छत्तीसगढ़
[रेखांक धारक संख्या एसईसीएल/बीएसपी/जीएम (एल एंड आर)/भूमि/12, तारीख 1 अक्टूबर 2024]

सभी अधिकार:
(क) राजस्व भूमि:

क्रम संख्या	ग्राम का नाम	पटवारी हल्का संख्या	तहसील	जिला	राज्य	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	टिप्पणियां
1.	खर्रा	16	तमनार	रायगढ़	छत्तीसगढ़	0.891	भाग
कुल 0.891 हेक्टर (लगभग) या 2.202 एकड़ (लगभग)							

(ख) वन भूमि:

क्रम संख्या	वन रेंज का नाम	तहसील	जिला	राज्य	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	टिप्पणियां
1.	सिलोट वन रेंज	तमनार	रायगढ़	छत्तीसगढ़	41.000	भाग
2.	खर्रा	तमनार	रायगढ़	छत्तीसगढ़	0.101	भाग
कुल 41.101 हेक्टर (लगभग) या 101.560 एकड़ (लगभग)						

कुल योग (क+ख): 41.992 हेक्टर (लगभग) या 103.762 एकड़ (लगभग)

1. ग्राम खर्रा (भाग) में अर्जित किए जाने वाले प्लाट संख्या: 118/1 (भाग), 125/2 (भाग), 126/1 (भाग), 127 (भाग), 128/1, 129/1 (भाग), 129/3, 129/4, 129/6, 129/10 (भाग) ।
2. सिलोट वन रेंज (भाग) में अर्जित किए जाने वाले कम्पार्टमेंट संख्या: 724 (भाग), 725 (भाग), 726 (भाग)।

सीमा वर्णन:

क-ख: रेखा, बिन्दु "क" से आरंभ होती है और ग्राम पेलमा के सीमा से लगे हुए सिलोट वन परिक्षेत्र से होते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर बिंदु "ख" पर मिलती है।
ख-ग: रेखा, बिन्दु "ख" से आरंभ होती है और सिलोट वन परिक्षेत्र से होते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर बिंदु "ग" पर मिलती है।
ग-घ: रेखा, बिन्दु "ग" से आरंभ होती है और सिलोट वन परिक्षेत्र में होते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर बिंदु "घ" पर मिलती है।
घ-ङ: रेखा, बिन्दु "घ" से आरंभ होती है और ग्राम मड़वाडूमर के सीमा से लगे हुए सिलोट वन परिक्षेत्र से होते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर बिंदु "ङ" पर मिलती है।
ङ-च: रेखा, बिन्दु "ङ" से आरंभ होती है और सिलोट वन परिक्षेत्र से होते हुए उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर बिंदु "च" पर मिलती है।
च-छ: रेखा, बिन्दु "च" से आरंभ होती है और सिलोट वन परिक्षेत्र से होते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर बिंदु "छ" पर मिलती है।
छ-ज: रेखा, बिन्दु "छ" से आरंभ होती है और सिलोट वन परिक्षेत्र से होते हुए दक्षिण-पश्चिमी दिशा की ओर बिंदु "ज" पर मिलती है।
ज-झ: रेखा, बिन्दु "ज" से आरंभ होती है और सिलोट वन परिक्षेत्र एवं ग्राम खर्रा से होते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर बिंदु "झ" पर मिलती है।
झ-ञ: रेखा, बिन्दु "झ" से आरंभ होती है और ग्राम खर्रा से होते हुए दक्षिण-पश्चिमी दिशा की ओर बिंदु "ञ" पर मिलती है।
ञ-ट: रेखा, बिन्दु "ञ" से आरंभ होती है और सिलोट वन परिक्षेत्र एवं ग्राम खर्रा के खसरा क्रमांक 129/1, 129/10, एवं 127 से होते हुए दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर ग्राम खर्रा के खसरा क्रमांक 126/1 में बिंदु "ट" पर मिलती है।
ट-ठ: रेखा, ग्राम खर्रा के खसरा क्रमांक 126/1 में बिन्दु "ट" से आरंभ होती है दक्षिण-पश्चिमी दिशा की ओर बढ़ते हुए ग्राम खर्रा के खसरा क्रमांक 126/1 में बिंदु "ठ" पर मिलती है।
ठ-ड: रेखा, ग्राम खर्रा के खसरा क्रमांक 126/1 में बिन्दु "ठ" से आरंभ होती है और दक्षिण-पूर्वी दिशा की ओर बढ़ते हुए ग्राम खर्रा के खसरा क्रमांक 125/2 में बिंदु "ड" पर मिलती है।
ड-ढ: रेखा, ग्राम खर्रा के खसरा क्रमांक 125/2 में बिन्दु "ड" से आरंभ होती है और दक्षिण-पश्चिमी दिशा की ओर बढ़ते हुए ग्राम खर्रा के खसरा क्रमांक 125/2 में बिंदु "ढ" पर मिलती है।
ढ-ण: रेखा, ग्राम खर्रा के खसरा क्रमांक 125/2 में बिन्दु "ढ" से आरंभ होती है और उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर बढ़ते हुए ग्राम खर्रा के खसरा क्रमांक 125/2, 126/1, 127, 128/1, 129/4,129/1 से होते हुए सिलोट वन परिक्षेत्र में प्रवेश करती है एवं उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर बढ़ते हुए ग्राम खर्रा के खसरा क्रमांक 118/1 में बिंदु "ण" पर मिलती है।
ण-त: रेखा, ग्राम खर्रा के खसरा क्रमांक 118/1 में बिन्दु "ण" से आरंभ होती है और उत्तर-पूर्वी दिशा की ओर बढ़ते हुए ग्राम खर्रा के खसरा क्रमांक 118/1 में बिंदु "त" पर मिलती है।
त-क: रेखा, ग्राम खर्रा के खसरा क्रमांक 118/1 में बिन्दु "त" से आरंभ होती है और उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर बढ़ते हुए ग्राम खर्रा के खसरा क्रमांक 118/1 से होते हुए सिलोट वन परिक्षेत्र में प्रवेश करती है एवं उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर बढ़ते हुए शुरूआती बिंदु "क" पर मिलती है।

[फा. सं. 43015/5/2023-एलएआईआर]
भवानी प्रसाद पति, संयुक्त सचिव

सिंधी समाज ने सौंपा सांसद रूपकुमारी चौधरी को समर्थन पत्र

वन नेशन वन इलेक्शन के फायदे सभी वर्गों को बताने पहुंच रही भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा वन नेशन वन इलेक्शन के फायदे बताने विभिन्न वर्गों के बीच जा रही है स्वर्गीय कन्हैयालाल छुगानी जी की जयंती पर इस विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां समाज के प्रमुख जन ने वन नेशन वन इलेक्शन पर सहमति पर सांसद रूप कुमारी चौधरी को प्रदान किया।

इस दौरान वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी एवं सांसद रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन लागू होने से देश में संसाधनों की बचत होगी साथ ही समय की भी बचत होगा। इसके साथ ही देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में भी यह एक बहुत महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। वन नेशन वन इलेक्शन लागू होने से देश में 4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बचत होगी। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नेतृत्व में विकसित राष्ट्र की दिशा में कदम बढ़ा चुकी है और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की कल्पना को साकार रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी लगातार कार्य कर रहे हैं।

स्व कन्हैयालाल छुगानी जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय सिंधु सभा छत्तीसगढ़ द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन पर सहमति प्रस्ताव, अभियान की प्रदेश प्रभारी महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी के समक्ष पारित किया गया, जिसकी लिखित प्रति समाज के अग्रणी वरिष्ठ समाजसेवी आसुदामल वाधवानी, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ,पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी , भाजपा नेता सतीश

छूगानी ,चेंबर अध्यक्ष सतीश थोरानी, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत अध्यक्ष महेश दरयानी, कौंसिल अध्यक्ष ललित जयसिंह, पार्षद अमर गिदवानी , सचिन मेघानी, समाज सेवी पवन प्रीतवानी द्वारा सांसद रूप कुमारी चौधरी , प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ,विधायक पुरंदर मिश्रा व भाजपा रायपुर जिले के अध्यक्ष रमेश ठाकुर को सौंपी ।

कार्यक्रम में पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ के पीठाधीश डॉ युधिष्ठिर लाल महाराज ,भाजपा प्रदेश के महामंत्री श्री संजय श्रीवास्तव, रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी, कैट के राष्ट्रीय वाइस प्रेसिडेंट अमर परवानी, सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष छगन मूंदड़ा वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने, सूर्यकांत राठौर, लोकेश कावड़िया, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, अमरजीत छाबड़ा, कोरबा पार्षद नरेंद्र देवांगन, भाजपा जिले के मंत्री सोनू सलूजा, मंडल अध्यक्ष दलविंदर बेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील कुकरेजा ,भाजपा जिले के उपाध्यक्ष अकबर अली व जिले के मंत्री हरीश ठाकुर, एस एस वालिया व सिंधी समाज से जुड़े दौलत परियानी, हरिश रोहड़ा, मनोहर छुगानी , शुभम टेकचंदानी, सोनू गोवानी , अमित बजाज ,राजेश वासवानी, राजेश गुरनानी अशोक मालानी, परमानंद चिमनानी , नंदलाल सहिता, राजकुमार बजाज, भरत रामानी, प्रहलाद शादीजा, भजनलाल तलरेजा, दर्शन निहाल, कमल लहेजा, बलराम आहूजा , तनेश आहूजा, आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

महिला एवं बाल विकास विभाग ने उरला क्षेत्र में रोका बाल विवाह

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर के दिशा-निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी रश्मि बाला तिवारी के मार्गदर्शन में सोमवार को उरला थाना क्षेत्र से प्राप्त बाल विवाह की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की गई।सेक्टर पर्यवेक्षक सह बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी द्वारा विवाह स्थल पर पहुंचकर बालिका के माता-पिता से आयु संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया। दस्तावेज उपलब्ध न कराए जाने की स्थिति में शासकीय विद्यालय के नामांकन खारिज रजिस्टर का अवलोकन किया गया, जिसमें बालिका की आयु 18 वर्ष से कम पाई गई। उक्त स्थिति में, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह को रोका गया। बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने तक विवाह न करने के संबंध में माता-पिता को विधिक जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही, पार्षद एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सहमति-पत्र एवं पंचनामा तैयार किया गया, जिस पर बालिका के माता-पिता एवं उपस्थित जनसमुदाय के हस्ताक्षर लिए गए।

रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर में 42 यूनिट रक्त एकत्रित

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के प्रतिष्ठित सौ. कुसुम ताई दाबके विधि महाविद्यालय में एनजीओ बेटर भारत और मां के संयुक्त प्रयास से एक भव्य रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त संग्रह करना था। शिविर में कुल 42 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो कई जिंदगियों को बचाने में मदद करेगा। साथ ही, 103 प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य जांच शिविर में भाग लेकर अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रीति सतपथी का विशेष सहयोग रहा, जिनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संभव हो सका। एनजीओ बेटर भारत एक भरोसेमंद राष्ट्रीय स्तर की संस्था है, जो स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत है। बेटर भारत का उद्देश्य हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। एनजीओ माँ बेसहारा और घायल सड़क पशुओं के संरक्षण और कल्याण हेतु कार्यरत एक समर्पित संस्था है। इसके साथ ही, 'माँ' संस्था पालतू जानवरों के निधन पर उनके पूरे विधि-विधान और सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की सुविधा भी प्रदान करती है। बेटर भारत एवं माँ परिवार इस सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय प्रशासन, सभी रक्तदाताओं, स्वास्थ्य जांच प्रतिभागियों और विशेष रूप से डॉ. प्रीति सतपथी का हृदय से आभार व्यक्त करता है। भविष्य में भी इसी प्रकार के और कार्यक्रमों के माध्यम से समाज सेवा के कार्य किए जाते रहेंगे।

राज्यपाल के नाम से फर्जी पत्र वायरल करने वाला गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की पूर्व राज्यपाल अनुसुईया उइके के कार्यकाल के दौरान राजभवन में हुई एक जालसाजी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। करीब 5 साल बाद मध्यप्रदेश की छिंदवाड़ा पुलिस ने आरोपी अजय वर्मा उर्फ अजय रामदास को गिरफ्तार कर लिया है, जिसे लेने के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस रवाना हो गई है। बता दें कि सितंबर 2019 में छत्तीसगढ़ की तत्कालीन राज्यपाल अनुसुईया उइके के दस्तखत के साथ एक फर्जी पत्र वायरल हुआ था, जिसमें बीजेपी विधायकों की खरीद-फरोख्त की बातें लिखी गई थीं। इस पत्र के वायरल होने के बाद अनुसुईया उइके के निर्देश पर विशेष सचिव ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिविल लाइन थाने में तत्काल एफआईआर दर्ज कर इसकी जांच की जा रही थी, वहीं अब इस मामले में आरोपी को छिंदवाड़ा से गिरफ्तार किया गया है, जिसे लेने के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस छिंदवाड़ा रवाना हो गई है।

पहलगाम आतंकी हमला : टी एस सिंहदेव ने कहा...

दिनेश मिरानिया की बेटी की पढ़ाई का सारा खर्च उठाएगा राजकुमार कॉलेज



रायपुर/नवप्रदेश। पहलगाम आतंकी हमले ने सभी भारतवासियों को झकझोर कर रख दिया। इस हमले में रायपुर के व्यापारी दिनेश मिरानिया भी मारे गए। दुःख की घड़ी में पीड़ित परिवार की मदद के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने संवेदनशील पहल की है। उन्होंने मृतक दिनेश मिरानिया की बेटी की शिक्षा 12वीं कक्षा तक मुफ्त करने के लिए राजकुमार कॉलेज प्रबंधन से सिफारिश की थी। जिसके बाद प्रबंधन ने बेटी लक्षिता मिरानिया की 12वीं कक्षा तक के लिए मुफ्त कर दिया है।

बता दें कि पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने मिरानिया परिवार से मुलाकात के बाद यह सिफारिश की थी, ताकि शहीद के परिवार को दुःख की घड़ी में सहारा मिल सके। व्यापारी दिनेश मिरानिया की बेटी लक्षिता मिरानिया राजकुमार कॉलेज की 9वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही है।

इसे लेकर पूर्व डिप्टी सीएम टी एस सिंहदेव ने कहा कि लगातार बाहर रहने के कारण मैं उनसे (मिरनिया परिवार) से मिलने नहीं जा पाया था। पिछली शाम मैने परिजनों से मुलाकात की थी। जहां जानकारी में आया कि उनका बेटा पुणे में रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रहा है, अभी उसका पहला साल है और बेटी 9वीं कक्षा में है, जो राजकुमार क्लॉज में ही पढ़ती है। राजकुमार कॉलेज प्रबंधन ने ये फैसला लिया है कि उनके आगे की पढ़ाई का सारा खर्चा प्रबंधन करेगा। यानी कि अब 9वीं से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई मुफ्त में होगी।

बता दें कि समता कॉलोनी रायपुर के स्टील कारोबारी दिनेश मिरानिया (45 वर्ष) सपरिवार अपनी सालगिराह मनाने जम्मू-कश्मीर गए थे। वे 22 अप्रैल को मिनी स्विट्जरलैंड कहे जाने वाले बैसरन घाटी में घूम रहे थे। उनके साथ पत्नी नेहा, बेटा शौर्य और बेटी लक्षिता मौजूद थे। इस दौरान अचानक आतंकियों ने कायराना हमला कर दिया। आतंकियों ने धर्म और नाम पूछकर दिनेश मिरानिया की गोली मारकर हत्या कर दी।

अवॉर्ड लेने यूरोप रवाना नवीन माहेश्वरी

रायपुर/नवप्रदेश। जीवन के इस दौर में,उच्च शिक्षा के बाद,अपने केरियर को संवारने के लिए जो जुनून,मेहनत,लगन,और ऊर्जा, जब किसी बहुत ही रचनात्मक और उपयोगी चीज़ में लगाई जाती है, तो आसानी से हमारे कौशल को विकसित कर सकती है और हमें बहुत ही जल्द एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकती है। इसी उद्देश्य को लेकर बैंक जॉब में अपना भविष्य संवारने के सपना लिए नवीन माहेश्वरी बहुत की कम समय मे अपने जॉब में एक ऐसा मुकाम हासिल किया, जिसे कर पाने में आधी जिंदगी निकल जाती है,आपको महज 4 साल के जॉब में 42 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह मुकाम रुका नहीं बल्कि नया रूप लिए जा रहा है। इस वर्ष आपकी लगन और मेहनत की बदौलत इस बार आपको बैंक द्वारा यूरोप टूर जाने और वहाँ आपको अवॉर्ड से सम्मानित किया जाना है ।यह न केवल उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है,बल्कि यह पूरे परिवार के लिए गर्व और प्रेरणा का स्त्रोत है। उनकी यह उपलब्धि दर्शाती हसि,की लगन, मेहनत ,और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। जीवन की इस नई उड़ान के लिए आपको पूरे परिवार की और से ढेर सारी शुभकामनाएं ।

एक इंटरव्यू के दौरान आपने बताया कि इस टारगेट को पूरा करने के लिए,आपने दिन रात एक किया,अपनी मेहनत,और लगन के साथ ,आपके मार्गदर्शन उच्च अधिकारियों के साथ आपके पिता अशोक माहेश्वरी, और पूरे परिवार को जाता है।

दिव्यांगों को नहीं मिल रहा केंद्र की योजनाओं का लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार ने दिव्यांग कर्मचारी को कम ब्याज दर में मकान बनाने एवं वाहन खरीदने के लिए 50 हजार से 50 लाख तक ऋृण सुविधा देने के लिए छत्तीसगढ़ के चुनिदा बैंकों को अधिकृत किया लेकिन यहां दिव्यांग जनों को ऋृण नहीं मिल पा रहा। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार केंद्र की योजनाओं को सही तरीके से छत्तीसगढ़ में लागू नहीं कर पा रही है।

किसी भी विषय में कुछ भी बोल देना जो छप जाए और बिक जाए, यह कांग्रेस का शॉर्टकट तरीका है - अजय चंद्राकर

■ **राष्ट्रीय विषय में भारत के खिलाफ टिप्पणी करना यह किसी भी भारतीय के लिए अच्छा नहीं है - अजय चंद्राकर**

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक अजय चंद्राकर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कहा कि कांग्रेस के पूर्व विधायक यूडी मिंज के आधिकारिक फेसबुक अकाउंट से एक पोस्ट किया गया था जिसमें उन्होंने लिखा था कि यदि भारत पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध करता है तो उसे हार का सामना करना पड़ेगा। पोस्ट के अनुसार, ÷जो आज पाकिस्तान के विरुद्ध निर्णायक युद्ध की बात कर रहे हैं, वे जान लें कि इस बार भारत को पाकिस्तान के साथ-साथ चीन से भी लड़ना होगा और ऐसी स्थिति में भारत की हार तय है और बाद में परंपरागत रूप से बोल रहे हैं कि उनका अकाउंट हैक हो गया है, यह परंपरा कांग्रेसियों में शुरू से है। भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व विधायक यूडी मिंज को इस विषय में बोलने के स्थान पर यह बताना चाहिए कि कांग्रेस शासनकाल में कुनकुरी समेत जशपुर में कितनी ऐसी संस्थाएं कार्यरत रही और उनकी फॉरेन फंडिंग किन-किन कामों के लिए होता रहा। श्री चंद्राकर ने कहा कि राष्ट्रीय विषय में भारत के खिलाफ टिप्पणी करना यह किसी भी भारतीय के लिए अच्छा नहीं है। देश की रक्षा एजेंसी, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, सेना के अध्यक्ष सभी लोग इन विषयों को देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम ऐसा कोई भी कार्य न करें, ऐसी बात हमें नहीं बोलना चाहिए जिससे इस संवेदनशील विषय पर कोई प्रभाव पड़ता है। कांग्रेस के लोग अगर देश का साथ नहीं दे सकते तो उन्हें अपना मुंह बंद रखना चाहिए। कांग्रेस का जो हश्र है ऐसे ही नीति विहीनता और बेलगाम जुबानी जमा खर्च के कारण है। किसी भी विषय में कुछ भी बोल देना जो छप जाए और बिक जाए यह कांग्रेस का शॉर्टकट तरीका है।

छत्तीसगढ़ में 57 हजार शिक्षक और 2160 प्रोफेसर की कमी

■ **एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने 15 जून तक भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग को लेकर सीएम को भेजा पत्र, मांग पूरी नहीं तो होगा चरणबद्ध आंदोलन**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था को लेकर एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने पत्र में कहा कि प्रदेश के स्कूलों में 57,000 शिक्षकों और कॉलेजों में 2,160 प्रोफेसरों के पद खाली हैं।

पांडेय ने कहा कि रिक्त पदों के कारण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। प्रदेश में शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को याद दिलाया कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में इन पदों पर भर्ती का वादा किया था। एनएसयूआई अध्यक्ष नीरज पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार को बने 16 महीने हो चुके हैं। लेकिन अभी तक शिक्षा के इस अहम मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खुद प्रदेश के शिक्षा मंत्री भी है। नीरज पांडेय ने मांग की है कि सरकार 15 जून से पहले भर्ती प्रक्रिया शुरू करे।

एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने चेतावनी दी है कि अगर 15 जून तक भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं होती है, तो एनएसयूआई प्रदेश भर में चरणबद्ध आंदोलन करेगी। इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

सराहनीय पहल | क्रेडाई बनाएगा जल संरक्षण के लिए पिट

कलेक्टर ने वॉटर कंजरवेशन को लेकर ली बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने सोमवार कलेक्टर सभाकक्ष में वाटर कंजरवेशन को लेकर क्रेडाई बिल्डर्स के साथ बैठक की। कलेक्टर ने कहा कि जल अमूल्य होता है। इस समय विशेषकर राजधानी में जल संरक्षण किए जाने की आवश्यकता है। जल संरक्षित करेंगे तो जल स्तर बना रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्षा के जल को व्यर्थ बहने से रोकना चाहिए और इसे बचाए जाने के उपाय करने होंगे।

बैठक में क्रेडाई बिल्डर्स के सदस्यों ने इस दिशा में ठोस कदम उठाने सहमति जताई। साथ ही यह तय किया गया कि शहर में बिल्डर्स की संस्था क्रेडाई के द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में पिट बनाए जाएंगे। जिसमें वर्षा के जल को संचय किया जाएगा। इसके लिए ऐसे स्थानों का चयन किया जाएगा जहां जल का ठहराव होता रहा है। जल संचित होने से यह हमारे भू-जल स्तर को बढानें में सहयोग मिलेगा।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जो पुराने वाटर कंजरवेशन के निए पिट बनाए गए हैं उसकी साफ-सफाई की जाए। उन्होंने शहरों में साफ-सफाई की व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए। बैठक में साफ-सफाई के दौरान निकाले गए पॉलिथीन के पुनः उपयोग करने पर भी विचार किया गया। बैठक में नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, क्रेडाई के सचिव अभिषेक बछावत सहित अन्य अधिकारीगण, क्रेडाई के सदस्य उपस्थित थे।

इंद्रावती नदी बचाने के लिए बस्तर में अभियान शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। इंद्रावती बचाव अभियान का आगाज़ करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह पदयात्रा जल-जंगल-जमीन के अधिकार के लिए है। इंद्रावती हमारे बस्तर के लिये प्राणदायक नदी है। बीजापुर से जगदलपुर जहां इंद्रावती नदी बहती है वहां अब सरकार की उपेक्षा और बदइंतजामी के चलते पूरी तरह सूख चुकी है, जिसे बचाने के लिये बस्तरवासी पूरे तरीके से संघर्षरत हैं, लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं है। यहीं हालात रहा तो आने वाले समय में इंद्रावती नदी का अस्तित्व बस्तर से समाप्त हो जायेगा। चित्रकूट विश्व का प्रमुख पर्यटन स्थल है, उसका भी अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। यहां हजारो पर्यटक घूमने आते है, लाखो लोगो को रोजगार मिलता है। इंद्रावती नदी से किसानों को सिंचाई के लिये पानी मिलता है। इस नदी से गांवो के लोगों को पानी मिलता है और जब नदी नहीं रहेगा तो लोगो को और किसानों को पानी कहां से मिलेगा? इंद्रावती नदी का जल स्तर गिरते जा रहा है। आने वाले समय में इंद्रावती नदी और बस्तर को बचाने के लिये लंबी लड़ाई लड़नी होगी।

न्यूज गैलरी

अदालत के फैसले के बावजूद सेवा शुल्क वसूलने पर 5 रेस्तरां को नोटिस, सीसीपीए ने की कार्रवाई

बिजनेस डेस्क। उपभोक्ता नियामक सीसीपीए ने पांच रेस्तरां को अनिवार्य सेवा शुल्क लगाना जारी रखने के लिए नोटिस जारी भेजा है। हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस प्रथा के खिलाफ दिशा-निर्देशों को बरकरार रखा है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायतें प्राप्त करने के बाद मखना डेली, जीरो कोर्टयार्ड, कैसल बारबेक्यू, चायोस और फिएस्टा बाय बारबेक्यू नेशन के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि नोटिस में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के तहत एकत्रित सेवा शुल्क की वापसी की मांग की गई है। सीसीपीए की 4 जुलाई, 2022 को जारी दिशा-निर्देशों और 28 मार्च, 2025 को दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से इसे बरकरार रखने के दिशा-निर्देशों के अनुसार, रेस्तरां भोजन के बिलों में खुद से सेवा शुल्क नहीं जोड़ सकते हैं। वे इसे किसी अन्य नाम से भी वसूल नहीं सकते हैं। दिशा-निर्देशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सेवा शुल्क स्वैच्छिक और उपभोक्ता के विवेक पर होना चाहिए। दिशा-निर्देशों में इस बात पर जोर दिया गया है कि, ÷कोई भी होटल या रेस्तरां उपभोक्ता को सेवा शुल्क देने के लिए बाध्य नहीं करेगा।÷ साथ ही कहा गया है कि प्रतिष्ठानों को ऐसे शुल्कों की वैकल्पिक प्रकृति के बारे में ग्राहकों को स्पष्ट रूप से सूचित करना होगा। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 10 के तहत स्थापित सीसीपीए को उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन और अनुचित व्यापार प्रथाओं से संबंधित मामलों को विनियमित करने का काम सौंपा गया है। उपभोक्ता राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन 1915 के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

नौकरियों के आवेदन 30 फीसदी बढ़े, महिलाओं की अच्छी हिस्सेदारी

नई दिल्ली। पेशेवर नेटवर्किंग मंच अपना की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी-मार्च तिमाही में नौकरी के रिकॉर्ड 1.81 करोड़ आवेदन आए। यह आंकड़ा सालाना आधार पर 30 फीसदी अधिक है। यह भारत के बढ़ते आर्थिक आशावाद और सभी क्षेत्रों में डिजिटल माध्यम से भर्ती में उछाल को बताता है। देश के रोजगार बाजार में साल 2025 की पहली तिमाही यानी जनवरी-मार्च में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। नौकरियों के लिए आवेदन 30 फीसदी बढ़ गए, जिनमें महिलाओं की अच्छी हिस्सेदारी रही। पेशेवर नेटवर्किंग मंच अपना की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी-मार्च तिमाही में नौकरी के रिकॉर्ड 1.81 करोड़ आवेदन आए।?यह आंकड़ा सालाना आधार पर 30 फीसदी अधिक है। यह भारत के बढ़ते आर्थिक आशावाद और सभी क्षेत्रों में डिजिटल माध्यम से भर्ती में उछाल को बताता है। इसके अलावा, लचीले कामकाज, समावेशी भर्ती प्रक्रिया और मझोले-छोटे शहरों में भी रोजगार के अवसर बढ़ने से कार्यबल में महिलाओं की संख्या बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च तिमाही में महिलाओं के आवेदन सालाना आधार पर 23 फीसदी बढ़कर 62 लाख से अधिक रहे। यह वृद्धि चंडीगढ़, इंदौर और जमशेदपुर जैसे टियर-2 और टियर-3 शहरों में सबसे अधिक देखने को मिली। हाल ही में पढ़ाई पूरी करने वाले युवाओं (फ्रेशर्स) ने मार्च तिमाही में 66 लाख से अधिक आवेदन किए, जो एक साल पहले की तुलना में 46 फीसदी अधिक है।?इस बीच, नियोक्ताओं की ओर से 3.1 लाख पदों के लिए आवेदन मंगाए गए, जो सालाना आधार पर 26 फीसदी अधिक है।

लोगों को एटीएम से 100 और 200 रुपए के नोट आसानी से मिल सकें, इसके लिए बड़ा फैसला

100 और 200 रुपये के नोटों पर आरबीआई ने जारी किया नया आदेश

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने सभी बैंकों और व्हाइट-लेबल एटीएम ऑपरेटरों को निर्देश दिया है कि वे एटीएम में 100 रुपये और 200 रुपये के नोटों की उपलब्धता बढ़ाएं। दरअसल, लोगो जब एटीएम से पैसा निकलवाते थे तो अधिकतर 500 के नोट ही मिलते थे। जिसके बाद अब आरबीआई ने ये फैसला लिया है। तांकि लोगों को एटीएम से 100 और 200 रुपये के नोट आसानी से मिल सकें।

आरबीआई की तरफ से रखी गई पहली टाइम लिमिट 30 सितंबर 2025 है, इस तारीख तक 75त्न एटीएम में कम से कम एक कैसेट से 100 या 200 रुपये के नोट निकलने चाहिए। इसके अलावा 31 मार्च 2026 तक यह आंकड़ा 90त्न तक पहुंचना चाहिए। आरबीआई की तरफ से यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि लोगों को छोटे लेनदेन के लिए जरूरी नोट आसानी से मिल सकें। आरबीआई की तरफ से पिछले दिनों एक प्रेस नोट में बताया गया कि एटीएम इंटरचेंज फीस को एटीएम नेटवर्क की तरफ से तय किया जाएगा। वित्तीय लेनदेन के लिए इंटरचेंज शुल्क को 17 रुपये से बढ़ाकर 19 रुपये कर दिया गया है। नॉन फाइनेंशियल पेमेंट के लिए यह शुल्क 7 रुपये होगा। इन लेनदेन पर एक्सट्रा वस्तु और सेवा कर (त्सञ्) भी लागू होगा।

ग्राहकों को अपने बैंक एटीएम से हर महीने 5 फ्री लेनदेन की सुविधा मिलेगी, जिसमें फाइनेंशियल और नॉन फाइनेंशियल लेनदेन शामिल हैं। अन्य बैंकों के एटीएम से मेट्रो सिटी में तीन और नॉन-मेट्रो सिटी में पांच फ्री लेनदेन किये जा सकते हैं। अगर ग्राहक फ्री लेनदेन की लिमिट को पार करते हैं तो उनसे चार्ज लिया जाएगा। 100 और 200 रुपये के नोट छोटे लेनदेन के लिए बहुत यूजफुल होते हैं। बाजार में खरीदारी, छोटी दुकानों पर पेमेंट और रोजमर्रा के खर्चों के लिए ये नोट सुविधाजनक हैं। लेकिन एटीएम में छोटे नोटों की कमी के कारण लोगों को परेशानी होती है। आरबीआई की तरफ से यह निर्देश इस समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम है। इसके लिए बैंकों और व्हाइट-लेबल एटीएम ऑपरेटर को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके एटीएम में 100 और 200 रुपये के नोट नियमित रूप से उपलब्ध हो। इसके लिए उन्हें अपनी एटीएम मशीनों के कैसेट को समय-समय पर रिफिल करना होगा और आरबीआई की टाइम लिमिट का पालन करना होगा।

यदि किसी यात्री के पास वेटिंग टिकट है, तो उसे केवल जनरल क्लास (अनरिजर्व्ड कोच) में ही यात्रा करने की अनुमति होगी

1 मई से नियमों को सख्ती से लागू किया जाएगा

नई दिल्ली। ट्रेन से यात्रा करने वाले करोड़ों यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण अपडेट सामने आया है। भारतीय रेलवे 1 मई से कंफर्म टिकट वाले यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए वेटिंग टिकट पर स्लीपर और एसी कोच में यात्रा करने वालों पर सख्ती बरतने जा रहा है।

नए नियमों के तहत, यदि किसी यात्री के पास वेटिंग टिकट है, तो उसे केवल जनरल क्लास (अनरिजर्व्ड कोच) में ही यात्रा करने की अनुमति होगी। आईआरसीटीसी से ऑनलाइन बुक की गई वेटिंग टिकट चार्ट बनने के बाद अपने आप रद्द हो जाती है, लेकिन कई यात्री काउंटर से वेटिंग टिकट लेकर आरक्षित डिब्बों में यात्रा करने का प्रयास करते हैं, जिससे कंफर्म टिकट वाले यात्रियों को असुविधा होती है।



1 मई से नियमों को सख्ती से लागू किया जाएगा। यदि कोई यात्री वेटिंग टिकट के साथ स्लीपर या एसी कोच में पाया जाता है, तो टिकट चेकिंग स्टाफ (टीटीई) उस पर नियमानुसार जुर्माना लगा सकता है या उसे जनरल कोच में भेज सकता है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने पुष्टि की है कि यह कदम कंफर्म टिकट वाले यात्रियों की यात्रा को आरामदायक बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने बताया कि वेटिंग टिकट वाले यात्रियों के आरक्षित कोच में प्रवेश करने से न केवल सीटों पर कब्जे को लेकर विवाद होता है, बल्कि डिब्बों में अनावश्यक भीड़ भी बढ़ती है, जिससे यात्रियों की आवाजाही बाधित होती है और यात्रा कष्टदायक हो जाती है।

रेलवे का कहना है कि इस सख्ती के बाद केवल उन्हीं यात्रियों को स्लीपर और एसी कोच में यात्रा की अनुमति मिलेगी जिनके पास कंफर्म टिकट होगा, जिससे ट्रेनों में अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। ऐसे में, अगर आप अक्सर वेटिंग टिकट पर यात्रा करते हैं, तो अब आपको अपनी यात्रा की योजना अधिक सावधानी से बनानी होगी।

हरे निशान में बढ़त के साथ खुला भारतीय शेयर बाजार, निफ्टी 24,400 स्तर से ऊपर

मुंबई। वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेतों के बीच मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में पीएसयू बैंक, ऑटो और आईटी सेक्टर में खरीदारी दर्ज की गई। सुबह करीब 9.25 बजे सेंसेक्स 409.4 अंक या 0.51 प्रतिशत बढ़कर 80,627.85 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 118.10 अंक या 0.49 प्रतिशत चढ़कर 24,446.60 पर था।निफ्टी बैंक 492.90 अंक या 0.89 प्रतिशत बढ़कर 55,925.70 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 490.90 अंक या 0.43 प्रतिशत बढ़कर 54,931.15 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 183.15 अंक या 1.10 प्रतिशत चढ़कर 16,860.05 पर था। विश्लेषकों के अनुसार, सकारात्मक शुरुआत के बाद निफ्टी को 24,250 पर समर्थन मिल सकता है। उच्च स्तर पर 24,500 तत्काल प्रतिरोध हो सकता है, इसके बाद 24,600 और 24,700 पर प्रतिरोध होंगे। चॉइस ब्रोकिंग के हार्दिक मटालिया ने कहा, बैंक निफ्टी के चार्ट संकेत देते हैं कि इंडेक्स को 55,300 पर समर्थन मिल सकता है, इससे पहले 55,000 और 54,700 स्तर पर समर्थन मिल सकता है। अगर इंडेक्स आगे बढ़ता है, तो 55,600 शुरुआती प्रमुख प्रतिरोध होगा, उसके बाद 55,900 और 56,200 स्तर प्रतिरोध होंगे।इस बीच, सेंसेक्स पैक में इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, एमएंडएम, टाइटन, एसबीआई, बजाज फाइनेंस, इटरनल, मारुति सुजुकी और पावर ग्रिड टॉप गेनर्स रहे।

जबकि अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले इंडिया, सन फार्मा और एशियन पेंट्स टॉप लूजर्स रहे।पीएल कैपिटल ग्रुप की टेक्निकल रिसर्च -वाइस प्रेसिडेंट, वैशाली पारेख ने कहा, सेंसेक्स ने 79,100 स्तर के महत्वपूर्ण 200डीएमए जोन को बनाए रखा, जहां इंडेक्स को इंट्राडे सेशन के दौरान मजबूत समर्थन मिला है। साथ ही, रुझान को बेहतर बनाने के लिए 61.8 प्रतिशत रिट्रेसमेंट स्तर की ओर एक अच्छी रैली देखी गई। उन्होंने कहा, ऊपर की ओर, आने वाले दिनों में और वृद्धि की उम्मीद करते हुए ब्रेकआउट के लिए ट्रिगर करने के लिए इंडेक्स को 80,400 के स्तर के प्रतिरोध क्षेत्र से ऊपर एक बड़े ब्रीच की जरूरत होगी।

सोने के सिक्कों-हल्के आभूषणों की रहेगी मांग

नई दिल्ली। अक्षय तृतीया पर निवेश के लिए सोना खरीदना शुभ माना जाता है। कई देशों में तनाव और टैरिफ वार के बीच सोना लगातार नए रिकॉर्ड बनाते हुए पिछले दिनों एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के ऐतिहासिक स्तर के पार पहुंच गया था। ऐसे में क्या सोने में निवेश करना सही रणनीति होगी या फिर चांदी में बनेगा पैसा? ऊंची कीमतों के बावजूद अक्षय तृतीया पर सोने की मांग अच्छी रहने की उम्मीद है।?इस बार सोने के सिक्कों और हल्के आभूषणों की मांग बढ़ सकती है। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के चेयरमैन किरीट भंसाली ने बताया, अक्षय तृतीया पर सोना और चांदी खरीदना शुभ होता है। कीमतों में उछाल के बावजूद खरीदारी का सेंटीमेंट मजबूत दिखाई दे रहा है। इसलिए मूल्य के लिहाज से इस बार सोने के सिक्कों, आभूषणों और अन्य उत्पादों की मांग 15-20 फीसदी बढ़ सकती है। हालांकि, इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के महासचिव सुरेंद्र मेहता ने बताया, रिकॉर्ड कीमतों के कारण?30 अप्रैल को मनाई जाने वाली अक्षय तृतीया पर पिछले साल जितना ही यानी 25 टन तक सोना बिक सकता है। अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा, जैसे-जैसे हम अक्षय तृतीया के करीब पहुंच रहे हैं, सोने का बाजार उत्सुकता से गुलजार हो रहा है। कुछ ग्राहक शुरुआती हिचकिचाहट दिखा सकते हैं, लेकिन सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की स्थायी अपील और भारतीय परंपराओं का अभिन्न अंग होने के कारण अक्षय तृतीया पर बिक्री में सकारात्मक वृद्धि की संभावना दिख रही है। भंसाली ने बताया, ग्राहकों में अक्षय तृतीया पर शुभ मुहूर्त में खरीदारी की धारणा मजबूत दिखाई दे रही है। हल्के आभूषणों की खरीदारी को लेकर ग्राहकों में इन्क्वायरी तेजी से बढ़ी है।

ओपनएआई ने चैटजीपीटी सर्च को लेकर पेश किए नए सुधार

नई दिल्ली। ओपनएआई ने मंगलवार को चैटजीपीटी सर्च को लेकर कई नए सुधारों को पेश करने की घोषणा की। इसमें यूजर के लिए बेहतर शॉपिंग एक्सपीरियंस को भी शामिल किया गया है। 'सर्च' चैटजीपीटी के सबसे लोकप्रिय फीचर्स में से एक है। पिछले हफ्ते में ही 1 बिलियन से अधिक वेब सर्च रिकॉर्ड किए गए हैं। सैम ऑल्टमैन द्वारा संचालित कंपनी ने कहा, चैटजीपीटी यूजर्स अब किसी प्रोडक्ट को सर्च करने से लेकर प्रोडक्ट की खरीदारी तक कर सकते हैं। इसके अलावा, यूजर्स के लिए प्रोडक्ट कंपेयर करने की सुविधा भी मौजूद है। यूजर्स के पास पर्सनलाइज्ड रिकमेंडेशन, विजुअल प्रोडक्ट डिटेल्स, प्राइसिंग, प्रोडक्ट रिव्यू और खरीदारी के डायरेक्ट लिंक की सुविधा मौजूद होगी।

कंपनी ने आगे कहा कि प्रोडक्ट से जुड़े रिजल्ट स्वतंत्र रूप से चुने जाते हैं और विज्ञापन नहीं होते हैं।

ओपनएआई ने कहा, चैटजीपीटी में व्यापार अभी भी शुरुआती चरण में है और हम व्यापारियों को अपनी यात्रा में शामिल करना जारी रखेंगे क्योंकि हम तेजी से सीखने पर ध्यान देते हैं।शॉपिंग को लेकर इन नए सुधारों को हर उस बाजार के लिए लाया जा रहा है, जहां चैटजीपीटी उपलब्ध है। इसके साथ ही यह सुविधा प्लस, प्रो, फ्री और लॉग-आउट यूजर्स के लिए लाई जा रही है। ओपनएआई के अनुसार, मेमोरी जल्द ही सर्च और शॉपिंग के साथ काम करेगी। इसका मतलब है कि चैटजीपीटी यूजर के साथ पहले हुई बातचीत से कॉन्टेक्स्ट समझने की कोशिश करेगा, ताकि यूजर के लिए बेहतर जवाब पेश कर सके। कंपनी ने कहा, यूजर का चैटजीपीटी की मेमोरी पर पूरा कंट्रोल होगा, जिसे सेटिंग में जाकर किसी भी समय अपडेट किया जा सकेगा। हम इसे कुछ ही हफ्तों में रोलआउट करने की योजना बना रहे हैं। यह ईईए, यूके, स्विटजरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन को छोड़कर सभी प्लस और प्रो यूजर्स के लिए होगा। चैटजीपीटी को व्हाट्सएप मैसेज भेजकर अप-टू-डेट जवाब पाया जा सकता है। यह सुविधा चैटजीपीटी के साथ सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध है। इसके अलावा, व्हाट्सएप इंटीग्रेशन के बारे में अधिक जानकारी ली जा सकती है और क्यूआर कोड की मदद से व्हाट्सएप कॉन्टैक्ट में चैटजीपीटी को जोड़ा जा सकता है। चैटजीपीटी अब किसी दिए गए विचार के लिए कई साइटेशन शामिल कर सकता है ताकि यूजर्स जवाबों के बारे में अधिक जानकारी ले सकें और साथ ही अलग-अलग सोर्स से जानकारियों को वेरिफाई कर सकें।

खेल

दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारत का जलवा, 13 स्वर्ण पदक अपने नाम किए

दिल्ली। टीम स्पर्धाओं में पृथा वर्तिकार, अनन्या चंदे, हार्डी पटेल और दीया ब्रम्हचारी ने नेपाल को 3-1 से हराकर अंडर-19 लड़कियों का स्वर्ण पदक जीता। प्रतीति पॉल, आरुषि नंदी, अद्रिका अरवल और तन्मयी साहा ने अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में श्रीलंका को 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत ने दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते। इस साल की युवा एशियाई चैंपियनशिप इस की क्वालीफिकेशन प्रतियोगिता में रविवार को विभिन्न श्रेणियों में भारतीय खिलाड़ियों ने दबदबा बनाया। भारतीय टीम ने अंडर-19 लड़कियों, अंडर-15 लड़कों और अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में तीन स्वर्ण पदक जीते। भारतीय खिलाड़ियों ने अंडर-19 और अंडर-15 युगल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं सहित सभी छह स्वर्ण भी पदक जीते। इसके अलावा भारत ने अंडर-19 लड़कों और लड़कियों के एकल मुकाबलों में चार स्वर्ण पदक हासिल किए। टीम स्पर्धाओं में पृथा वर्तिकार, अनन्या चंदे, हार्डी पटेल और दीया ब्रम्हचारी ने नेपाल को 3-1 से हराकर अंडर-19 लड़कियों का स्वर्ण पदक जीता। प्रतीति पॉल, आरुषि नंदी, अद्रिका अरवल और तन्मयी साहा ने अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में श्रीलंका को 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में कुशाल चोपड़ा ने साथी भारतीय आर बालामुरुगन को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता जिससे भारतीयों ने शीर्ष दो स्थान हासिल किए। अंडर-19 लड़कियों के एकल में भी शीर्ष दो स्थान भारतीयों के नाम रहे जब अनन्या चंदे ने पृथा वर्तिकार को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करना पड़ा भारी

ऋषभ पंत पर लगा 24 लाख का जुर्माना

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 45वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को मुंबई इंडियंस से 54 रनों से हार का सामना करना पड़ा. जिसके बाद वो अंक तालिका में छठे नंबर पर लुढ़क गई। जहां इस हार से लखनऊ को अंक तालिका में एक पायदान का नुकसान हुआ है वहीं कप्तान ऋषभ पंत सहित पुरी टीम पर धीमी ओवर गति की वजह से दूसरा बड़ा झटका लगा है. चूंकि यह एलएसजी का इस सीजन का ये दूसरा अपराध था, इसलिए पंत पर आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, जो न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित है।

आईपीएल ने रविवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि इस मैच के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स की प्लेइंग इलेवन के अन्य सदस्यों, जिसमें इम्पैक्ट प्लेयर भी शामिल है, पर छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत का जुर्माना लगाया जाएगा.

मैच की बात करें तो मुंबई इंडियंस ने जसप्रीत बुमराह (4-22) और ट्रेंट बोल्ट (3-20) की शानदार गेंदबाजी और रयान रिकेल्टन और सूर्यकुमार यादव ने आक्रामक अर्धशतक जड़कर लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रनों से हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। लखनऊ के लिए यह हार बहुत मुश्किल थी, क्योंकि इससे वे 2025 के आईपीएल प्लेऑफ की दौड़ में पिछड़ गए. दोनों टीमें 10 अंकों के साथ खेल में उतरीं, लेकिन मुंबई इंडियंस तीसरे स्थान पर पहुंच गई.मुंबई इंडियंस ने आखिरी बार लगातार पांच मैच 2020 में जीते थे, जब वे खिताब जीतने के लिए पूरी तरह से तैयार थे. मुंबई में एक ड्रीम सीजन की शुरुआत हो चुकी है, क्योंकि उन्होंने अपने शुरुआती पांच मैचों में केवल एक जीत के साथ सीजन की शुरुआत की और उसके बाद से शानदार वापसी की है। लखनऊ सुपर जायंट्स की स्थिति बहुत खराब है और उनका सीजन अधर में लटका हुआ है. उनके अब सिर्फ चार मैच बचे हैं और वे छठे स्थान पर हैं, लेकिन उन्हें अभी आरसीबी, जीटी और पंजाब किंग्स का सामना करना है, जिससे उन्हें प्लेऑफ में अपनी जगह बनाने का मौका मिलेगा।

छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा फैसला : 13 सेवाओं की पब्लिक सर्विस गारंटी आज से लागू

सरकारी कामकाज को मिलेगी तेज गति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रमुख विभागों की 13 सेवाओं को पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के तहत लाया गया है। इससे नागरिकों और व्यवसायियों को समय पर सेवाएं मिलेगी। इन विभागों में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, सीईसीबी, वाणिज्य और उद्योग, विधिक माप विज्ञान, नगर और ग्राम निवेश और जल संसाधन विभाग शामिल है। इस कदम से मंजूरी और अनुमति की प्रक्रिया तय समयसीमा में पूरी होगी, जिससे पारदर्शिता, कार्यक्षमता और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा।

नई व्यवस्था के तहत, इन 13 सेवाओं के लिए निर्धारित समयसीमा का पालन अनिवार्य होगा। यदि कोई विभाग समय पर सेवा प्रदान करने में विफल रहता है, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। यह प्रणाली न केवल सरकारी कामकाज को गति देगी, बल्कि नागरिकों और व्यवसायियों के बीच सरकार के प्रति विश्वास को भी मजबूत करेगी।

किन सेवाओं को मिलेगा लाभ : इस नई व्यवस्था में पर्यावरण मंजूरी, औद्योगिक लाइसेंस, माप-तौल प्रमाणन, टाउन प्लानिंग अनुमोदन और जल संसाधन से संबंधित अनुमतियां जैसी सेवाएं शामिल हैं। पहले इन सेवाओं में देरी के कारण व्यवसायियों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब तय समयसीमा के साथ यह सुनिश्चित होगा कि आवेदनों का निपटारा जल्द से जल्द हो।

निवेश और विकास आएगी तेजी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि, हमारी सरकार का लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ में हर नागरिक और व्यवसायी को सरकारी सेवाएं तेजी से और पारदर्शी तरीके से मिलें। पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के तहत 13 महत्वपूर्ण सेवाओं को शामिल करना इस दिशा में एक बड़ा कदम है। यह सुधार न केवल जवाबदेही सुनिश्चित करेगा, बल्कि राज्य में निवेश और विकास को भी नई गति देगा।

व्यवसायियों ने जताई खुशी

रायपुर अवन्ति बाई चौक के युवा व्यवसायी नान्हू अग्रवाल ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा- पहले मंजूरी के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब समयसीमा तय होने से हमारे कारोबार को गति मिलेगी। पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के तहत लाई गई यह व्यवस्था सरकारी कामकाज में जवाबदेही को बढ़ावा देगी। इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाएं सुगम होंगी, बल्कि छत्तीसगढ़ निवेश के लिए और अधिक आकर्षक बनेगा। यह कदम छोटे और मझोले उद्यमों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगा, जो समयबद्ध सेवाओं पर निर्भर रहते हैं।

प्रशासनिक सुधारों में साबित होगा मील का पत्थर

छत्तीसगढ़ सरकार का यह सुधार डिजिटलीकरण और प्रशासनिक सुधारों की दिशा में एक और मील का पत्थर है। सरकार की योजना है कि भविष्य में और सेवाओं को इस एक्ट के दायरे में लाया जाए, ताकि राज्य में हर क्षेत्र में विकास को गति मिले। इस पहल से निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ नए भारत के निर्माण में अपनी मजबूत भूमिका निभाएगा।

संक्षिप्त खबरें

गर्लफ्रेंड को मोबाइल गिफ्ट देने के लिए बना चोर, तीन आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। न्यायधानी बिलासपुर में एक युवक ने अपनी गर्लफ्रेंड को मोबाइल गिफ्ट करने की चाह में अपराध की राह पकड़ ली। युवक ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर एक अंग्रेजी प्रीमियम शराब दुकान में चोरी की साजिश रची और करीब 1 लाख रुपये नकद पर हाथ साफकर दिया। यह वारदात तारबाहर थाना क्षेत्र में 22 अप्रैल को अंजाम दी गई थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी संजू बेरिया (20 वर्ष) ने पूछताछ में कबूला कि वह अपनी गर्लफ्रेंड को मोबाइल देना चाहता था, लेकिन पैसे न होने की वजह से उसने यह कदम उठाया। चोरी की योजना बनाने के बाद, आरोपियों ने शराब पी और फिर संजू ने बाथरूम के रास्ते दुकान में घुसकर दराज से 97,800 रुपये चुरा लिए। बाद में चोरी की रकम से पार्टी की गई और संजू ने मोबाइल खरीदा। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना प्रभारी कृष्णचंद सिदार की टीम ने पुराना बस स्टैंड क्षेत्र से संजू बेरिया, धरपोंगा चतुरबेदानी (20 वर्ष) और अजित कुमार राजवाड़े उर्फगोलू (27 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। चोरी के पैसों से खरीदा गया मोबाइल भी जब्त कर लिया गया है। फिलहाल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

दंतैल ने दूसरी बार चार घरों को उजाड़ा

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले के पोड़ी-उपरोड़ा ब्लाक अंतर्गत हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। 27 अप्रैल को सुबह दुबे राम पिता हीरावन साय यादव पोड़ी खुर्द,का मकान हाथी ने तोड़ दिया। हाथी ने चार घरों को नुकसान पहुंचाया है। कौशल पिता दयाल सिंह के मकान को भी नुकसान पहुंचाया गया है। हाथियों के दल की मौजूदगी के साथ-साथ इनके द्वारा की जा रही धन हानि से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नुकसानी का उचित मुआवजा की इन्हें अपेक्षा है ताकि घर फिर से बना सकें।

हाथियों की निगरानी के लिए नई टेक्नोलॉजी रात में विचरते हुए भी साफ दिखाई देते रहेंगे

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के धरमजयगढ़ वन मंडल से हाथियों विचरण करते हुए रात का ड्रोन वीडियो सामने आया है। अब नई टेक्नोलॉजी के साथ जंगल में वन विभाग की टीम हाथियों के दल की निगरानी कर रही है। ड्रोन के थर्मल इमेज के माध्यम से हाथियों पर नजर रखा जा रहा है। पहले रात में हाथियों पर निगरानी रखने में वन विभाग को काफी दिक्कत होती थी।

वन विभाग अब नई टेक्नोलॉजी के साथ हाथियों के विचरण का सही दिशा पता कर सकती है। इस टेक्नोलॉजी के माध्यम से अब मानव हाथी द्वंद्व की घटनाओं में कमी आयेगी। धरमजयगढ़ के कोयलार ,दूलियामुडा, छिंद्रवार ,लालमटी और आमगांव के जंगलों में हाथियों का दल विचरण कर रहा है। जिले में 100 से अधिक हाथियों का दल कर रहा है। विचरण जिसकी निगरानी ड्रोन के माध्यम से की जा रही है।

गोमर्डा अभयारण्य में हाथियों की अठखेलियां

बीते सप्ताह सारंगढ़ जिले में स्थित गोमर्डा अभ्यारण्य में गर्मी के मौसम में हाथियों की मस्ती करते हुए एक सुन्दर वीडियो सामने आया था। साल 2023 से अब तक 27 हाथियों का दल गोमर्डा अभ्यारण में ठिकाना बनाए हुए है। कारण यह है कि, जंगल में भरपूर पानी और चारे की व्यवस्था है। गर्मी के दिनों में वन विभाग ने तालाबों और टंकियों को पानी से भर दिया है, जिससे हाथी और अन्य वन्यप्राणी गर्मी से राहत पा रहे हैं। गर्मी के दिनों वनविभाग वन्यजीवों के सेवा के लिए तत्पर रहता है।

बरमकेला क्षेत्र को आम लोगों के लिए किया गया बंद

हाथियों का एक झुंड तालाब में नहाता दिख रहा था। झुंड में से एक बड़ा हाथी सिर नीचे और पैर ऊपर करके नहाता दिख रहा है। वहीं दूसरे वीडियो में एक हाथी का बच्चा पानी की टंकी के पास पहुंचा और सूंड़ से पानी पीने के साथ खुद को ठंडा करता नजर आता है। फिलहाल पर्यटकों की भीड़ से जानवरों को बचाने के लिए बरमकेला क्षेत्र को आम लोगों के लिए बंद किया गया था।

विद्युत की आंख मिचौली से राजधानीवासी परेशान

■ तेज अंधड़ के साथ वर्षा होने से तापमान में गिरावट

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में दो दिनों से हो रही बेमौसम वर्षा और अंधड़ चलने के कारण विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई है। राजधानी के अनेक वार्डों में बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान हो गए हैं।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रा के अनुसार राजस्थान से उत्तर मध्य महाराष्ट्र तक एक द्रोणिका के कारण तथा विदर्भ से केरल तक एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका विस्तारित है जिसके कारण मंगलवार को राजधानी के दलदल सिवनी सहित अन्य बाहरी एवं अंदरूनी क्षेत्रों में हल्की बूंदाबादी हुई है। राजनांदगांव, पेण्ड्रारोड में भी वज्रपात एवं ओले गिरने की जानकारी है, इससे अधिकतम तापमान नीचे आ गया है। राज्य में पिछले दो दिनों से सर्वत्र अंधड़ के साथ वर्षा होने से ग्रीष्म कालीन फसल पर असर पड़ रहा है। इस समय सिंचित क्षेत्रों में किसानों ने धान की फसल लगाई है। तेज अंधड़ चलने के कारण राजधानी के पूर्व एवं पश्चित विद्युत मंडल संभागीय अभियंता कार्यालय में कई शिकायतें आई हैं।

राजधानी में अक्ति के लग्न पर होंगे अनेक शुभ कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में अक्ति के लग्न पर अनेक शुभ कार्यक्रम 30 अप्रैल को होंगे। राजधानी के प्रमुख बाजारों में गुड्डा-गुड्डी के अलावा वैवाहिक कार्यक्रमों में होने वाले सामानों की खरीददारी हो रही है।

राजधानी में अक्ति के अवसर पर अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज द्वारा भगवान परशुराम जयंती अनेक स्थानों मनाई जाएगी। पौराणिक परंपराओं के अनुसार अक्ति के शुभ मूहर्त होने के कारण बड़ी संख्या में शादियां होगी, इसके लिए शादी घर एवं टैक्सियों एवं रसोइयों की भारी डिमांड बनी हुई है। फूल वाले भी

इस समय अच्छी कमाई कर रही है। ऐसा माना जाता है कि भगवान गणेश ने भी महाभारत का लेखन शुरू किया था। वैवाहिक समारोह होने के कारण इस ट्रेन तथा बस में भारी भीड़ चल रही है। बाजार में सब्जियों का अकाल पड़ गया है। बड़ी संख्या में रिसेप्शन और गृह प्रवेश होने के कारण लोग। ब्राम्हण समाज के नितिन शर्मा ने बताया कि डंगानियां, टाटीबंध एवं रोहिणीपुरम में भगवान परशुराम की जयंती पर अनेक कार्यक्रम होंगे। 30 अप्रैल को शाम को भव्य भंडार का आयोजन किया गया है। राजधनी के आमापारा, गोल बाजार, शीतला मंदिर सहित भनपुरी एवं डंगानिया में गुड्डा-गुड्डी के बिक्री धड़ले से हो रही बच्चों द्वारा घरों को सजाया गया है। राजधानी के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में बाल विवाह रोकन के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। महिला बाल विकास अधिकारी पर्यावेक्षकों की ड्यूटी इस अवसर पर लगाई गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com